खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 25°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

नई दिल्ली, रविवार 17 अगस्त 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 135 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 22 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## राहुल गांधी ने 'वोट चोरी' पर वीडियो किया जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी को लेकर एक बार फिर चुनाव आयोग को घेरा। उन्होंने शनिवार को सोशल मीडिया पर 'लापता वोट' लिखकर एक वीडियो शेयर किया। हालांकि, इसमें चुनाव आयोग का जिक्र नहीं किया।

उन्होंने लिखा कि चोरी चोरी, चुपके चुपके अब और नहीं, जनता जाग गई है। इसके बाद कांग्रेस ने एक्स पर लिखा कि आपके वोट की चोरी, अधिकारों की चोरी है। आइए हम सब मिलकर वोट चोरी के खिलाफ आवाज उठाएं और अपने अधिकारों को बचाएं। वीडियो में एक व्यक्ति पुलिस थाने पहुंचता है। खर्राटे ले रहे पुलिसकर्मी से बोलता है। साहब. ..साहब मुझे रिपोर्ट लिखाना है। पुलिसकर्मी कहता है कि अबे यहां रिपोर्ट नहीं लिखाएगा, तो क्या करेगा। तब वह व्यक्ति कहता है कि मुझे चोरी की रिपोर्ट लिखानी है। पुलिसकर्मी कहता है, अबे क्या चोरी हो गया। व्यक्ति कहता है कि साहब.. साहब वोट चोरी हो गया है। उसका वोट चुरा लिया गया है। वह अधिकारियों से कहता है कि लाखों वोट चुराए जा रहे हैं। इससे पुलिसकर्मी यह सोच में पड़ जाते हैं कि क्या उनका वोट भी चुराया गया है। यह एक मिनट लंबा वीडियो है। एक व्यक्ति जब वोट चोरी की रिपोर्ट लिखाने आता है, तो इंस्पेक्टर चौंक कर उठ जाता है। व्यक्ति कहता है कि मेरा वोट नहीं बल्कि लाखों लोगों का वोट चोरी हुआ है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने 12 अगस्त को कहा था कि केवल एक सीट नहीं बल्कि बहुत सी सीटें हैं, जहां वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की जा रही है। यह नेशनल लेवल पर सिस्टमेटिकली किया जा रहा है। बिहार की अपडेट हुई वोटर लिस्ट में 124 साल की 'फर्स्ट टाइम' वोटर मिंता देवी के सवाल पर राहुल ने कहा कि हां, मैंने उसके बारे में सुना है। ऐसे एक नहीं, अनलिमिटेड केसेस हैं। पिक्चर अभी बाकी है।

**एक बार फिर चुनाव आयोग को घेरा, लिखा- चोरी चोरी, चुपके चुपके, अब और नहीं, जनता जाग गई**



## उप राष्ट्रपति चुनाव: NDA का उम्मीदवार आज फाइनल होगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- 21 अगस्त को नामांकन
- भाजपा की तरफ से थावरचंद गहलोत सबसे प्रबल दावेदार

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए कैंडिडेट के नाम पर 17 अगस्त को मुहर लगेगी।

एक न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक रविवार शाम 6 बजे होगी, इसमें उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार का नाम फाइनल किया जा सकता है। यह कैंडिडेट 21 अगस्त को नामांकन दाखिल करेगा। इस दौरान एनडीए शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। उधर विपक्षी गठबंधन के नेता भी उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार पर चर्चा के लिए 18 अगस्त को बैठक कर सकते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इंडिया ब्लॉक लीडर्स के साथ बातचीत कर रहे हैं।

### जेल अधीक्षक पर हमले के मामले में बरी व्यक्ति जेल में मृत मिला

**नई दिल्ली।** राजधानी की तिहाड़ जेल के एक अधिकारी पर हमले से जुड़े एक मामले में दिल्ली की तीस हजारी अदालत द्वारा हाल ही में बरी किए गए एक व्यक्ति का शव मंडोली जेल के अंदर रहस्यमय परिस्थितियों में पाया गया है। मृतक की पहचान सलमान त्यागी के रूप में हुई है। वह शुक्रवार को अपने सेल में लटका हुआ पाया गया था। जेल अधिकारियों ने इसे आत्महत्या का मामला बताया है जबकि उसके परिवार ने इस मामले में साजिश का आरोप लगाया है। घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए गए हैं। त्यागी की मौत तीस हजारी अदालत द्वारा आईपीसी की धारा 186 और 353 के तहत आरोपों से बरी किए जाने के कुछ दिनों बाद हुई है। उस पर एक लोक सेवक के काम में बाधा डालने और हमला करने को लेकर मामला दर्ज था।

### 'द बंगाल फाइल्स' के ट्रेलर लॉन्च पर हंगामा

**कोलकाता।** कोलकाता में शनिवार को फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' के ट्रेलर लॉन्च के दौरान हंगामा हो गया। कार्यक्रम एक निजी होटल में रखा गया था। फिल्म के डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री ने आरोप लगाया कि कार्यक्रम में रुकावट डाली गई और ट्रेलर लॉन्च रोक दिया गया। हम ट्रेलर न दिखा पाएं इसके लिए पुलिस आई थी। बंगाल में कुछ लोगों की राजनीतिक महत्वाकांक्षा के लिए पुलिस का इस्तेमाल किया जा रहा है।

### टैक्स प्राधिकरण के समन का पालन करना जरूरी: SC

**नई दिल्ली।** किसी करदाता को केंद्रीय या राज्य कर प्राधिकरण की ओर से जारी किए गए समन का पालन करना होगा और कारण बताओ नोटिस का जवाब देना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए यह बात कही है। आयकर अधिनियम 1961 के तहत करदाता का मलब किसी भी ऐसे व्यक्ति या संस्था से है, जिस पर अधिनियम के तहत तय कर का भुगतान करने या किसी अन्य वित्तीय प्रतिबद्धताओं का कानूनी दायित्व है।

### तमिलनाडु के मंत्री पेरियासामी के ठिकानों पर ED के छापे

**चेन्नई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने कथित धनशोधन के मामले में सत्तारुढ़ द्रमुक के वरिष्ठ नेता एवं तमिलनाडु के ग्रामीण विकास मंत्री आई पेरियासामी के डिडीगुल जिले में स्थित ठिकानों पर छापे मारे।

## पुतिन संग ट्रम्प की तीन घंटे चली बैठक, बेनतीजा

### दोनों नेताओं के बीच नहीं हुई कोई डील, 12 मिनट प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हुए रवाना

वाशिंगटन, वार्ता



- पत्रकारों के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया
- ट्रम्प ने बैठक को 10 में से 10 अंक दिए
- रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने कहा: उनके लिए रूस की सुरक्षा सबसे जरूरी

**रूसी राष्ट्रपति** पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने शुक्रवार देर रात अलास्का में मुलाकात की। उनके बीच यूक्रेन जंग खत्म करने पर करीब 3 घंटे मीटिंग हुई। इसके बाद दोनों नेताओं ने सिर्फ 12 मिनट की जाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ट्रम्प ने कहा कि मुझे लगता है कि हमारी बैठक बहुत सकारात्मक रही। हमने कई बिंदुओं पर सहमति जताई, लेकिन कोई डील नहीं हुई। कोई समझौता तभी होगा जब वह अंतिम रूप लेगा। ट्रम्प ने इस बैठक को 10 में से 10 अंक दिए। वहीं, पुतिन ने कहा कि उनके लिए रूस की सुरक्षा सबसे जरूरी है। उन्होंने अगली मीटिंग मास्को में करने का सुझाव दिया। अपनी बात कहने के बाद दोनों नेता मंच से तुरंत चले गए। वहीं, जेलेंस्की ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि उनकी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से डेढ़ घंटे बातचीत हुई। जेलेंस्की 18 अगस्त को वाशिंगटन डीसी जाकर ट्रम्प से मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा कि यूक्रेन पूरी ताकत से शांति स्थापित करने के लिए तैयार है।

### भारत ने कहा: बातचीत से ही समाधान संभव



**नई दिल्ली।** भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की अलास्का में शिखर बैठक के दौरान रूस-यूक्रेन के बीच संघर्ष विराम से संबंधित बातचीत में हुई प्रगति की सराहना करते हुए कहा है कि केवल संवाद और कूटनीति से ही समाधान संभव है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर सिंह जायसवाल ने शनिवार को कहा कि भारत अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच शिखर वार्ता का स्वागत करता है। शांति की दिशा में उनका नेतृत्व अत्यंत सराहनीय है। दोनों नेताओं के बीच बातचीत में प्रगति से यूक्रेन और रूस के बीच संघर्ष के शीघ्र समाधान की उम्मीद जताते हुए प्रवक्ता ने कहा कि भारत शिखर वार्ता में हुई प्रगति की सराहना करता है। आगे का रास्ता केवल संवाद और कूटनीति से ही निकल सकता है। दुनिया यूक्रेन में संघर्ष का शीघ्र अंत देखना चाहती है।

## किश्तवाड़ हादसा: 65 शव बरामद, 40 की हुई पहचान

### 500 से ज्यादा लोग रेस्क्यू किए गए, 200 अभी भी लापता

श्रीनगर, वार्ता

- घायलों की संख्या 180, 40 की हालत गंभीर
- सीएम उमर अब्दुल्ला पीड़ितों से मिले



**जम्मू-कश्मीर में** किश्तवाड़ जिले के चसोटी गांव में सर्च-रेस्क्यू का शनिवार को तीसरा दिन था। 14 अगस्त की दोपहर 12.25 बजे यहां बादल फटा था। इस कारण मलबे में दबने से अब तक 65 लोगों की मौत हो चुकी है। अब तक 40 शवों की पहचान की जा चुकी है। 500 से ज्यादा लोग रेस्क्यू किए गए हैं, जबकि 200 लोग अब भी लापता हैं। घायलों की संख्या 180 है, जिनमें से 40 की हालत गंभीर है। सभी घायलों को किश्तवाड़-जम्मू के अस्पतालों में भर्ती किया गया है। 75 लोगों की डिटेल उनके परिजन ने प्रशासन को दी है। रेस्क्यू में एनडीआरएफ की 3 टीमें, सेना (300+ जवान), व्हाइट नाइट कोर मेडिकल टीम, पुलिस, एसडीआरएफ और अन्य एजेंसियां रेस्क्यू में जुटी हैं। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला शनिवार को चसोटी पहुंचे। उन्होंने आपदा पीड़ितों से मुलाकात की और उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

### मुंबई में बारिश का रेड अलर्ट लैंडस्लाइड में दो लोगों की मौत


**नई दिल्ली।** मुंबई में शुक्रवार रात से तेज बारिश जारी है। विक्रोली इलाके में रात 11 बजे से सुबह 6 बजे तक 213 एमएम बारिश हुई। यहां जनकल्याण सोसाइटी के वर्षा गर इलाके में लैंडस्लाइड की वजह से दो लोगों की मौत हो गई और दो घायल हैं। शनिवार को भी मुंबई समेत महाराष्ट्र के छह जिलों में तेज बारिश का रेड अलर्ट है। हार्बर लाइन पर रेलवे ट्रैक पानी में डूबा है। सायन, वाशी, नवी मुंबई समेत कई इलाकों में करीब चार फीट तक पानी भर गया। प्रशासन ने जरूरत न होने पर घर से बाहर न निकलने को कहा है। दिल्ली में यमुना का जलस्तर 204.65 मीटर पहुंच गया, यह खतरे के निशान से ऊपर है। वहीं, बिहार के सीमांचल और पूर्वी जिलों में बाढ़ के हालात हैं। भागलपुर जिले में 6 लाख लोग इससे प्रभावित हैं। गंगा-कोसी का जलस्तर बढ़ने से फरक्का बैराज के सभी 109 गेट खोले गए। हालांकि, राज्य में सामान्य से कम बारिश हुई है। अब तक 647 एमएम सामान्य बारिश के मुकाबले सिर्फ 492 एमएम बारिश हुई है।

## NCERT सिलेबस का नया कंटेंट बना भारत विभाजन

### कांग्रेस, जिन्ना और माउंटबेटन को दोषी बताया, कंटेंट रेगुलर सिलेबस का हिस्सा नहीं

नई दिल्ली, वार्ता

- मॉड्यूल के अनुसार, 1947 और 1950 के बीच, विभाजन ने भारत की एकता को खंडित किया




**एनसीईआरटी ने** क्लास 6 से 8 और 9 से 12 के लिए 2 नए मॉड्यूल जारी किए हैं। नियमित किताबों से अलग ये मॉड्यूल्स देश के बंटवारे की विभीषिका पर आधारित हैं। इसमें मोहम्मद अली जिन्ना, कांग्रेस पार्टी और लार्ड माउंटबेटन को बंटवारे का दोषी बताया गया है।

मॉड्यूल बताता है कि जिन्ना ने बंटवारे की मांग की, कांग्रेस ने इसे स्वीकार कर लिया और माउंटबेटन ने इसे लागू कर दिया। ये जानकारी विभाजन के दोषी टॉपिक में जोड़ी गई है। मॉड्यूल में देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के एक भाषण का अंश भी शामिल किया गया है। नेहरू ने कहा था कि हम एक ऐसी स्थिति पर आ गए हैं, जहां हमें या तो विभाजन को स्वीकार करना होगा या निरंतर संघर्ष और अराजकता का सामना करना होगा। मॉड्यूल के अनुसार, 1947 और 1950 के बीच, विभाजन ने भारत की एकता को खंडित किया, शत्रुतापूर्ण सीमाएं बनाईं, सामूहिक हत्याएं और विस्थापन को बढ़ावा दिया। सांप्रदायिक अविश्वास को गहरा किया। पंजाब और बंगाल की अर्थव्यवस्थाओं को -**शेष पृष्ठ दो पर**

### कांग्रेस ने कहा: हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग ने कराया विभाजन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने देश विभाजन के बारे में राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा प्रकाशित 'विभाजन के दोषी' शीर्षक मॉडयूल पर सवाल उठाते हुए कहा है कि देश के बंटवारे के लिए हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग की 'जुगलबंदी' जिम्मेदार है और इतिहास का सबसे बड़ा खलनायक आरएसएस है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने संवाददाता सम्मेलन में एनसीईआरटी के -**शेष पृष्ठ दो पर**




**कार्यालय जिला पंचायत, सम्भल (बहजोई)**

पत्रांक 646/ जि.पं.स./मानचित्र / पं.रा.वि./2025-26 दिनांक: 11/08/2025

स्वतंत्रता दिवस-2025 की हार्दिक शुभकामनाएँ

: अपील :

जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस 2025 की हार्दिक शुभकामनाऐं देते हुए जिला पंचायत, सम्भल सर्वसाधारण से अपील करती है कि जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों (विनियमित क्षेत्र को छोड़कर) में निजी आवासों, प्लाटिंग, समस्त प्रकार के व्यवसायिक, औद्योगिक, शिक्षण संस्थान, फार्म हाउस, ग्रुप हाउसिंग, दुकानों, मार्केट इत्यादि के निर्माण से पूर्व जिला पंचायत, सम्भल से मानचित्र स्वीकृत कराना अनिवार्य है। यदि किसी व्यक्ति द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृत कराये प्लाटिंग / निर्माण कराया जाता है. तो उसे अवैध मानते हुए सम्बन्धित के विरुद्ध जिला पंचायत, सम्भल द्वारा नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी, असुविधाओं से बचने के लिए मानचित्र स्वीकृत कराने के उपरान्त ही प्लाटिंग/निर्माण कार्य करायें। साथ ही जनपद सम्भल के ग्रामीण क्षेत्रों में व्यवसाय करने वाले व्यवसाईयों से अनुरोध है कि जिला पंचायत, सम्भल के देयकों (विभव एवं सम्पत्ति कर/लाईसेन्स शुल्क, किराया आदि) का समय से भुगतान करें।

सक्षम अधिकारी
जिला पंचायत, सम्भल




**मिरगी**

घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण

- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-औं-औं की आवाज आना

अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'

M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)

- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता

मार्शल चिकित्सा केन्द्र

निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और कोच सिम्पसन का निधन

**मेलबर्न।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान और कोच बॉब सिम्पसन का शनिवार को 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में एक प्रभावशाली व्यक्ति सिम्पसन ने अपने देश के लिए 62 टेस्ट खेले और टीम के पहले पूर्णकालिक कोच के रूप में, एलन बॉर्डर और मार्क टेलर के कप्तानी कार्यकाल के दौरान 1980 और 1990 के दशक के अंत में टीम को उभरने में मदद की। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के चेयरमैन माइक बेयर्ड ने कहा कि बॉब सिम्पसन ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के महान खिलाड़ियों में से एक थे और यह उन सभी के लिए दुखद दिन है, जिन्होंने उन्हें खेलते हुए देखा है या जिन्होंने उनके कोचिंग कार्यकाल के दौरान उनसे कुछ सीखा है।

### जीएसटी को सरल बनाने पर हो चर्चा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि देश में निजी निवेश और निजी खपत कमजोर रहने से अर्थव्यवस्था की गति तेज नहीं हो सकती, इसलिए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधार कर उसे सरल तथा सूक्ष्म, लघु मध्यम उद्यम (एसएमएसई) के अनुरूप बनाया जाना चाहिए, इसलिए इस पर व्यापक चर्चा जरूरी है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को यहां एक वक्तव्य में कहा कि अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए जीएसटी में सुधार उनके घोषणा पत्र का हिस्सा रहा है और आखिरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लाल किला की प्राचीर से देश को संबोधित करते हुए इसकी याद आयी। यह देश की अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा है। पिछले डेढ़ साल से भी अधिक समय से कांग्रेस बुनियादी रूप से परिवर्तित जीएसटी 2-0 की मांग कर रही है।

# मातृ शक्ति को सम्मान दे रही डबल इंजन सरकार: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को वीरांगना अवंतीबाई लोधी की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार मातृ शक्ति के सम्मान में कई कदम उठा रही है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा की पीएम मोदी की प्रेरणा से कामकाजी महिलाओं के लिए श्रमजीवी छात्रावासों का निर्माण करवा रही है। ये छात्रावास महिलाओं के लिए काफी उपयोगी साबित होगा। मातृ शक्ति के प्रति सम्मान को लेकर यूपी सरकार कदम उठा रही है। कई तरह के रचनात्मक कार्यों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। योगी ने कहा कि अवंतीबाई लोधी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उन्होंने भारत की आज़ादी के लिए उस समय की तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए नेतृत्व किया था। उनका बलिदान हर भारतवासी के लिए एक प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि बदायूं में एक



**महिलाओं के लिए बनवा रहे श्रमजीवी छात्रावास**

नई महिला पीएसी बटालियन का गठन किया है। एक प्रतिमा की स्थापना भी की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की वीरांगनाओं को सम्मान देने के लिए केंद्र की बीजेपी सरकार और राज्य सरकार मिलकर काम कर रहे हैं। तीन नई महिला बटालियन का गठन वीरांगनाओं के नाम पर किया गया है। कार्यक्रम में शरीक होने से पहले सीएम योगी ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि स्वाधीनता संग्राम सेनानी, साहस व शौर्य की प्रतिमूर्ति, महान वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी को उनकी जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि! उन्होंने लिखा-आपका क्रांतिकारी संघर्ष, मातृभूमि के प्रति निष्ठा एवं बलिदान हमारी और आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बने रहेंगे।

### राजनीतिक साधना के प्रतीक पुरुष थे अटल: सीएम

**लखनऊ (ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अटल वाकई में राजनीतिक साधना के प्रतीक पुरुष थे। मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को लोकभवन में स्थित अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर उनके साथ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी मौजूद थे। इस दौरान योगी ने पूर्व पीएम को याद करते हुए कहा कि भारतीय राजनीति के अजातशत्रु, पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। श्रद्धेय अटल जी की छह दशकों की राजनीतिक यात्रा पूरी भारतीय राजनीति को एक नई दिशा देती है। योगी ने कहा कि उनकी पावन स्मृतियों को नमन। जननायक, भारतीय राजनीति के अजातशत्रु, राष्ट्रधर्म के निर्भीक प्रहरी, पूर्व प्रधानमंत्री, 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने कहा कि वे भारतीय राजनीति में शुचिता के शिल्पकार, संवाद में सौम्यता तथा संयम के स्वर, राष्ट्रनीति में नैतिकता और राष्ट्रधर्म के ध्वजवाहक थे। श्रद्धेय अटल जी सच्चे अर्थों में राजनीतिक साधना के प्रतीक पुरुष थे। गौरतलब है कि इससे पहले उन्होंने शनिवार को वीरांगना अवंतीबाई लोधी की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार मातृ शक्ति के सम्मान में कई कदम उठा रही है।

# कांग्रेस ने भाजपा को मतदाता संघ व उपराष्ट्रपति चुनाव पर घेरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी को मतदाता सूची, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उपराष्ट्रपति चुनाव पर घेरते हुए कहा कि उनकी पार्टी के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जब-जब यात्रा शुरू की लोकतंत्र ने करवट ली है और इस बार बिहार में वोटर अधिकार यात्रा शुरू की जा रही है, इसलिए वहां बदलाव आएगा।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने मतदाता सूची मामले में भाजपा को घेरते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय स्वयं संघ (आरएसएस) का नाम लेने पर, उपराष्ट्रपति चुनाव और पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के



गायब होने को लेकर भी घेरा। खेड़ा ने बिहार में वोटर अधिकार यात्रा की आधिकारिक जानकारी देते हुए कहा कि गांधी की वोटर अधिकार यात्रा रविवार से बिहार की सासाराम में शुरू हो रही है, जो 16 दिन में 1300 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। उनका कहना था कि यह बिहार में परिवर्तन की यात्रा होगी। उन्होंने लोगों से बड़ी संख्या में यात्रा से जुड़ने का आह्वान किया और यह यात्रा बिहार में बदलाव लाने वाली यात्रा साबित होगी। उन्होंने कहा कि जब भी राहुल गांधी जी यात्रा के लिए निकले हैं, इस देश के लोकतंत्र ने करवट ली है।

# गणशेखरन ने जीता डब्ल्यूटेटे फीडर विएंतियाने पुरुष एकल का खिताब

**विएंतियाने।** भारत के सत्यन गणशेखरन ने डब्ल्यूटेटे फीडर विएंतियाने 2025 टेबल टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल मुक. ाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराकर पुरुष एकल खिताब जीता।

लाओस के आईटीईसीसी मॉल में शुक्रवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में विश्व रैंकिंग में 99वें स्थान पर काबिज भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी ने फाइनल में जापान के विश्व नंबर 95 रयोइची योशियामा को 3-0 (11-4, 11-6, 12-10) से हराया। यह मुकाबला सिर्फ 25 मिनट तक चला। टूर्नामेंट की शुरुआत में दूसरे वरीयता प्राप्त जी- सत्यन ने पहले राउंड में लाओस के वाइल्डकार्ड खिलाड़ी अनाने वोंगसा को 3-0 (11-5, 11-4, 11-7) से हराया। इसके बाद उन्होंने सिंगा. पुर के ली एल्सवर्थ को 3-1 (3-11, 11-2, 11-7, 11-7) और हमवतन अक्ष पॉल को कड़े मुकाबले में 3-2 (11-9, 11-4, 4-11, 10-12, 11-8) से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में सत्यन ने हांगकांग के क्वान टो यिउ को 3-0 (11-3, 11-5, 12-10) से मात दी। चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने प्री-क्वार्टरफाइनल में हांगकांग के यिक मैन पाउ और चुन कित चोय को 3-2 (14-12, 10-21, 11-5, 6-11, 11-6) से हराया। क्वार्टरफाइनल में उन्होंने सऊदी अरब के ओलंपियन अली अलखद्रावी और अब्दुलअजीज बु शुलैबी को 3-2 (8-11, 11-9, 11-5, 8-11, 11-7) से मात दी। वहीं सेमीफाइनल में उन्हें हांगकांग के मैन हो क्वान और हॉन मिंग ली को मात दी।

## यूपी के 20 जिलों में बाढ़: फर्रुखाबाद में गर्भवती ने नाव पर तोड़ा दम

# बाढ़ का पानी गांवों में घुसा, आमजन बेहाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी में गंगा और यमुना समेत कई नदियों के उफान से 20 जिलों में हालात खराब हो गए हैं। कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं और बाढ़ का पानी गांवों में घुस गया है। फर्रुखाबाद जिले में बाढ़ से 3 तहसीलों के करीब 50 गांव प्रभावित हैं. यहां एनडीआरएफ और फ्लैट पीएससी की टीमें तैनात हैं। प्रशासन लगातार जल स्तर पर नजर बनाए हुए हैं। बाढ़ में कई बीघा फसल डूब चुकी हैं, आम जनजीवन बेहाल है। इसके अलावा लखीमपुर खीरी में बाढ़ का प्रकोप जारी है। बीते दिन एक मंदिर शारदा नदी के कटाव में समा गया।



पीलीभीत की देवहा नदी में 51000 क्यूसेक पानी छोड़े जाने से नदी उफान पर है। निचले इलाकों में आंशिक रूप से जलभराव के मामले बीच सामने आ रहे हैं। नदी में लगातार बढ़ता जलस्तर देखकर प्रशासनिक टीम अलर्ट मोड पर हैं। निचले इलाकों में जाकर लोगों को अनाउंसमेंट कर जागरूक किया जा रहा है। लोगों को सतर्क रहने के साथ-साथ ऊंचे स्थानों पर जाने की अपील की जा रही है। दरअसल पीलीभीत शहर के करीब से होकर गुजरने वाली देवहा नदी में 40000 क्यूसेक से ऊपर पानी जब भी छोड़ जाता है, तब यह नदी उफान पर आ जाती है। पीलीभीत के हजारा थाना क्षेत्र में बहने वाली शारदा नदी में भी पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश का असर देखा जा रहा है। इस नदी में भी 2 लाख क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया है, जिसके कारण नदी का जलस्तर बढ़ गया है। नदी ने कटान कर अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। नदी किनारे बसे राहुल नगर कबीरगंज समेत कई गांव के लोग लगातार हो रहे कटान को देखकर भयभीत हैं।

### आज वेस्ट यूपी में भारी वर्षा की चेतावनी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के भारतीय मौसम विज्ञान विभाग लखनऊ केंद्र ने आज रविवार 17 अगस्त के लिए राज्य में बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। इस पूर्वानुमान के अनुसार, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है, जिसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। लोगों को सलाह दी गई है कि वे खराब मौसम के दौरान सुरक्षित रहें और वज्रपात की घटनाओं से बचने के लिए एहतियात बरतें। मौसम विभाग ने सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, बिजनौर, मुरादाबाद, संभल, हापुड़ और रामपुर के आसपास के इलाकों में भारी बारिश का अनुमान जताया है, जबकि सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, आगरा, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, संभल, बदायूं और ललितपुर के आसपास के इलाकों में गरज-चमक के साथ बारिश और वज्रपात की संभावना है।



सेंसेक्स 80539.91
निफ्टी 24619.35



सोना रु. 100023
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 114933
प्रति किलो



# भारत को अमेरिका के जवाब में करने चाहिए बाजार विविधीकरण के समझौते: विश्लेषक

**नई दिल्ली।** विश्लेषकों का कहना है कि भारत को हिंद महासागर तटीय एसोसिएशन के देशों के साथ अपनी मजबूत पहल पर आधारित मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) करने का साहिक कदम उठाना चाहिए और 'क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी' (आरसीईपी) तथा 'प्रशांतपारीय भागीदारी के लिए व्यापक एवं प्रगतिशील समझौते' (सीपीटीपीपी) जैसे प्रमुख क्षेत्रीय व्यापार समूहों की सदस्यता प्राप्त करनी चाहिए।

विश्लेषकों की राय है कि इससे न केवल भारत का व्यापारिक दायरा बढ़ेगा, बल्कि ष्रणनीतिक स्वायत्तताष के प्रति देश की स्पष्ट प्रतिबद्धता का भी संदेश जाएगा, जिससे भारत अपनी शर्तों पर बदलते भू-राजनीतिक समीकरणों को संभाल सकेगा। यह विचार ऐसे समय में आया है, जब

**भारत अपनी शर्तों पर बदलते भूराजनीतिक समीकरणों को संभाल सकेगा**

भारत पर अमेरिका ने सात अगस्त से 25 प्रतिशत आयात शुल्क और रूसी तेल खरीदने के कारण 27 अगस्त से प्रभावी 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को अलास्का में रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के साथ यूक्रेन में शांति के मुद्दे पर बैठक की। ट्रम्प ने बातचीत से पहले कहा कि उन्होंने (रूस ने) अपने तेल ग्राहक भारत को खो दिया है, जो (उसका) 40 प्रतिशत तेल खरीद रहा था। चीन (अब भी) बहुत अधिक खरीद कर रहा है। अगर मैंने (भारत पर) पहले के बाद दूसरा शुल्क लगाया तो यह विनाशकारी होगा, लेकिन यदि मुझे लगाना पड़ा, तो मैं लगाऊंगा, शायद मुझे लगाना ही न पड़े। भारत के पूर्व राजदूत अनिल त्रिगुणायत ने व्यापार समझौते के लिए चल रही बातचीत के बीच अमेरिकी शुल्कों को 'पूरी तरह अनुचित, बेतुके और अतार्किक' बताया। रूसी तेल का बहाना बिल्कुल चलने लायक नहीं है। यूरोपीय संघ, चीन और यहां तक कि अमेरिका भी रूसी युद्ध मशीनरी में धन का ईंधन डाल रहे हैं। अपने हित के लिए ये सभी देश रूस से गैस और दुर्लभ मृदाओं का आयात बढ़ा रहे हैं। रूसी कच्चे तेल के व्यापार पर 'प्रतिबंध नहीं है', केवल कीमतों पर अधिकतम सीमा लगाई गई है और अमेरिका ने बार-बार स्वीकार किया है कि भारत की खरीद ने वैश्विक तेल बाजारों को स्थिर करने में मदद की है, साथ ही यूरोप और अमे. रिका को परिष्कृत उत्पादों की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की है।

### इस सप्ताह 919 सस्ता हुआ सोना चांदी की कीमत 201 बढ़ी

**नई दिल्ली।** इस सप्ताह सोने के दाम में गिरावट रही, जबकि चांदी महंगी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार इस हफ्ते के कारोबार के बाद 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 919 रुपए घटकर 1,00,023 रुपए पर पहुंच गया। पिछले हफ्ते के आखिरी दिन शुक्रवार को यह 1,00,942 रुपए प्रति 10 ग्राम था। चांदी की कीमत हफ्तेभर में 201 रुपए बढ़कर 1,14,933 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। आबुजेए के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 74 रुपए कम होकर 1,00,023 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया। चांदी की कीमत शनिवार को 342 रुपए कम होकर 1,14,933 रुपए प्रति किलो हो गई है। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,015,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,015,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 थी, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 रही, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 रही।

# यूपी में सालाना फास्टैग की सुविधा शुरू 3000 देकर 200 बार पार कर सकेंगे टोल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** सालाना फास्टैग की सुविधा 15 अगस्त की आधी रात से शुरू हो गई है। वार्षिक फास्टैग से एक साल में 200 बार टोल प्लाजा से निकला जा सकता है। यदि 365 दिन से पहले 200 बार टोल पार कर लिया, तो फास्टैग को दोबारा रिचार्ज कराना पड़ेगा। यह सुविधा निजी चार पहिया वाहनों को ही मिलेगी।

टोलप्लाजा कर्मियों को इसका प्रशिक्षण भी दिया गया। लखनऊ शहर के आसपास के टोल से औसतन 15000 कारें, जीप, वैन निकलती हैं। इनमें से लगभग एक हजार चार पहिया वाहन टैक्सी कोटे के और शेष निजी वाहन होते हैं। कमोबेश इतने ही इन श्रेणियों के निजी वाहन कानपुर -प्रयागराज राजमार्ग, कानपुर-सागर राजमार्ग, कानपुर-लखनऊ राजमार्ग से निकलते हैं। चेचिस



नंबर से फास्टैग बनवाने वालों को गाड़ी नंबर दर्ज कराना अनिवार्य होगा। जिनमें यह नंबर नहीं है, उन्हें वार्षिक फास्टैग की सुविधा नहीं मिलेगी। एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर पंकज यादव ने बताया कि निजी वाहन मालिक राजमार्ग यात्र एप से अभी वार्षिक फास्टैग की प्री बुकिंग करा सकेंगे। उनके फास्टैग 15 अगस्त को रात 12 बजते ही एक्टिवेट हो गया। एक बार टोल प्लाजा क्रॉस करते ही वाहन मालिक के पास इसका मैसेज और शेष सुविधा की जानकारी एसएमएस से मिल जाएगी। वार्षिक फास्टैग निजी वाहन की विंड शील्ड पर चिपकाना अनिवार्य है। ऐसा न करने पर उसे ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

### NCERT सिलेबस

तबाह कर दिया। जम्मू-कश्मीर को सामाजिक, आर्थिक और जनसंख्या के तौर पर पतन के रास्ते पर डाल दिया। यह बाद में आतंकवाद के कारण और भी बदतर हो गया। एनसीईआरटीके स्पेशल मॉड्यूल कोर्स का हिस्सा नहीं होते, ये सप्लीमेंट्री मटेरियल होता है, जो कोई खास टॉपिक बच्चों को समझाने के लिए तैयार किया जाता है। इसे पोस्टर्स, चर्चाओं और वाद-विवाद के द्वारा बच्चों को पढ़ाया जाता है। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर को भी स्पेशल मॉड्यूल में जोड़ा गया था। स्पेशल मॉड्यूल की प्रस्तावना में पीएम नरेंद्र मोदी के शब्दों को भी शामिल किया गया है। मोदी ने कहा था कि बंटवारे के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

हमारी लाखों बहनें और भाई विस्थापित हो गए और लोगों की नासमझी और नफरती हिंसा के कारण कई जानें गईं। संघर्षों और बलिदान की याद में हमारे लोग 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाएंगे। हाल ही में एनसीईआरटी कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की किताब में मुगल शासकों के धार्मिक फैसले, सांस्कृतिक योगदान और क्रूरता की नई व्याख्या की गई है। ये किताब 2025-26 एकेडमिक सेशन से ही स्कूलों में लागू होगी। किताब में बनारस, मथुरा और सोमनाथ में मंदिरों को तोड़ने और जैन, सिख, सूफी और पारसी समुदायों पर अत्याचार की घटनाओं का भी जिक्र है। इस बारे में एनसीईआरटी के एक अधिकारी ने कहा कि इतिहास की घटनाओं को मिटाया या नकारा नहीं जा सकता, लेकिन आज किसी को उनके लिए दोषी ठहराना गलत होगा। सत्ता की लालसा, अत्याचार या गलत महत्वाकांक्षाओं की शुरुआत को समझना ही ऐसा भविष्य बनाने का सही तरीका है, जहां ये घटनाएं दोबारा न हों।

**कांग्रेस ने कहा:**

14 अगस्त को जारी उस मॉड्यूल पर कहा कि इसमें 1938 की तारीख का जिक्र है या नहीं है। बंटवारे के इतिहास में 1938 बहुत महत्वपूर्ण तारीख है। इस वर्ष गुजरात में साबरमती के किनारे हिंदू महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ था, जिसमें ये स्पष्ट तौर से कहा गया था कि हिंदू और मुसलमान एक देश में नहीं रह सकते। उन्होंने कहा कि 1940, क्या यह है मॉड्यूल में। 1940 में इस जुगलबंदी को आगे बढ़ते हुए मुस्लिम लीग के लाहौर अधिवेशन में जिन्ना ने यही बात दोहराई थी। श्री खेड़ा ने कहा कि मैं दावे के साथ कह सकता हूं, 'इसमें) 1942 की भी ये तारीख भी नहीं लिखी होगी, जब हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग की मिल. ीजुली सरकार बनी थी। उस समय कांग्रेस ने तमाम प्रांतीय विधानसभाओं से इस्तीफा देकर सड़क पर उतरने के लिए भारत छोड़ो आंदोलन का आह्वान किया था। उस वक्त हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग ने गठजोड़ किया, गठबंधन किया, सरकारें बनाई एनडब्ल्यूएफपी में, बंगाल में, सिंध में और सिध की विधानसभा में विभाजन का प्रस्ताव पारित हुआ था। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि उस समय गठबंधन की सरकार थी हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग की थी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

**स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है**
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

**काम कोर्स उदास क्यों?**
शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

**Cipzer**
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

**वैधानिक सूचना**
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# दिल्ली -एनसीआर निवासियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली। शाह टाइम्स संवाददाता** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की राजधानी को 'विकसित दिल्ली' बनाने में पूर्ण गंभीरता से सहयोग कर रहे हैं। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री यूईआर-२ (अर्बन एक्सटेंशन रोड-II) का उद्घाटन करने जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने इस प्रोजेक्ट के लिए प्रधानंत्री जी का आभार व्यक्त किया है और कहा है कि इस परियोजना के शुरू होने से दिल्ली को जाम मुक्त बनाने और एनसीआर में कनेक्टिविटी बेहतर करने में मदद मिलेगी। यह कॉरिडोर प्रदूषण कम करने और पर्यावरण को बेहतर बनाने में भी योगदान देगा। मुख्यमंत्री का यह भी कहना है कि यूईआर-२ दिल्ली के बुनियादी ढांचे के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना है, जो न केवल यातायात को सुगम बनाएगी बल्कि दिल्ली और एनसीआर के निवासियों के जीवन स्तर को भी बेहतर बनाएगी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिन में वरिष्ठ अधिकारियों व पार्टी नेताओं के साथ उद्घाटन स्थल व आसपास जाकर तैयारियों का निरीक्षण किया और जरूरी निर्देश जारी किए। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रोहिणी, सैक्टर-३७ में अर्बन एक्सटेंशन रोड-२ का उद्घाटन राजधानी को विकसित दिल्ली बनाने की कड़ी में एक और बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री जी इस दौरान रोड शो भी करेंगे और जनसभा को भी संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री का कहना है कि यूईआर-२ के शुरू होने से दिल्ली को एक बड़ी सुविधा मिलने जा रही है। यह कॉरिडोर राष्ट्रीय राजमार्ग- ४४ (अलीपुर) से शुरू होकर मुंडका, बक्करवाला, नजफगढ़ और द्वारका होते हुए महिपालपुर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग- ४८ पर समाप्त होगा।

**■ अब सिंघू बॉर्डर से आईजीआई एयरपोर्ट से मात्र 40 मिनट में पहुंचा जा सकेगा, जबकि पहले करीब दो घंटे लगते थे**

इसकी सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक यह है कि अब सिंघू बॉर्डर से आईजीआई एयरपोर्ट से मात्र ४० मिनट में पहुंचा जा सकेगा, जबकि पहले करीब दो घंटे लगते थे। इसके शुरू होने से इनर व आउटर रिंग रोड पर वाहनों का दबाव कम होगा और प्रमुख चौराहों जैसे मुक. रबा चौक, मधुबन चौक, पीरागढी चौक, धौला कुआं, एनएच-९ पर जाम की स्थिति नहीं बनेगी। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि यूईआर-२ के शुरू होने से दिल्ली, गुरुग्राम और अन्य एनसीआर क्षेत्रों के लोगों के लिए चंडीगढ़, पंजाब और जम्मू-कश्मीर की यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यह भी जानकारी दी कि यूईआर-२ दिल्ली-एनसीआर में कनेक्टविटी को और बेहतर करेगा। उसका कारण यह है कि यह प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों को जोड़ेगा, जिनमें एनएच-४४ (अलीपुर), एनएच-९ (बहादुरगढ़) और एनएच-४८ (महिपालपुर) शामिल हैं।

इस प्रोजेक्ट के शुरू होने से औद्योगिक और लॉजिस्टिक कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी। यह सोनीपत और बहादुरगढ़ के औद्योगिक क्षेत्र में लिंक रोड से जुड़ेगा, इससे उद्योग में तो बढ़ावा होगा ही साथ ही दिल्ली-एनसीआर में माल की आवाजाही तेजी से होगी। इसका अन्य लाभ यह भी होगा कि दिल्ली और एनसीआर में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री का यह भी कहना है कि यूईआर-२ प्रदूषण को भी कम करेगा और पर्यावरण को बेहतर बनाने में अपना रोल अदा करेगा। यातायात में कमी और वाहनों की सुचारू आवाजाही से ईंधन की खपत कम होगी और वायु प्रदूषण के स्तर में भी कमी आएगी।

# नाले में गिरे बच्चे का एक दिन बाद मिला शव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस पर जब पूरा देश आजादी के जश्न में डूबा था, तब एक परिवार का नौनिहाल की नाले में गिरने से मौत हो गयी, शुक्रवार को नाला खुला होने की वजह से यह 6 साल का बच्चा नाले में गिरा था, उसे शनिवार को खोजा जा सका स परिवार का आरोप है जहां बच्चा गिरा था वहां सड़क पर रौशनी की व्यवस्था नहीं थी जिस वजह से बच्चे को शुक्रवार को नहीं ढूंढा जा सका, अगर शुक्रवार को बच्चा मिल जाता तो शायद उसकी जान बच सकती थी स शनिवार को बच्चे का पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

मृतक बच्चे की पहचान अदनान (६) के रूप में हुई है, वह अपने माता- पिता ओर चार भाई - बहनो के साथ ए-८३, लकड़ी मार्किट के पास, वेलकम में रहता था ओर नर्सरी में पड़ता था स शुक्रवार की शाम वह अपने दोस्तों के साथ छत पर पतंग उड़ा रहा था, अचानक वह छत से उतरकर सड़क पर चला गया ओर अचानक उसका पैर फिसला ओर वह नाले में जा गिरा स उसे नाले में गिरता देख लोगो ने शोर मचाया, शोर सुनकर उसके परिवार के लोग मौके पर पहुंचे ओर मामले की सूचना पुलिस को दी स सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ओर गोताखोरों ने उसे काफी समय तक ढूंढा पर वह नहीं मिला स वहां रौशनी की सही व्यवस्था न होने की वजह से शुक्रवार को उसकी उसकी खोज रोक दी गयी।

शनिवार सुबह गोताखोरो ने करीब ८. ३० बजे उसका शव खोजकर निकला स बोट क्लब इंचार्ज हरीश कुमार ने बताया जहां बच्चा गिरा था वहां काफी कांच पड़ा हुआ था, ओर रौशनी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी, बच्चे को ढूंढते समय दो गोताखोरों के पैरों में कांच लगने से वह जख्मी हो गए थे स जिस वजह से शुक्रवार को बच्चे की खोज रोकी गयी थी स शनिवार सुबह बच्चे का शव निकला गया।

# चार साल की बच्ची के साथ बलात्कार के मामले में भगोड़ा धरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने त्रिलोकपुरी में चार साल की बच्ची के साथ बलात्कार के मामले में वांछित को गिरफ्तार किया है।आरोपी को मामले में कठोर आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। आरोपी पिछले डेढ़ साल से, पश्चिम बंगाल में मिस्त्री के रूप में गुप्त रूप से रह रहा था।

दिल्ली के अपराध शाखा,पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि एक चार साल की बच्ची के अपहरण के खिलाफ त्रिलोकपुरी,थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। इसके बाद उसके साथ बलात्कार किया गया। आरोपी दुलीचंद (४९) को उपरोक्त मामले में गिरफ्तार किया गया मुकदमे के दौरान उसे जुर्माने के साथ आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। वह तिहाड़ जेल में सजा काट रहा था। नवंबर २०२३ में उसे तिहाड़ जेल प्राधिकरण से दो सप्ताह की छुट्टी मिली थी, लेकिन उसने समय पर आत्मसमर्पण नहीं किया और तब से वह फरार था। इसके बाद अपराध शाखा की टीम को पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में आरोपी की गतिविधियों का संकेत मिला। परिणामस्वरूप, तकनीकी निगरानी तेज कर दी गई। तकनीकी विश्लेषण से यह पुष्टि हुई कि आरोपी कड़ा रोड, दुर्गापुर, पश्चिम बंगाल में रह रहा है। इसके बाद एसीपी यशपाल सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर उमेश राणा के नेतृत्व में एसआई इंद्रवीर सिंह,एएसआई अश्विनी और सोमनाथ की टीम ने आरोपी को कड़ा रोड, दुर्गापुर, पश्चिम बंगाल स्थित एक किराए के मकान से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस पुछताछ मे पता चला कि आरोपी पिछले डेढ़ साल से पश्चिम बंगाल में एक काल्पनिक किराए के मकान में संतोष मिस्त्री के नाम से रह रहा था।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता वरिष्ठ अधिकारियों व पार्टी नेताओं के साथ यूईआर-2 का निरीक्षण करती हुईं।

## एक नजर

### जन्माष्टमी की धूम, मंदिरों में उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** देशभर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही है। दिल्ली में मंदिर और चौक-चौहारे जन्माष्टमी के भव्य उत्सव के लिए सजाए गए हैं। भक्तों की भीड़ मंदिरों में देखी जा रही है। इस्कॉन मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी समारोह में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं।

### द बंगाल फाइल्स का ट्रेलर हुआ रिलीज

**नई दिल्ली।** विवेक रंजन अग्निहोत्री, अभिषेक अग्रवाल और पल्लवी जोशी द्वारा निर्मित द बंगाल फाइल्स का ट्रेलर रिलीज हो गया है और यह फुसफुसाता नहीं, बल्कि दहाड़ता है।इस फिल्म का निर्देशन विवेक रंजन अग्निहोत्री ने किया है, जो द कश्मीर फाइल्स के पीछे के फिल्ममेकर हैं। यह नई फिल्म भारत की अब तक की सबसे साहसी फिल्म बनने का वादा करती है। अगर कश्मीर ने आपको झकझोर दिया, तो बंगाल आपको डराएगा! पश्चिम बंगाल के खूनी और हिंसक राजनीतिक अतीत की पृष्ठभूमि में सेट, द बंगाल फाइल्स उन सवालों को उठाने की हिम्मत करती है, जिनका जवाब कोई देने की हिम्मत नहीं करता। ट्रेलर के सबसे चौंकाने वाले पल में एक आवाज चुप्पी को तोड़ती है, "यह पश्चिम बंगाल है, यहाँ दो संविधान चलते हैं, एक हिंदुओं का, एक मुसलमानों का।" एक और किरदार सख्त इरादे के साथ कहता है, "सिर्फ जमीन का टुकड़ा नहीं, भारत का लाइट हाउस है बंगाल।"

### आपसी एकता के बल पर ही होगा देश का संपूर्ण विकास: ताहिर सिद्दीकी



**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में समाजसेवी संस्थाओं और राजनीतिक संगठनों द्वारा तिरंगा यात्राएं एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में सर्व समाज राष्ट्रीय महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ताहिर सिद्दीकी के नेतृत्व में अंसारी रोड, दरियागंज स्थित शबनम विला में ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में ऑल इंडिया इमाम ऑर्गनाइजेशन के चीफ इमाम डॉ. उमेर इलयासी, दरगाह हजरत निजामुद्दीन औलिया के चीफ इंचार्ज सैयद काशिफ अली निजामी, पूर्व मंत्री दिल्ली सरकार व विधायक इमरान हुसैन, बंगला साहिब गुरुद्वारे के ग्रंथी परमजीत सिंह चंधोक, खान मार्केट एसोसिएशन के प्रमुख संजीव मेहरा, कैट के चेयरमैन सुशील गोयल तथा कैट के पदाधिकारी राजकुमार बिंदल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।इस मौकध्े ताहिर सिद्दीकध्ी ने कहा कि जिस तरह देश को आजाद कराने में सभी धर्म संप्रदाय के लोगों की भागीदारी रही उसी तरह देश के सम्पूर्ण विकास के लिए आपसी एकता बेहद जरूरी है। ध्वजारोहण के पश्चात डॉ. उमेर इलयासी ने उपस्थित जनसमूह को एकता, भाईचारे और देशभक्ति की शपथ दिलाई। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इसमें विभिन्न धर्मों एवं समुदायों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। आयोजन की सफलता में डॉ. मुश्ताक अंसारी, नियाज मंसूरी, राहत खान, हाजी इरफान कुरैशी, नवेद खान और मेहर चंद प्रेमी का विशेष योगदान रहा।

# धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस का उत्सव इस साल पूरे देश में बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। इंद्रदेव की अतिवृष्टि और अनावृष्टि के बीच कई जगहों पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। नजफगढ़ द्वारका क्षेत्र स्थित आर डब्ल्यू ए , श्याम विहार फेस 2, ने बच्चों का अदभुत कार्यक्रम पेश कर राष्ट्र के प्रति अपनी कृतज्ञता जताई और वहां मौजूद लोगों का भरपूर मनोरंजन किया।

इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए आर डब्ल्यू ए अध्यक्ष व पूर्व सैनिक लक्ष्मण सिंह राणा ने कहा कि आजादी के 79 साल बीतने के बाद भी हमें आंतरिक खतरों का डर सता रहा है लेकिन चिंता की कोई बात नहीं, जब तक इस देश के प्रधान मंत्री मोदी जी है भारतीयों का कोई बाल बांका नहीं कर सकता। अब हिन्दू भी जाग चुका है और अपने अधिकार के प्रति सचेत हो चुका है। उन्होंने आगे कहा कि हम बुद्ध के संतान है युद्ध नहीं चाहते लेकिन अगर हम पर बाह्य या आंतरिक युद्ध थोपा गया तो पूर्व सैनिक हाथ पर हाथ रख कर नहीं बैठने वाले, इस लिए हमारा आर डब्ल्यू ए भावी पीढ़ी के लिए सतर्क है और उन्हें हर जरूरी शिक्षा उपलब्ध कराने की को. शिश कर रहा है। सैकड़ों सदस्यों की मौजूदगी के बीच ठीक १० बजे सुबह



आर डब्ल्यू ए प्रांगण में अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह राणा ने कॉलोनी के कुछ वरिष्ठ लोगों के साथ झंडोत्तोलन किया। इसके बाद वहां उपस्थित सभी बुजुर्गों और महिलाओं का माल्यार्पण कर सम्मान किया।

गहरी मानवता का परिचय देते हुए एमसीडी के कोआर्डिनेटर अमित चौहान, सफाई कर्मचारियों में रमेश, प्रवीण , अमित ,तिलकराज व पवन को उनकी विशिष्ट कार्यों के लिए मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। आर डब्ल्यू ए की मैनेजिंग कमेटी ने बच्चों के उनके अदभुत कार्यक्रम के लिए उन्हें और उनके कोच विशाखा भदौरिया , संजना श्रीवास्तव, जाह्नवी राणा और रक्षिता पाण्डेय को भी सम्मान

# मंडोली जेल में गैंगस्टर ने की सुसाइड



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली की मंडोली जेल में शनिवार सुबह एक गैंगस्टर ने खुदकुशी कर ली स इस गैंगस्टर पर रंगदारी, हत्या, आर्म्स एक्ट के दर्जनों मामले दर्ज थे। फिलहाल उसे मकोका के तहत सजा होने पर मंडोली जेल में रखा गया था स परिवार वालो ने बताया जल्दी ही पेरोल पर वह बाहर आने वाला था। फिलहाल यह जांच का विषय है कि इसने आत्महत्या की है या इसकी हत्या की गयी है।

जेल प्रशासन के अनुसार सलमान त्यागी (३०) मंडोली की जेल न-१५ में बंद था स शनिवार सुबह इसे चादर से लटका हुआ पाया गया था, जिसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद जीटीबी मोर्चरी पहुंचे उसके परिवार कर सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था, उसकी पत्नी निशा का कहना था कि जल्दी ही वह पेरोल पर बाहर आने वाला था, उसकी मौत की जांच होनी चाहिए कि उसने आत्महत्या की है या उसकी हत्या की गयी है।

बताया जा रहा है सलमान पहले नीरज बावनिया के साथ जुड़ा हुआ था, कुछ दिनों पहले ही लॉरेंस बिश्नोई के साथ जुड़ गया था।

पिछली साल दो कारोबारियों से रंगदारी मांगने के लिए उनपर गोलियां चली थी जिसमे भी इसका नाम आया था, इस मामले में क्राइम ब्रांच ने दो शार्प शूटर दीपांशु ओर मोईनुद्दीन को गिरफ्तार किया था स पश्चिमी दिल्ली में सलमान त्यागी नामी गैंगस्टर था।



79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष्य में, दिल्ली पुलिस मुख्यालय में दिल्ली पुलिस आयुक्त एस.बी.के. सिंह तिरंगा फहराकर सलामी देते हुए।

# दिल्ली पुलिस आयुक्त ने 79वें स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा फहराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष्य में, दिल्ली पुलिस मुख्यालय में दिल्ली पुलिस आयुक्त एस.बी.के. सिंह द्वारा तिरंगा फहराया गया।

इस मौके पर दिल्ली पुलिस आयुक्त ने दिल्ली पुलिस के अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवारों को बधाई दी और चुनौतीपूर्ण, घटना-रहित, स्वतंत्रता दिवस सुरक्षा व्यवस्था को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए पुलिस कर्मियों की प्रशंसा भी की।इस अवसर पर दिल्ली पुलिस आयुक्त एस.बी. के. सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाल किले से दिए गए भाषण के बारे में बात की और तीन बिंद. ुओं : आत्मनिर्भरता, प्रौद्योगिकी का उपयोग और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा,पर प्रकाश डाला जिन्हें दिल्ली पुलिस द्वारा मिशन मोड में लागू करने की आवश्यकता है।दिल्ली पुलिस आयुक्त ने दिल्ली पुलिस इकाइयों को आत्मनिर्भरता पहलू पर काम करने और १५ दिनों के भीतर एक प्रस्ताव लाने का निर्देश दिया है। इसका उद्देश्य दिल्ली पुलिस को अधिक से अधिक मोर्चों पर आत्मनिर्भर बनाना है ताकि कमांडो, बम निरोधक दस्ते, वायरलेस सेट आदि जैसी चीजों के लिए अन्य इकाइयों पर हमारी निर्भरता कम हो।प्रौद्योगिकी का उपयोग पर बोलते हुए, पुलिस आयुक्त ने कहा कि, हालांकि दिल्ली पुलिस हमेशा से तकनीक का सर्वोत्तम उपयोग करती रही है और हम इस मोर्चे पर काफी आगे हैं, फिर भी और आगे बढ़ने की आवश्यकता है। दिल्ली पुलिस आयुक्त ने प्रौद्योगिकी से संबंधित मामलों से निपटने वाली दिल्ली पुलिस इकाइयों को समितियाँ और समूह बनाने, आवश्यक अध्ययन करने और दिल्ली पुलिस में प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ाने के लिए एक महीने के भीतर प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

# कदम्ब के पेड़ की लकड़ी से बने झूले में विराजमान हुए भगवान श्रीकृष्ण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भगवान श्री कृष्ण को प्रिय वृक्ष कदम्ब की पावन लकड़ी से निर्मित भव्य झूले पर भगवान श्री कृष्ण को झुलाकर हजारो कृष्ण भक्तों ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर नन्हे कान्हा के दर्शन किए।




श्री हनुमान मंदिर समिति के तत्वावधान में नव नियुक्त समिति ने गली नं. 6 स्थित श्री हनुमान मंदिर में भव्य झांकियों का दिव्य व अलौकिक श्रृंगार किया गया। मंदिर समिति के प्रमुख एवं भाजयुमो उत्तर पूर्वी जिला के उपाध्यक्ष हेमंत अवस्थी 'चिंटू' ने बताया कि मंदिर में अयोध्या के प्रभुश्रीराम, व उज्जैन के महाकाल को भी साक्षात भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर मंदिर में आमंत्रित किया गया, साथ ही वृंदावन बिहारी लाल जी की तर्ज पर भव्य फूलो का बंगला बनाया गया। मंदिर के महंत श्री सतीश भाई, प्रधान विजय शर्मा, सचिव लोमेश त्यागी, उमाकांत पंकज गुप्ता, यशपाल परशुराम रावत,पदम भार्गव 'मामा' राहुल रोहित कपूर ,संजीत शुक्ला (कालू बजरंगी) तुषार भैरव आदि सहित भारी संख्या में भक्तों की संख्या रही। मंदिर में झांकियों का अवलोकन करने जिले के डीसीपी, एसीपी सीलमपुर, एसएचओ उस्मानपुर, निगम पार्षद अनिल कुमार शर्मा 'गौड़', जितेन्द्र उपाध्याय सहित दर्जनों गणमान्य अतिथियों का आवागमन रहा।

# संत निरंकारी मिशन ने आयोजित किया मुक्ति पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुक्ति पर्व समागम का आयोजन निरंकारी राजपिता रमित जी की पावन अध्यक्षता में दिल्ली स्थित निरंकारी ग्राउंड नं. ८, बुराड़ी रोड पर किया गया जिसमें दिल्ली एवं एन.सी.आर. के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु और भक्तों ने सम्मिलित होकर सतगुरु के आदेशानुसार उन महान संत विभूतियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए जिन्होंने मुक्तिमार्ग को प्रशस्त करने हेतु अपना सम्पूर्ण जीवन ही मानवता की सेवा में अर्पित कर दिया।

इसके अतिरिक्त विश्वभर में मिशन की सभी शाखाओं में भी मुक्ति पर्व के अवसर पर विशेष सत्संग का आयोजन कर इन दिव्य संतों को नमन किया गया। श्रद्धालुजनों ने शहनशाह बाबा अवतार सिंह जी, जगत माता बुद्धवंती जी, राजमाता कुलवंत कौर जी, माता सविंदर हरदेव जी, भाई साहब प्रधान लाभ सिंह जी एवं अन्य अनेक समर्पित भक्तों को हृदय से स्मरण कर उनके जीवन से प्रेरणा प्राप्त की। आध्यात्मिकता के इस पावन वातावरण में समस्त श्रद्धालुजनों को सम्बोधित करते हुए निरंकारी राजपिता जी ने फरमाया कि आज १५ अगस्त को जहाँ देश आजादी का पर्व मना रहा है, वहीं संतजन इसे मुक्ति पर्व के रूप में आत्मचेतना और भक्ति के संदेश के साथ मना रहे हैं। जैसे झंडा और देशभक्ति गीत आजादी के प्रतीक हैं, वैसे ही एक भक्त का जीवन सेवा, समर्पण और भक्ति की महक से भरा होता है। सद्गुरु का दिया ब्रह्मज्ञान ही असली आजादी है, जो हमें 'मैं' और अहंकार से मुक्त करता है। जगत माता जी, शहंशाह जी, राजमाता जीए माता साविंदर जी एवं अनेक संतों का जीवन केवल जिक्र के लिए नहीं, बल्कि प्रेरणा और आचरण के लिए है।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं






फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# वीसी साहब, आखिर कब होगी कार्रवाई

## आदेश के बाद मामला दबाया जा रहा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जीडीए में भ्रष्टाचारी का आलम इस कदर बढ़ चुका है कि अब प्राधिकरण के कर्मचारी अपने अधिकारियों के आदेश को ठेंगे पर रखते है जी हा हम बात कर रहे है जोन एक के नंदग्राम वाली रोड पर बने एक होटल की जो पांच मंजिल बन कर तैयार हो गया फ्री होल्ड में वो भी बिना नक्शे के यही नहीं सुपरवाइजरों ने इतना लालच दिखाया कि सील के आदेश के बाद सील तक नहीं किया। यहां तक कि जब मुख्यमंत्री पोटल पर जब इसकी शिकायत की तो जवाब में साफ साफ लिख दिया कि इस अवैध निर्माण को अधिकारियों ने पहले ही तोड़ने के आदेश दिए है। अब बात साफ हो गई कि जीडीए कर्मचारियों में कितना लालच है। यही नहीं सूत्रों से जानकारी मिली है जीडीए का एक बड़ा अधिकारी ने बहुत मोटा पैसा खा लिया इसलिए जे इ भी डर रहे है। एक सत्ताधारी भी इसमें शामिल है।

**वीसी साहब एक नजर इधर भी**

### जोन तीन में पड़ने वाले सेक्टर दस में हो रहा है धड़ल्ले से अवैध निर्माण



**गाजियाबाद।** विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नक्शे के विपरीत हो रहे अवैध निर्माण रोकने की लाख कोशिश करले लेकिन कुछ जीडीए के कर्मचारी वीसी की मेहनत पर पानी फेर रहे है। जी हां हम बात कर रहे है जोन तीन के सेक्टर दस में हो रहे आवासीय प्लॉट पर हो रहे अवैध निर्माण की। सूत्रों से पता चला है कि 10/102 और 10/77 और 10/50 में आवासीय प्लॉट पर प्राधिकरण के सारे नियम बिल्डर अपने ठेंगे पर रख कर निर्माण कर रहे है। अगर वीसी साहब मौके का दौरा कर ले तो कई लोगों की कलई खुल जाएगी। अब देखना यह होगा कि इस खबर के बाद जीडीए क्या एक्शन लेता है।

# नगर पालिका परिसर में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोनी।** नगर पालिका परिसर में 79वां स्वतंत्रता दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया सर्वप्रथम लोनी नगर पालिका अध्यक्ष रंजीता धामा ने नगर पालिका कार्यालय में अधिकारी व कर्मचारियों के साथ राष्ट्रध्वज को फहराया। इस अवसर पर लोनी नगर पालिका अध्यक्ष ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलायी व सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश को आजादी दिलाने में हजारों लाखों वीरों ने अपने-अपने तरीके से प्रयास किया एवं तिनका तिनका सभी का सहयोग रहा है एवं सभी देशभक्तों के अथक प्रयासों से हमारा देश आजाद हुआ जिसमें अनेकों महापुरुषों ने अपना जीवन दान दिया।बहुत से ऐसे योद्धा रहे जो गुमनामी के अंधेरे में खो गए परंतु हम सभी का यह फर्ज बनता है कि हम आज इस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर याद करें रंजीता धामा ने क्षेत्र की कासिम विहार, अल्वी नगर अशोक विहार, प्रेम नगर, आर्य नगर, गीतांजलि विहार, राहुल गार्डन, सहितकई कॉलोनियों व मोहल्ले में स्थित शिक्षण संस्थानों में जाकर ध्वजारोहण किया। नगरपालिका अध्यक्ष ने बच्चों को पढ़ाई पर ध्यान देने को बेहद जरूरी बताते हुए कहा कि आप लोग ही हमारे देश का भविष्य है। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनोज धामा ने भी कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए कहा कि मां भारती के वीर सपूतों को हम लोग याद करें तथा जीवन की आखिरी सांस तक अपने पूर्वजों व महापुरुषों के ऋणी रहे। इस अवसर पर नगरपा. लिका के समस्त सभासदगण, अधिकारीगण, लोनी एसडीएम दीपक सिंघवाल, कर्मचारीगण, मास्टर विनोद कुमार, प्रवीन, प्रदीप कुमार, सीपी शर्मा, अजहर मलिक, हाजी जब्बार, शकील मलिक, मोहसिन मलिक, सरफराज त्यागी, नाजिम त्यागी, कारी फरमान सहित सैकड़ो की संख्या में कॉलोनी के महिला के पुरुष उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण परिसर में हुआ ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन



**प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने किया जीडीए प्रांगड़ में ध्वजारोहण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण परिसर में ध्वजारोहण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया, रात से ही कार्यालय को तिरंगा लाइटों व फूलों से सजाया गया। इस मौके पर प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों को श्रदांजलि अर्पित करते हुए प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने कहा कि आजादी का अर्थ कर्तव्यों का पालन है। उन्होंने कहा कि जिस वक्त उनके द्वारा प्राधिकरण उपाध्यक्ष के पद भार को ग्रहण किया गया , उस दौरान प्राधिकरण गंभीर आर्थिक स्थिति के दौर से गुजर रहा था। आंकडों पर गौर करें तो साल 2020-21 के दौरान प्राधिकरण की आय 548.67 करोड थीं, जबकि 2021 से 2024 के दौर के बीच आय का औसत 820.66 करोड था , सभी के अथक प्रयास का नतीजा रहा कि साल 2024-2025 के दौरान आय 1653.24 करोड अर्जित की साथ ही प्राधिकरण को इंडियन बैंक की 800 करोड़ और एनसीआर प्लानिंग बोर्ड की 165 करोड़ की देनदारी से मुक्त कराया गया। पिछले चार माह के दौरान 900 करोड़ से अधिक के राजस्व की प्राप्ति की गयी। ये सभी के शतत प्रयास का नतीजा है। वित्तीय वर्ष में अच्छा प्रदर्शन के लिए सभी को बधायी दिया व उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अनुभागों के अधिकारियों का उत्साहवर्धन किया।

पहल पोर्टल पर उम्दा कार्य की भी प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने सराहना की। नई योजनाओं के विकास के लिए भी बधाई दी। प्राधिकरण का दायित्व यूँ तो विकास है लेकिन हाल फिल्हाल में प्राधिकरण के द्वारा ग्रीनाथांन जैसे कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। जिसे प्रत्येक वर्ग के द्वारा सराहा गया। उन्होंने कहा कि भले ही बीते वर्ष प्राधिकरण के नए भवन में कार्यक्रम के आयोजन का संकल्प पूरा नहीं हो सका परंतु उस प्रक्रिया के अंतिम चरण पर हम आ गए हैं। हमे अपने लक्ष्य हमेशा बड़े रखने चाहिए और उन्हे पूरा करने का सतत प्रयास करना चाहिए। प्राधिकरण के सभागार में हाल ही में आयोजित ग्रीनाथन के विजेताओं को ट्राफी और चेक से सम्मानित किया गया। इस दौरान प्राधिकरण सचिव राजेश कुमार सिंह, वित्त नियंत्रक ए के बाजपेयी, अपर सचिव प्रदीप कुमार सिंह, प्रभारी मुख्य अभियंता आलोक रंजन सहित सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डॉ. केएन मोदी विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** डॉ. के. एन. मोदी विश्वविद्यालय, एनसीआर मोदीनगर में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस अत्यंत हर्ष और गौरव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: 9:30 बजे कुलपति प्रो. पी. एन. हृषीकेशा जी द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। इस अवसर पर माननीय कुलाधिपति डॉ. डी. के. मोदी जी एवं रजिस्ट्रार यू. एन. मिश्रा जी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की भव्यता को और अधिक बढ़ाया। कुलपति ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता संग्राम के वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की और विश्वविद्यालय समुदाय को राष्ट्र निर्माण हेतु प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के माध्यम से देश को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में योगदान दें। अपने संबोधन में कुलपति महोदय ने डॉ. के. एन. मोदी विश्वविद्यालय, एनसीआर मोदीनगर की स्थापना को शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है, बल्कि यह नवाचार, अनुसंधान और सामाजिक उत्थान को भी प्रोत्साहित करता है। विश्वविद्यालय का लक्ष्य युवाओं को आधुनिक ज्ञान से लैस कर उन्हें राष्ट्र निर्माण में समर्थ बनाना है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी विभागों के संकाय सदस्य, प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारीगण एवं छात्र- छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को एक नई ऊर्जा और देशभक्ति के रंग में रंग दिया।

# सिल्वरलाइन प्रेस्टिज स्कूल में स्वतंत्रता दिवस का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर सिल्वरलाइन प्रेस्टिज स्कूल में भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत देशभक्ति की उमंग, सांस्कृतिक विविधता की छटा और राष्ट्रीय गौरव की आभा ने पूरे वातावरण को अद्वितीय उत्सवमय बना दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण से हुआ, जिसके बाद पूरे जोश और एकता के साथ राष्ट्रगान गाया गया। चेयरमैन डॉ. सुभाष जैन, बबीता जैन, विद्यालय प्रबंधन समिति, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद स्मार्ट सिटी की अध्यक्षा रो.भारती गर्ग एवं क्लब के गणमान्य सदस्यों, शिक्षकगण और विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की शोभा और उत्साह को द्विगुणित कर दिया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने मधुर देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। स्कूल के बैंड द्वारा प्रस्तुत बैंड डांस ने पूरे वातावरण को उल्लास और गर्व से भर दिया। देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत, भारत की उपलब्धियों का जीवंत चित्र प्रस्तुत करती ओजस्वी कविता की प्रभावशाली प्रस्तुति ने उपस्थित जनमानस को स्वदेश के प्रति गर्व और गौरव से आलो. कत कर दिया।

**एक नजर**

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने फहराया तिरंगा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के मेरठ मंडल प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष संदीप बंसल प्रधान द्वारा मुख्य कार्यालय पर 79 स्वतंत्रता दिवस अपने सभी वरिष्ठ व्यापारियों के साथ झंडा फहराया एवं राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन किया और लड्डू बाटकर सबका मुंह मीठा करवाया गया। सभी ने एक दूसरे को स्वतंत्रता दिवस पर शुभकामनाएं और बधाई दी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संदीप बंसल, अमन सिसोदिया, संजय गुप्ता, दीपक गर्ग, प्रेम प्रकाश चीनी, अनिल गर्ग, चेतन शर्मा, जितेंद्र गोयल, राजेंद्र कुमार राजू, श्रीपाल यादव, दिनेश शिसोदिया, सोनू सैनी, विनोद अग्रवाल,जगमोन जॉन , कैलाश सिसोदिया, विजेंद्र राजपूत, नरेश कुमार पम्मी,जगमोहन सिंह, रोहित गौतम, सुमित गर्ग, सुन्दर, मूलचंद गर्ग, विनोद कुमार, नवीन गौतम, प्रवीण शर्मा सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहें।

# गाजियाबाद पब्लिक स्कूल में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े हर्ष व उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डा भावना यादव ध्वजारोहण किया गया। जिसके पश्चात सभी ने राष्ट्रीय गान गाया। समारोह में छात्रों ने देश भक्ति गीत, भाषण, और नृत्य प्रस्तुत कर देशप्रेम का संदेश दिया। विद्यालय प्रांगण को तिरंगे झंडो, फूलों और रेग बिरंगी झालरों से सजाया गया। इस कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका प्रियंका और तरुणिका ने किया। प्रधानाचार्या ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को स्वतंत्रता के महत्व और देश के प्रति कर्तव्य निभाने की प्रेरणा दी। अंत में सभी को मिठाई वितरित की गई। सारा कार्यक्रम देशभक्ति की भावना और जोश के साथ संपन्न हुआ।

# समाजवादी पार्टी कार्यालय पर ध्वजारोहन कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सपा जिला कार्यालय पर ध्वजारोहन करके मनाया गया स्वतंत्रता दिवस। इस अवसर पर ध्वजारोहण जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन व महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव द्वारा किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात सभी पदाधिकारियों ने एक दूसरे को मिठाई खिला कर स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव,जिला महासचिव नितिन त्यागी, महानगर महासचिव राजन कश्यप, महिला सभा प्रदेश महासचिव मधु चौधरी, गुलाब यादव महानगर उपाध्यक्ष मनोज पंडित महानगर उपाध्यक्ष, मोइनुद्दीन, मोहम्मद शमशाद, दिवाकर गुप्ता, सुनील जिंदल, संजय यादव, वकील अंसारी मोहम्मद निसार कसार अनीता, राहुल रावत कार्यालय प्रभारी उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रालोद कार्यकर्ताओं ने फहराया तिरंगा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय पर झंडा रोहण व राष्ट्रगान और कार्यालय पर बैठक का कार्यक्रम किया गया। जिसमें देश के होने वाले शहीदों को नमन करते हुए जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी, चौधरी तेजपाल सिंह, सहका. रिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चेयरमैन अमरजीत सिंह बिट्टी, महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी, अजय प्रमुख, रविंद्र चौहान, ओडी त्यागी, दीपक चौधरी, सत्येंद्र तोमर, विनोद चौधरी, अभिजीत बालियांन, किशन सिंह राघव, जगराज बालियांन, अरुण दहिया,अरुण शर्मा, सतीश राठी, लोकेश चौधरी, भूपेंद्र डबास, राम भरोसे लाल मौर्य, ललित सेन, मनोज त्यागी, तुषार बंसल, रामकुमार पवार, कुर्बान अली, सुरेंद्र तेवतिया, जयवीर नेहरा, आलोक चौधरी आदि सभी व्यक्तियों ने शहीदों को नमन करते हुए अपने विचार रखें।

# पार्षद रवि भाटी ने कई सोसायटियों व संस्थानों में किया ध्वजारोहण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर क्षेत्र के लोकप्रिय पार्षद रवि भाटी ने पूरे जोश और उत्साह के साथ विभिन्न सोसायटियों, कॉलोनी, स्कूल व संस्थानों में ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को नमन किया। उन्होंने सबसे पहले श्रीराम एनक्लेव सोसाइटी में तिरंगा फहराकर कार्यक्रम की शुरुआत की, जिसके बाद प्रयास पार्क विक्रम एंक्लेव,गौरी शंकर पार्क शालीमार गार्डन मैन, सूर्या पार्क कंपाउंड, विजय पार्क सोसाइटी शालीमार गार्डन ए ब्लॉक मैन और आशा दीप फाउंडेशन डी वी एस स्कूल सहित कई स्थानों पर ध्वजारोहण किया। हर जगह कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई और देशभक्ति के गीतों की गूंज ने वातावरण को देशमय कर दिया। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, वहीं पार्षद रवि भाटी ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए उपस्थित लोगों से देश की एकता, अखंडता और विकास में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि देश की आन, बान और शान का प्रतीक है, जिसे हमें हर हाल में सम्मान देना चाहिए। स्थानीय निवासियों ने पार्षद के इस सक्रिय और प्रेरणादायक प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में सामाजिक व सांस्कृतिक माहौल और भी सशक्त हो रहा है। स्वतंत्रता दिवस के इस अवसर पर सभी स्थानों पर मिठाई वितरण और देशभक्ति के नारों से माहौल जोश और गर्व से भर उठा।

# बजरंग निवास पर हुआ सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन

**गाजियाबाद।** कविनगर स्थित बजरंग निवास में सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। इस धार्मिक कार्यक्रम में 100 से अधिक श्रद्धालु उपस्थित रहें। यह आयोजन आई0टी0एस0 - द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा और रचित गोयल द्वारा नवीन कोठी के गृह प्रवेश के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, जिसका नाम बजरंग निवास रखा गया। सुंदरकांड पाठ में विशेष रूप से उपस्थिति गणमान्य व्यक्तियों में आई0टी0एस0 - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ. आर.पी. चड्ढा एवं उनके परिवार. जन तथा मनोज गुप्ता, पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी, नरेश गोयल, राघव गोयल, संदीप गंभीर, देवेन्द्र हितकारी, देवेन्द्र अग्रवाल, संजय गोयल, अजय गुप्ता और नरेश चंद्र गोयल सहित अनेक प्रतिष्ठित नागरिक सम्मिलित हुए।

## मोदीनगर में तिरंगा यात्रा में रहा अभूतपूर्व जनसैलाब

# सांसद विधायक व चेयरमैन ने की यात्रा की आगुआई







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** यूं तो हर वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा यात्रा निकलती आ रही है लेकिन इस बार निकली तिरंगा यात्रा ने यात्रा में शामिल भीड़ का नया ही रिकॉर्ड बना दिया,सांसद राज. कुमार सांगवान, विधायक डॉ मंजू शिवाच व नपा चेयरमैन विनोद वैशाली ने यात्रा की अगुआई की। मोदीनगर में पिछले कई वर्षो से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाता रहा है व उसके लोगो की भागेदारी भी अच्छी खासी होती रही है लेकिन इस वर्ष तो 15 अगस्त को निकली तिरंगा यात्रा ने मोदीनगर में एक नया ही रिकॉर्ड बना दिया क्योंकि जितनी भीड़ इस तिरंगा यात्रा में थी इतनी आजतक भी किसी यात्रा में नही रही,आमजन की जुबान पर भी यही चर्चा रही।

तिरंगा यात्रा मोदी मंदिर से शाम लगभग 7 बजे आरंभ हुई व गोविंदपुरी में शहीद चौक पर समापन हुआ। यात्रा में सबसे आगे खुली जीप में सांसद शामिल रहे उनके तुरंत पीछे दूसरी खुली जीप में विधायक व चेयरमैन मौजूद रहे। यात्रा में हजारों की संख्या में नवयुवक शामिल रहे,जनसैलाब ऐसा था कि जहां तक निगाह जा रही थी पब्लिक ही पब्लिक दिखायी दे रही थी।

यात्रा में सभी भाजपा नेता व कार्यकर्ता, रालोद कार्यकर्ता के साथ साथ हजारों की संख्या में आम नागरिक शामिल रहे। यात्रा में मंगवाये हुए डीजे ने भी देशभक्ति के गीतों से समा बनाये रखा। पुरे शहर का माहौल देशभक्ति वाला बना हुआ था।

इस प्रस्तावित यात्रा को लेकर सोशल साइट व बैनर पोस्टर के माध्यम से भी बहुत प्रचार किया गया था जिसके फलस्वरूप आमजन भी इसको देखने व इसमे शामिल होने के लिए उत्साहित थे,यही कारण रहा कि इस यात्रा ने आजतक की सबसे ज्यादा भीड़ का रिकॉर्ड बना दिया।

# मुख्यमंत्री ने मंदिरों में पूजा कर मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के पावन अवसर पर राजधानी के विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, शांति, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन-चरित्र हमें धर्म, न्याय और कर्तव्यनिष्ठा के पथ पर चलने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने श्रद्धा और आस्था के साथ यह संकल्प भी व्यक्त किया कि दिल्ली को और बेहतर, सुरक्षित व समृद्ध बनाने के लिए उनकी सरकार निरंतर प्रयास करती रहेगी। उन्होंने लोगों से भी आग्रह किया कि वे मिलकर राजधानी को आदर्श और सशक्त दिल्ली बनाने में योगदान दें। मुख्यमंत्री ने सबसे पहले ईस्ट ऑफ कैलाश में स्थित इस्कॉन मंदिर में आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में भाग लिया, जहां उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की आरती उतारी और भजनों के साथ श्रद्धालुओं संग उत्सव में सम्मिलित हुईं।

इसके बाद उन्होंने दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान (कुतुबगढ़) के अलावा प्रशांत विहार, शालीमार बाग व अन्य इलाकों में आयोजित जन्माष्टमी समारोह में भागीदारी की। वहां उन्होंने बाल कृष्ण को झूला झुलाया, माखन-मिसरी का भोग लगाया और भजन संध्या में उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीकृष्ण की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि वे केवल एक दिव्य बालक या आराध्य देव ही नहीं, बल्कि जीवन के सार, कर्तव्य और सत्य के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण ने गीता के उपद. `शों के माध्यम से मानव जाति को धर्म, निष्काम कर्म और समभाव का मार्ग दिखाया। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य, साहस और विवेक बनाए रखना ही सच्ची भक्ति है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि यदि हम श्रीकृष्ण के आदर्शों को आत्मसात करें, तो समाज में प्रेम, करुणा और सद्भावना का वातावरण स्थापित होगा।मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि श्रीकृष्ण के जीवन-चरित्र से प्रेरणा लेकर आज हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम समाज में प्रेम, करुणा और भाईचारे का वातावरण बनाएंगे। जन्माष्टमी का यह पावन पर्व हमें यही प्रेरणा देता है।

# दिल्ली में जलभराव पर भाजपा सरकार नहीं छिपा सकती नाकामीः सौरभ भारद्वाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लगातार हो रही बारिश और उससे पैदा हुए जलभराव ने लोगों की जान जोखिम में डाल दी है। आए दिन कहीं दीवार गिर रही है, तो कहीं पेड़ या बिजली के खंभे गिरने से हादसे को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जोरदार हमला बोलते हुए जलभराव और इससे हो रही मौतों के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया है। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा सरकार दिल्लीवालों के लिए विपदा बन चुकी है। वह दूसरों पर दोष मढ कर जलभराव रोकने में अपनी नाकामी को नहीं छिपा सकती।

शुक्रवार को बारिश में पानी जमा होने से दरगाह शरीफ पत्ते शाह परिसर में छत गिरने से ६ लोगों की मौत बेहद दुखद है। गुरुवार को भी बारिश के चलते पेड़ गिरने से बाइक सवार और डीडीए की दीवार गिरने के दो बच्चों की दुखद मौत हो गई थी। सौरभ ने कहा कि पिछले तीन महीनों में दिल्ली में बारिश से जुड़ी घटनाओं में लगभग ३० लोगों की जान जा चुकी है। पेड़, दीवारें, खंभे और अब छतें गिर रही हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकार सिर्फ डीसिल्टिंग के दावे करती रही, लेकिन नतीजा क्या निकला? दिल्ली हर बारिश में पानी-पानी हो रही है। सौरभ भारद्वाज ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर तंज कसते हुए कहा कि क्या कालकाजी में पेड़ गिरने से मरे व्यक्ति की मौत के लिए भी अरविंद केजरीवाल जिम्मेदार हैं? क्या बिजली कटने, स्कूलों की फीस बढ़ने के लिए भी केजरीवाल जिम्मेदार हैं? उन्होंने कहा कि कई बार लोग अपनी पुरानी इमारतों की मरम्मत भी नहीं करवा पाते क्योंकि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधिकारी आकर रोक देते हैं या पैसे मांगते हैं। पंचशील, चिराग दिल्ली, शाहपुर जाट जैसे इलाकों में लोग परेशानी झेल रहे हैं। सौरभ ने कहा कि इस कानून में भी सुधार जरूरी है। इसके साथ ही आप नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा की चार इंजन वाली सरकार को जनता की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है। वे सिर्फ दूसरों पर आरोप लगाकर अपनी जिम्मेदारी से बच रहे हैं, जैसे केंद्र सरकार हर मुद्दे के लिए नेहरू जी को दोष देती है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सिर्फ भाषण देने और दूसरों पर दोष मढ़ने से कुछ नहीं होगा। भाजपा को जमीन पर उतरकर काम करना पड़ेगा। दिल्लीवासियों ने उन्हें शासन करने के लिए चुना है, जिम्मेदारी से भागने के लिए नहीं।

उधर तिलक नगर से आप विधायक जरनैल सिंह ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर दिल्ली सरकार पर जमकर निशाना साधा। वीडियो में सिंह जलभराव वाली सड़क पर बोटिंग करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब ऋषिकेश जाने की जरूरत नहीं है, दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार ने हर गली-मोहल्ले में राफ्टिंग की सुविधा दे दी है।

# दरगाह हजरत पत्ते शाह की छत गिरने के मामले में एफआईआर की दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के निजामुद्दीन स्थित हुमायूं के मकबरे के पास दरगाह शरीफ पत्ते शाह से सटे कमरे की छत अचानक से ढहने के मामले में शनिवार को अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ धारा २९०, १२५ और १०६ बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज की गई। शुक्रवार को दुखद हादसे में एक कमरे की छत अचानक से ढहने से मलबे में दबने से छह लोगों की मौत हो गई और छह घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को एम्स ट्रामा सेंटर, लो. कनायक और आरएमएल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में पुलिस ने बताया कि शुक्रवार दोपहर ३:५५ मिनट पर निजामुद्दीन थाना पुलिस को सूचना मिली कि हुमायूं के मकबरे के साथ दरगाह शरीफ पत्ते वाली के कमरे की दीवार व छत गिर गई है। जिसके बाद तुरंत पुलिस, एनडीआरएफ और दमकल विभाग की टीमें घटनास्थल पर पहुंची और बचाव अभियान शुरू किया। घटनास्थल पर पहुंचने पर पता चला कि भारी बारिश के कारण दरगाह में बने कमरों की दीवार और छत गिर गई। जिसके मलबे में १० से १२ लोग दबे हैं। मलबे से कुल १२ लोगों को बचाया गया। उनमें से ९ को एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जिनमें ३ पुरुष, 5 महिलाएं और 4 वर्ष का एक लड़का शामिल था। डॉक्टरों ने तीन पुरुषों और तीन महिलाओं को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक, १ पुरुष मरीज को एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया। १ महिला मरीज को आरएमएल अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक महिला मरीज मलबे से सुरक्षित बाहर आ गई। उसे किसी अस्पताल नहीं ले जाया गया।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के पावन अवसर पर पूजा-अर्चना कर प्रदेशवा. सियों के सुख, शांति, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना करती हुईं।

# जन्माष्टमी की तैयारियों में लापरवाही पर आठ पुलिसकर्मी सस्पेंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी उत्तरी जिले में जन्माष्टमी की तैयारियों में लापरवाही बरतने के आरोप में आठ पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

इसके साथ ही कई अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। पुलिस के अनुसार, पुलिस कमिश्नर बाहरी उत्तरी जिले में स्थित इस्कॉन मंदिर का जायजा लेने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने जन्माष्टमी के लिए की गई सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी पोस्ट से अनुपस्थित पाए गए। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए पुलिस कमिश्नर ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

आठ पुलिसकर्मियों को तुरंत सस्पेंड कर दिया गया, जबकि अन्य के खिलाफ जांच शुरू की गई है।

पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया कि ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी तरह की ढिलाई पर सख्त कार्रवाई होगी।

# पुलिसकर्मी की पिस्तौल चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार, मुख्य आरोपी की तलाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मॉडल टाऊन में दिल्ली पुलिस के अधिकारियों की रिहायशी कॉलोनी स्थित अपराध शाखा में तैनात एसआई के घर से सरकारी पिस्तौल और अन्य सामान चोरी करने वाले तीन आरोपियों को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों संदीप, अनमोल और सुनील के पास से सरकारी पिस्तौल बरामद कर ली है। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। जबकि पुलिस पिस्तौल चोरी करने वाले मुख्य आरोपी दीपक कुमार की तलाश कर रही है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित पुलिसकर्मी विकास कुमार अपने परिवार के साथ मॉडल टाऊन स्थित पुलिस कॉलोनी में रहता है। एसआई विकास कुमार की तैनाती सनलाइट कॉलोनी अपराध शाखा के आफिस में है। पुलिस को दिए बयान में उसने बताया कि उनकी टीम के पास एक सूचना आई थी कि कुछ बदमाशों को पकड़ने के लिए देर रात छापेमारी हो सकती है। ५ अगस्त को उन्होंने पिस्तौल, कारतूस और हथकड़ी जारी कराके अपने घर ले गए। छह अगस्त की सुबह वह अपने बेटी को स्कूल छोड़ने के लिए चले गए। इस दौरान उनके घर में पत्नी रसोई में थी और बेटा अपने कमरे में सो रहा था। स्कूल से लौट कर वह तैयार हुए और आफिस जाने के लिए निकले। इस दौरान उन्होंने देखा कि घर की टेबल पर रखी उनकी सरकारी पिस्तौल, लैपटॉप, डायरी और हथकड़ी गायब थी। गायब सामान की पूरे घर में तलाश की गई, लेकिन सामान नहीं मिला। उन्होंने पुलिस को शिकायत दी। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने संबंधित धारा में केस दर्ज कर जांच शुरू की।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि सीसीटीवी की मदद से आरोपियों की पहचान की। आरोपी की पहचान के बाद उसकी जानकारी जुटाई गई तो पता चला कि वह दिल्ली छोड़ गया है। उसके सम्पर्क में जो लोग है वह दिल्ली में ही हैं। पुलिस ने सीडीआर की मदद से आरोपी दीपक के दोस्तों की जानकारी निकाली और अलग अलग जगहों पर छापेमारी कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया। आरोपियों में शामिल अनमोल के पास से खाली मैगजीन, सुनील के पास से कारतूस और संदीप के पास से पिस्तौल बरामद की।

# डिलीवरी बॉय की चाकू मारकर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** चंदर विहार में शनिवार रात १२:२० बजे एक २४ साल के डिलीवरी बॉय अशीष वर्मा की कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, यह घटना नशे में हुई झड़प के दौरान पैसे के विवाद को लेकर हुई। अशीष की मां के बयान के आधार पर, उनके पड़ोसियों भजन लाल (३२) और राकेश (३०) को हत्या का आरोपी बनाया गया है। दोनों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और उनके खिलाफ उचित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। दोनों आरोपी दीपक विहार, नीलोठी एक्सटेंशन के रहने वाले हैं।

घटना के बाद अशीष को उनके परिवार वाले तुरंत दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक मेडिकल जांच में उनके सीने के बाईं ओर चाकू से गहरा घाव होने की पुष्टि हुई। अशीष वर्मा, विकास पुरी के भूडेला गांव में रहते थे और अविवाहित थे। वह एक डिलीवरी बॉय के तौर पर काम करते थे।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर इस्कॉन मंदिर में कपिल मिश्रा ने किया पूजन व अभिषेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर राजधानी दिल्ली में धार्मिक उल्लास और भक्ति का अद्वितीय संगम देखने को मिला। इसी क्रम में दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने ग्रेटर कैलाश स्थित इस्कॉन मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की तथा लड्डू गोपाल स्वरूप का अभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर नई दिल्ली से लोक सभा सदस्य सुश्री बांसुरी स्वराज भी उपस्थित रहीं। पूरे मंदिर परिसर में 'हरे कृष्ण हरे राम' के भजन-कीर्तन गूंजते रहे और भक्तों की अपार भीड़ ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की महिमा को और भी भव्य बना दिया। श्री कपिल मिश्रा ने श्रद्धालुओं के साथ मिलकर पूजन में भाग लिया और इस पावन पर्व पर समाज में भाईचारा, सद्भाव और राष्ट्र की उन्नति की कामना की। कपिल मिश्रा ने कहा कि

पूरे देश और राजधानी दिल्ली में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम है। लाखों भक्त अपने प्रिय भगवान के जन्मोत्सव को हर्ष और श्रद्धा से मना रहे हैं। भगवान श्रीकृष्ण अधर्म पर धर्म की विजय के प्रतीक हैं। इस पावन अवसर पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि राष्ट्र और विश्व में धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना बढ़े और समस्त विश्व का कल्याण हो।कपिल मिश्रा ने यह भी कहा कि दिल्ली की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और धार्मिक आयोजनों में जनसहभागिता हमारी साझी विरासत को और मजबूत करती है। जन्माष्टमी जैसे पर्व न केवल आस्था और भक्ति का प्रतीक हैं बल्कि सामाजिक एकता, नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक चेतना को भी सशक्त बनाते हैं।पूरे कार्यक्रम के दौरान मंदिर में आकर्षक झांकियाँ सजाई गईं, भजन संध्या आयोजित हुई और श्रीकृष्ण लीला का मंचन भी हुआ, जिसे देखने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर इस्कॉन मंदिर में मंत्री कपिल मिश्रा पूजन व अभिषेक करते हुए।

# खंडित झंडे एमसीडी व एनडीएमसी को करा सकते हैं जमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत नागरिकों से घरों से लेकर अपने दफ्तर और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर बड़ी मात्रा में तिरंगों का उपयोग किया है। साथ ही बड़ी मात्रा में रैलियां भी आयोजित की गई है। ऐसे में उपयोग के बाद झंडों के खंडित होने पर अगर, आप स्वयं सम्मानजनक तरीके से निपटान नहीं कर सकते हैं तो नागरिक दिल्ली नगर निगम और एनडीएमसी को झंडे जमा करा सकते हैं। निगम ने इसकी व्यवस्था की है। साथ ही नागरिकों से अपील की है कि वह निगम के क्षेत्रीय कार्यालयों में पहुंचकर इसे जमा करा सकते हैं।

महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की शान है। ऐसे में नागरिक अपनी जिम्मेदारी और गर्व से इसे अपने घर पर लगा रहे हैं। पीएम के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान जन अभियान बन गया है।ऐसे में कोई तिरंगा अगर खंडित हो गया है तो नागरिक इसे निगम के क्षेत्रीय कार्यालयों में जाकर जमा कर सकते हैं। निगम तिरंगे का सम्मानजनक तरीके से निपटान करेगा। वहीं, एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत चहल ने कहा कि जो झंडे पुनः उपयोग हो सकते हैं उसे नागरिक पुनः उपयोग कर सकते हैं। अगर, झंडे उपयोग योग्य नहीं बचे हैं तो वह एनडीएमसी कार्यालयों में जाकर जमा करा सकते हैं।

# सीबीएसई सिर्फ 1 वर्ष रखेगी आंसर शीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं को बस एक वर्ष तक रखने का निर्णय लिया है। बोर्ड अधिकारियों के मुताबिक अब किसी भी वार्षिक परीक्षा की बची हुई उत्तर पुस्तिकाएं सिर्फ एक वर्ष तक ही रखी जाएंगी और निर्धारित अवधि पूरी होने पर उन्हें नष्ट कर दिया जाएगा। यह व्यवस्था शैक्षणिक सत्र २०२५-२६ की बोर्ड परीक्षाओं से लागू होगी। सीबीएसई की गवर्निंग बाडी ने यह निर्णय उस स्थिति को देखते हुए लिया है, जिसमें बड़ी संख्या में अप्रयुक्त उत्तर पुस्तिकाएं हर वर्ष बर्बाद होती हैं। बोर्ड के अनुसार, केवल पिछले वर्ष ही उत्तर पुस्तिकाओं की प्रिंटिंग, भंडारण और परिवहन पर लगभग तीन करोड़ रुपये खर्च किए गए थे।

इस खर्च में उन कॉपियों की लागत भी शामिल है, जो इस्तेमाल नहीं हो सकीं। इन अप्रयुक्त कापियों को अगले वर्ष दोबारा उपयोग में लाने के लिए पन्ने बदलने, री-बाइंडिंग और लाजिस्टिक व्यवस्था पर और अधिक खर्च करना पड़ता है, साथ ही इनके गुम होने का भी खतरा बना रहता है।

बोर्ड के मुताबिक हर उत्तर पुस्तिका पर एक यूनिक नंबर अंकित होगा, जिसे स्कैनिंग के जरिए दर्ज किया जाएगा। यह नंबर फ्लाइंग स्लिप के साथ भी दर्ज होगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि एक ही कापी दोबारा इस्तेमाल न हो।

परीक्षा केंद्रों पर उपलब्ध कराई जाने वाली कापियों की सटीक आडिट की जाएगी, जिससे अतिरिक्त कापियां बचकर न रहें और गड़बड़ियों की संभावना खत्म हो। बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि खाली या अप्रयुक्त कापियों को नष्ट करने से पहले कैंसिलेशन प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

इसके बाद इनका दोबारा उपयोग सरकारी स्कूलों में लेखन सामग्री या स्टेशनरी के रूप में किया जा सकेगा। इससे आर्थिक बोझ कम होगा।


☞ यात्रीगण कृपया ध्यान दें ☜

## विशेष रेलगाड़ियों के परिचालन अवधि में विस्तार

समस्त रेल यात्रियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिये मौजूदा ठहरावों, समय, रेलमार्गों, चलने के दिनों आदि पर निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों के परिचालन को जारी रखने/विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | आवृत्ति | पूर्व अधिसूचित | विस्तारित अवधि | कुल अतिरिक्त फेरे | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 03697 गया जं. – दिल्ली जं. सुपरफास्ट स्पेशल | 6 दिन रविवार को छोड़कर | 15.08.25 | 16.08.25 से 21.08.25 | 06 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 03698 दिल्ली जं. – गया जं. सुपरफास्ट स्पेशल | 6 दिन सोमवार को छोड़कर | 16.08.25 | 17.08.25 से 22.08.25 | 06 | |
| 03309 धनबाद जं. – जम्मू तवी स्पेशल | मंगल एवं शनि | 12.08.25 | 16.08.25 से 13.09.25 | 09 | 3 टियर इकॉनोमी |
| 03310 जम्मू तवी – धनबाद जं. स्पेशल | बुध एवं रवि | 13.08.25 | 17.08.25 से 14.09.25 | 09 | |
| 02397 गया जं. – आनंद विहार (ट) क्लोन स्पेशल | रवि | 10.08.25 | 17.08.2025 | 01 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य |
| 02398 आनंद विहार (ट) – गया जं. क्लोन स्पेशल | सोम | 11.08.25 | 18.08.2025 | 01 | |
| 03223 राजगीर – हरिद्वार जं. स्पेशल | शुक्र | 15.08.25 | 22.08.25 से 12.09.25 | 04 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 03224 हरिद्वार जं. – राजगीर स्पेशल | शनि | 16.08.25 | 23.08.25 से 13.09.25 | 04 | |
| 03221 राजगीर–शहीद कप्तान तुषार महाजन स्पेशल | सोम | 11.08.25 | 18.08.25 से 15.09.25 | 05 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 03222 शहीद कप्तान तुषार महाजन–राजगीर स्पेशल | बुध | 13.08.25 | 20.08.25 से 17.09.25 | 05 | |
| 03311 धनबाद जं. – चंडीगढ़ स्पेशल | मंगल, शुक्र | 15.08.25 | 19.08.25 से 12.09.25 | 08 | 3 टियर इकॉनोमी |
| 03312 चंडीगढ़ – धनबाद जं. स्पेशल | गुरु, रवि | 17.08.25 | 21.08.25 से 14.09.25 | 08 | |
| 05219 मुज़फ़्फ़रपुर जं. – आनंद विहार (ट) स्पेशल | शनि | 09.08.25 | 16.08.25 से 13.09.25 | 05 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य |
| 05220 आनंद विहार (ट) – मुज़फ़्फ़रपुर जं. स्पेशल | रवि | 10.08.25 | 17.08.25 से 14.09.25 | 05 | |
| 05575 सहरसा जं. – आनंद विहार (ट) स्पेशल | बुध | 13.08.25 | 20.08.25 से 10.09.25 | 04 | 3 टियर इकॉनोमी |
| 05576 आनंद विहार (ट) – सहरसा जं. स्पेशल | मंगल | 12.08.25 | 19.08.25 से 09.09.25 | 04 | |
| 05579 पूर्णियाँ कोर्ट – आनंद विहार (ट) स्पेशल | सोम, मंगल, शुक्र, रवि | 15.08.25 | 17.08.25 से 15.09.25 | 18 | 3 टियर इकॉनोमी |
| 05580 आनंद विहार (ट) – पूर्णियाँ कोर्ट स्पेशल | बुध, गुरु, रवि, शुक्र | 17.08.25 | 20.08.25 से 17.09.25 | 18 | |

रेलगाड़ी सं. 05575/76 सहरसा जं. – आनंद विहार (ट.) – सहरसा जं. एवं 05579/80 पूर्णियाँ कोर्ट – आनंद विहार (ट.) – पूर्णियाँ कोर्ट स्पेशल ट्रेनों का ठहराव दरभंगा जं. (रिवर्सल से बचने के लिए दरभंगा जं. को बाईपास करते हुए) के बजाए शिशो हॉल्ट स्टेशन पर किया गया है।

| गाड़ी संख्या | वर्तमान ठहराव | | परिवर्तित ठहराव | |
|---|---|---|---|---|
| | दरभंगा जं. | | शिशो हॉल्ट | |
| | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान |
| 05575/79 | 23:35 | 00:05 | **23:35** | **23:40** |
| 05576/80 | 04:50 | 05:20 | **04:00** | **04:05** |

**अधिसूचित अन्य जानकारी मान्य होगी।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिये रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा भारतीय रेल की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे आपकी सुविधा – हमारा ध्येय हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें 2510/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# रोडवेज बस ने पिकअप में मारी टक्कर, एक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाइवे-9 पर शुक्रवार की रात सरस्वती अस्पताल के पास एक खराब पिकअप में तेज रफ्तार रोडवेज बस ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में 23 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार बुलंदशहर जिले के थाना नरसेना क्षेत्र के गांव बुगरासी निवासी 23 वर्षीय अर्जुन उर्फ बाबू अपने चालक साथी के साथ पिकअप में गेंदा के फूल लेकर दिल्ली की ओर जा रहा था। जैसे ही वह पिलखुवा के नेशनल हाइवे-9 पर सरस्वती अस्पताल के पास फ्लाईओवर पर पहुंचा तभी अचानक पिकअप खराब हो गया चालक ने पिकअप की रखवाली के लिए अर्जुन को पिकअप वाहन के पास छोड़ दिया और खुद मिस्त्री की तलाश मे चला गया। इसी दौरान हापुड़ की ओर से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने पिकअप में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अर्जुन की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के दौरान हाइवे पर जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पिकअप को सड़क किनारे करवाकर यातायात को सुचारू किया। पिलखुवा थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि रोडवेज बस के चालक को हिरासत में ले लिया गया है। मृतक अर्जुन के शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। अभी तक परि.



जनों की ओर से कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि शिकायत मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जाँच जारी है।

# वाहन चालकों को वितरित किए निशुल्क हेल्मेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय युवा वैश्य महासम्मेलन, जनपद हापुड़ ने सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और लोगों में हेल्मेट पहनने की जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक विशेष हेल्मेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए संगठन ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए यह महत्वपूर्ण कदम उठाया। इस पहल का लक्ष्य युवाओं को सशक्त बनाना और समाज के विकास में योगदान देना है।

कार्यक्रम के दौरान संगठन के सदस्यों ने दोपहिया वाहन चालकों को मुफ्त में हेल्मेट वितरित किए और उन्हें हेल्मेट पहनने की अनिवार्यता और इसके लाभों के बारे में जागरूक किया। इस दौरान लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का भी संदेश दिया



गया। इस आयोजन में अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर, थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह और अखिल भारतीय युवा वैश्य महासम्मेलन के प्रमुख सदस्य शामिल हुए। संगठन के जिला अध्यक्ष सचिन गोयल, युवा महामंत्री आशीष मित्तल, युवा कोषाध्यक्ष सजल अग्रवाल, और कार्यक्रम संयोजक राहुल बंसल ने इस पहल को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अन्य उपस्थित सदस्यों में संजय अग्रवाल, मधुर कंसल, मोहित अग्रवाल, प्रशांत बंसल, हर्षित अग्रवाल, प्रदीप गर्ग, कपिल गर्ग, रोहित, वैभव गुप्त, विकास मित्तल, और नीरज गर्ग शामिल थे।

# समाजवादी कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर क्षेत्र के बुलंदशहर रोड पर स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण समारोह से हुई। जिसमें पार्टी पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर ने कार्यकर्ताओं के साथ स्वतन्त्रता दिवस की 79वी वर्षगांठ पर ध्वजारोहण किया इसके बाद राष्ट्रीय गान किया जाकर शहीदों को नमन किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष आनन्द गुर्जर ने कहा कि हमें अपने वीर सेनानियों के बताए मार्ग पर चलना चाहिए और देश की रक्षा व सम्मान के लिए हर बलिदान देने को तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी में सभी धर्मों और समुदायों के लोगों का अभूतपूर्व योगदान रहा।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक आजादी की 79वीं वर्षगांठ पर शहीदों को नमन करते हुए अपने आप को गौरान्वित महसूस कर रहा है। लेकिन भाजपा सरकार देश की आजादी के स्थान पर देश के प्रत्येक नागरिक के आधकारों पर घात कर रही है तथा बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर द्वारा बनाए गए सविधान में प्रदत्त कानूनी जनहित के अधिकारो को खत्म करने का काम कर रही है। आज देश का हर नागरिक भाजपा की दोगली निति को समझ चुका है तथा भाजपा की दोगली नीति को उजाग करने और जनता के संवैधानिक अधिकारों की



रक्षा करने के लिए सड़क से लेकर संसद तक सपा मुखिया अखिलेश यादव ने ठान लिया है तथा पीडीए के माध्यम से जनता के अधिकारों को सुरक्षित करने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर तेजपाल प्रमुख, अय्यूब सिद्दीकी, राजेश यादव, अख्तर मालिक, इकबाल कुरेशी, आदेश गोस्वामी, संजय गहलोत, संजय गर्ग, संजय अग्रवाल, साकिब मलिक, कमाल मंसूरी, वसीम मेवाती, आजाद अलवी, मोहसिन सलमानी, ज़हीर पहलवान, अंकित जाटव, नीरज पाल राष्ट्रीय महासि. चव सपा, सीमा तनेजा, रेशमा यादव, यशी यादव, रेशमा अंसारी, सैफी, पुरुषोत्तम वर्मा एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि पर भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर क्षेत्र के गढ़ रोड पर स्थित अटल पार्क में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिसमें भाजपा के जिला अध्यक्ष नरेश तोमर के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ताओं ने अटल को याद किया।

इस दौरान भाजपा के जिला अध्यक्ष नरेश तोमर ने कहा कि वह एक महान राजनेता होने के साथ-साथ एक उत्कृष्ट कवि, लेखक और विचारक भी थे। उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में तीन बार सेवा की और पहले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे जिन्होंने अपना कार्यकाल पूरा किया। उन्होंने बताया कि वे भारतीय जनता पार्टी के सह-संस्थापक और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस के एक समर्पित सदस्य थे। उनके नेतृत्व में भारत में आर्थिक सुधारों, बुनियादी ढांचे के विकास और विद. ेश नीति में महत्वपूर्ण काम हुए। उनकी कविताएँ, जैसे मौत से ठन गई और गीत नया गाता हूँ, आज भी लोगों को प्रेरित करती हैं।

उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम अटल के जीवन और राष्ट्र के लिए उनके समर्पण को सम्मान देने के लिए आयोजित किया गया था और यह दिखाता है कि उनके सिद्धांत और आदर्श आज भी लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। इस कार्यक्रम में भाजपा के कई प्रमुख कार्यकर्ता और नेता भी शामिल थे।

जिनमें क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल, पवन गर्ग, फ्रुल्ल



सारस्वत, कुणाल चौधरी, मोहन सिंह, सुनील वर्मा, महेश तोमर, शशांक गुप्ता, गगन बाटला, विनोद गुप्ता, राजेश सक्सेना, सौदान सिंह, रवि खटीक, संजीव वर्मा, फैज अंसारी, प्रशांत त्यागी, शिव ठाकुर, अनिल त्यागी, कैलाश वर्मा, जतिन साहनी, प्रमोद जिंदल, और श्यामेंद्र त्यागी शामिल थे। सभी ने मिलकर प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।

# अश्वपरेशन स्माइल अभियान के अन्तर्गत पुलिस ने गुमशुदा को किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन स्माइल अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ देहात पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए गुमशुदा लड़के को अथक प्रयास के बाद अल्प समय में सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया है।

थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि शनिवार को ग्राम ततारपुर निवासी एक व्यक्ति ने थाना हापुड़ देहात पर आकर सूचना दी कि 16 वर्षीय धेवता उनके पास रहता था जो बिना बताए घर से कहीं चला गया है जिसकी काफी तलाश करने पर कुछ पता नहीं चला सका। उक्त सूचना पर थाना हापुड़ देहात



पुलिस द्वारा तत्काल गुमशुदा लड़के की तलाश हेतु आवश्यक विधिक कार्यवाही अमल में लाई गई और ऑपरेशन स्माइल अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ देहात पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए गुमशुदा लड़के को अथक प्रयास के बाद अल्प समय में सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। परिजनों द्वारा हापुड पुलिस का आभार प्रकट करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

# स्वतंत्रता दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ग्राम असौड़ा में 79वें स्वतंत्रता दिवस का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान पद के भावी उम्मीदवार फुरकान उर्फ भूरे के नेतृत्व में एक विशाल तिरंगा रैली का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम के सैकड़ों नौजवानों और स्थानीय निवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



रैली की शुरुआत अमन कॉलोनी स्थित तकी द्वार मार्ग से की गई। हाथों में तिरंगा लिए नौजवानों ने पूरे गांव की गलियों में देशभक्ति के गीतों और नारों के साथ जोश का माहौल बना दिया। रैली जब तिरंगा चौक पहुंची तो लोगों का उत्साह देखते ही बनता था। वहां मौजूद ग्रामीणों ने शहीदों को याद करते हुए देश की अखंडता और एकता का संकल्प दोहराया। रैली आगे बढ़ते हुए शहीद अमर सेनानी स्तंभ पहुंची। यहाँ फुरकान उर्फ भूरे सहित ग्रामीणों ने शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शहीदों के बलिदान को याद करते हुए लोगों की आंखें भीग गईं। रैली मेरठ रोड से होती हुई अमन कॉलोनी के 20 फूटा रोड पर जाकर संपन्न हुई। इस दौरान जगह-जगह ग्रामीणों ने देशभक्तों का स्वागत किया और तिरंगे लहराकर आज़ादी के पर्व को और खास बना दिया। इस अवसर पर भावी प्रधान पद उम्मीदवार फुरकान उर्फ भूरे ने कहा ग्राम असौड़ा मेरे लिए एक परिवार है। मेरे दिल में किसी भी तरह का भेदभाव नहीं है। मैं अपने सभी देशवासियों और क्षेत्रवासियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ। आइए, हम सब मिल-जुलकर भाईचारे और सौहार्द के साथ यह पर्व मनाएँ, किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और प्रशासन का पूरा सहयोग करें।

## एक नजर

# सट्टा खेल रहे दो सटोरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात पुलिस ने सट्टा खेलते हुए दो सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नकदी, सट्टा पर्चा व पैन बरामद किया है।

प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि थाना हापुड़ देहात पुलिस द्वारा सट्टा खेलते हुए दो सटोरियों को देवनन्दनी पुल के नीचे सर्विस रोड से गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से 680 रुपये नकदी, सट्टा पर्चा व एक पैन बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि सटोरियों की पहचान हितेश पुत्र गंगाशरण निवासी बनखंडा थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़ हाल पता जरौठी रोड थाना हापुड देहात जनपद हापुड और रोहित पुत्र रामनिवास निवासी हरजसपुरा थाना हापुड देहात जनपद हापुड के रूप में हुई है। आरोपियों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हापुड़ देहात पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# सोसायटी में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** शहर की प्रमुख ऑनर्स वेलफेयर सोसायटी में 15 अगस्त को 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी निवासी परिसर में इकट्ठा हुए जहां मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी एव सोसायटी के अध्यक्ष अखिल जैन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। बच्चों और बड़ों ने राष्ट्रगीत और देशभक्ति के गीत गाकर तिरंगे के प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया। इस खास अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें देशभक्ति से जुड़े गीत, नृत्य और भाषण प्रस्तुत किए गए। सोसायटी में हर उम्र के लोग बड़ी उत्सुकता से हिस्सा लेकर देशभक्ति की भावना को नई ताजगी दी। कार्यक्रम का समापन मिठाई वितरण और सभी के मिलजुल कर खुशहाली की कामना के साथ हुआ।

# सर्राफा व्यापारी से 2086 ग्राम सोने की ठगी, महिला समेत दो पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के सर्राफा बाजार में एक चौंकाने वाला ठगी का मामला सामने आया है। गोयल ज्वैलर्स के मालिक कुश गोयल ने अपनी शिकायत में बताया कि उनसे और उनकी दुकान से 2086 ग्राम सोना ठग लिया गया है। इस मामले में उन्होंने छज्जूपुरा निवासी प्रमोद कंसल और उनके बेटे आकाश कंसल पर आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार कुश गोयल ने बताया कि प्रमोद कंसल उनके नियमित ग्राहक थे और वे अक्सर बंधेल ज्वैलरी बनवाने के लिए सोना दिया करते थे। प्रमोद की मृत्यु के बाद उनके बेटे आकाश कंसल को इस व्यवसाय की जिम्मेदारी मिली। कुश का आरोप है कि प्रमोद के समय से लेकर आकाश के समय तक 2086 ग्राम सोने का हिसाब बाकी है जिसे न तो वापस किया गया और न ही उसके पैसे चुकाए गए। जब कुश गोयल ने बार-बार आकाश से अपना सोना मांगा, तो आकाश और उसकी मां विनीता कंसल टालमटोल करते रहे। आरोप है कि जब कुश ने सख्ती से अपनी मांग रखी तो आकाश और विनीता ने उनके साथ न केवल दुर्व्यवहार किया बल्कि उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत के आधार पर, कोतवाली पुलिस ने आकाश कंसल और उनकी मां विनीता कंसल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# एबीवीपी ने जनपद में निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हापुड़ ने देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। यह यात्रा मेरठ रोड स्थित दीवान इंटर कॉलेज से शुरू हुई और प्रीगंज रोड से होते हुए शहर के मुख्य मार्गों से गुजरी, जिसका समापन भी दीवान इंटर कॉलेज, मेरठ में हुआ।

इस अवसर पर विद्यार्थी परिषद के जिला प्रमुख और दीवान इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डा. मनोज कुमार ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा राष्ट्रवादी छात्र संगठन है। उन्होंने कहा कि यह संगठन छात्रों की आवाज बुलंद करने के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रूप से योगदान देता है। उनका मानना है कि एबीवीपी लोगों में राष्ट्र प्रेम और देशभक्ति की भावना का संचार करती है। हापुड़ के जिला संयोजक आकाश ने कहा कि परिषद छात्रों के बीच रहकर काम करती है और समाज सेवा के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि देशवासियों में अपने समाज और देश के प्रति सेवा भाव और निस्वार्थ प्रेम की भावना जागृत हो सके। इस कार्यक्रम में एबीवीपी के कई प्रमुख सदस्य और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिनमें जिला संगठन मंत्री सागर शर्मा, जिला सह संयोजक आरती भारती, विभाग सह संयोजक तुषार भारद्वाज, नगर मंत्री




अनुज, नगर सहमंत्री अंजलि मिश्रा और विभाग छात्रा प्रमुख अनुपमा शामिल थे।

# स्वतंत्रता के लिए देश के अमर शहीदों ने दिया बलिदान: पंडित गोपाल शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** यूपी के जनपद हापुड़ के कुचेसर रोड चौपला पर स्थित ऑल इंडिया हिन्दुस्तान काँग्रेस पार्टी कार्यालय पर 79 वे स्वतन्त्रता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहाँ मुख्य अतिथि के रूप मे पहुचें प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष हापुड़ ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं और स्कूली बच्चों ने इस दौरान राष्ट्रगान गाया और राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे झंडे को सलामी दी। तो वही जिलाध्यक्ष अजय शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने स्कूल के बच्चों और पत्रकार बंधुओं को प्रतीक चिह्न भेट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने कहा कि सभी प्रदेश एवं देश वासियों को 79 वे स्वतन्त्रता दिवस की शुभकामनाएँ देता हूं। उन्होंने कहा कि आप सभी को ज्ञात होना चाहिए कि हमारे भारत वर्ष में करीब 280 वर्ष पहले ईस्ट इंडिया कंपनी हिन्दुस्तान में आई। कंपनी ने भारत में अपना साम्राज्य स्थापित किया और भारत वासी धीरे-धीरे ईस्ट इंडिया कंपनी में गुलामों की तरह कार्य करने लगे। ब्रिटिश शासन के लोगों ने तानाशाही के दम सपर भारत में 200 वर्षो तक शासन किया जबकि 1857 की क्रांति में अमर शहीद मंगल पांडे की शाहदत्त ने हिन्दुस्तान में क्रांति की लहर दौड़ गई देश मे चारो तरफ से ब्रिटिश शासन के अन्याय के खिलाफ आवाज उठने लगी। झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई, पंडित चन्द्रशेखर आजाद, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, भगत सिंह,



सुखदेव, राजगुरु, पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, तात्या टोपे, अशफ़ाक उलाह खा सहित अन्य अमर शहीदों ने हिन्दुस्तान को आजाद कराने में अपने प्राणों का बलिदान कर दिया। इस अवसर पर मेरठ मंडल अध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अमित सागर, मेरठ जिला महासचिव अमीर अहमद, युवा जिलाध्यक्ष सुनील शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी लोकेश शर्मा, कृष्ण शर्मा, महेश शर्मा, शिवम शर्मा, उज्वल शर्मा, महंत एनके त्रिपाठी, रजनीश त्यागी आदि लोग मौजूद रहे।

# सरस्वती इंस्टीट्यूट में मनाया गया आजादी का पर्व

**हापुड़।** सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ हापुड़ ने 79वां स्वतंत्रता दिवस भव्यता, एकता और राष्ट्रभक्ति की गहरी भावना के साथ मनाया। संस्थान के पूरे परिसर में उत्सव का माहौल था।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डा. बर्खा गुप्ता द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुआ। ध्वजारोहण के समय पूरा परिसर राष्ट्रगान की गूंज से गूंज उठा। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ अधिकारी, फैकल्टी, प्रशासनिक प्रमुख और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। अपने संबोधन में डा. बर्खा गुप्ता ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को नमन किया। उन्होंने चिकित्सा छात्रें से केवल कुशल डा. ही नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक बनने का आहवान किया और उन्हें नैतिक तथा ईमानदार चिकित्सा अभ्यास के



माध्यम से देश की प्रगति में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ के महाप्रबंधक एन वर्धाराजन ने कहा कि अनुशासन राष्ट्र निर्माण की नींव है और कर्म ही धर्म है का सिद्धांत ईमानदारी, परिश्रम और नि:स्वार्थ सेवा के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर चेयरमैन डा. जे. रामचन्द्रन और वाइस चेयरपर्सन राम्या रामचन्द्रन ने पूरे सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ परिवार को अपनी शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रेषित किए। साथ ही सीनियर एडवाइजर डा. आरके सहगल, डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आर दत्त और अस्पताल प्रशासक डा. वाईसी गुप्ता ने भी सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ का मानना है कि मानवता की सेवा करना ही सर्वोच्च देशभक्ति है और संस्थान इसी मिशन पर आगे बढ़ रहा है।

# पुलिस मुठभेड़ में बदमाश को लगी गोली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** थाना फेस-2 पुलिस की चेकिंग के दौरान शुक्रवार रात एक शातिर बदमाश पुलिस की गिरफ्त में आ गया। घटना सेक्टर-92 चौराहे की है। यहां पुलिस रूटीन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सामने से एक संदिग्ध युवक बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोकने का इशारा किया, लेकिन उसने रुकने के बजाय बाइक को तेज कर एनएसईजेड की ओर भगा दिया।



बाइक सवार की हरकत संदिग्ध लगने पर पुलिस टीम ने उसका पीछा करना शुरू किया। करीब 600 मीटर तक पुलिस टीम ने बदमाश को दौड़ाया। आरोपी बाइक को ग्रीन बेल्ट के पास बने नाले की ओर ले गया। इसी दौरान सामने से एक और पुलिस टीम आ गई। खुद को चारों ओर से घिरता देख बदमाश ने भागने की कोशिश की और अचानक बाइक गिराकर पैदल भागने लगा।

**पुलिस पर की फायरिंग:** पुलिस को चकमा देकर बच निकलना आसान नहीं था। जब बदमाश ने खुद को घिरा पाया तो उसने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर झोंक दिया। गोली तो पुलिस को नहीं लगी, लेकिन खतरे को देखते हुए टीम ने पहले चेतावनी दी और जब आरोपी नहीं माना तो जवाबी फायरिंग की। पुलिस की गोली बदमाश के पैर में लगी और वह मौके पर ही गिर पड़ा।

**बरामद सामान:** पकड़े गए आरोपी की पहचान सोनू उर्फ पगला के रूप में हुई, जो ग्राम गेझा थाना फेस-2 का रहने वाला है। उसकी उम्र लगभग 27 साल बताई गई है। मौके से पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा, बिना नंबर प्लेट की बाइक और 4 चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि यह मोबाइल फोन राह चलते लोगों से छीने गए थे।

**नौ मुकदमों में वांछित:** पुलिस जांच में सामने आया है कि सोनू उर्फ पगला पहले से ही शातिर अपराधी है। उस पर अब तक 9 मुकदमे दर्ज पाए गए हैं। यह लूट, चोरी और राह चलते लोगों से मोबाइल छीनने जैसी वारदातों में शामिल रहा है। पुलिस ने आरोपी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि सोनू का आपराधिक रिकॉर्ड अन्य जिलों और राज्यों को भी भेजा जा रहा है। जांच में यह भी देखा जा रहा है कि वह किन वारदातों में और शामिल रहा है। पुलिस का कहना है कि आरोपी अक्सर गैंग के साथ मिलकर वारदात करता था, इसलिए अब उसके साथियों की तलाश भी की जा रही है।

# पूर्व मंत्री नबाब सिंह नागर ने किया ध्वजारोहण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर आज मोहन इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर-62 में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर ने सम्मिलित होकर ध्वजारोहण किया और राष्ट्रगान के साथ सभी उपस्थित जनों ने देश के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण का संकल्प लिया।

समारोह में बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य और कविताओं की शानदार प्रस्तुतियों ने वातावरण को देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कर दिया। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए देश की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।



इस ऐतिहासिक दिन पर सभी ने एकजुट होकर यह संकल्प दोहराया कि वे राष्ट्र की सेवा में सदैव तत्पर रहेंगे और अपने कर्तव्यों का पालन पूरी निष्ठा से करेंगे इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती मौशमी बनर्जी,संचालक सचिन नागर, मनीष नागर समस्त शिक्षक एवं सहयोगीगण उपस्थित रहे।

# शारदा यूनिवर्सिटी में बीटेक स्टूडेंट ने दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र में स्थित शारदा विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले एक बीटेक (कंप्यूटर साइंस) के छात्र ने मानसिक तनाव में आकर अपने हॉस्टल में चादर से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधिकारियों और फॉरेंसिक टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया है, जहां सुसाइड नोट मिला है। जिसमें तनाव और दबाव के कारण सुसाइड करने की बात कही गई और इसके लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया गया है, पुलिस ने मामले जांच शुरू कर दी है।



शिवम डे, स्टूडेंट

थाना नॉलेज पार्क प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र के एक निजी अस्पताल से मेमो के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि एक हॉस्टल में रहने वाले बीटेक के छात्र शिवम डे पुत्र कार्तिक डे निवासी पूर्णिया मधुवनी बिहार उम्र 24 वर्ष द्वारा हॉस्टल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। उन्होंने बताया कि इस सूचना पर थाना पुलिस द्वारा हॉस्पिटल पहुँचकर पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी व फॉरेंसिक टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया है। मृतक के परिजन मौके पर मौजूद है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

वहीं घटना के बाद, पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें उसने अपनी मौत के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। सुसाइड नोट में लिखा है, "अगर आप यह पढ़ रहे हैं तो मैं मर चुका हूं। मैंने खुद से ही अपनी मौत का फैसला लिया है। इसमें किसी का हाथ नहीं है। मैं पिछले एक साल से ऐसा करने का सोच रहा था। यह दुनिया मेरे लिए नहीं है, मैं इसके लायक नहीं हूं। मैं बेकार हूं। कृपया पुलिस किसी को मेरी मौत के लिए हिरासत में न ले।"

बताया जा रहा है कि शिवम पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में था। नॉलेज पार्क प्रभारी निरीक्षक सर्वेश का कहना है कि छात्रा के कमरे से मिले सुसाइड नोट में आत्महत्या करने की बात लिखी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीड़ित स्वजन को सूचना दे दी है।

# सोसाइटी में बच्ची पर गिरा पत्थर

**सिर में लगी गंभीर चोट, 10 टांके लगाए गए**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-119 स्थित आम्रपाली प्लेटिनम सोसायटी में शनिवार को हादसा हो गया। यहां एक बच्ची के सिर पर पत्थर का टुकड़ा गिरा। पत्थर का टुकड़ा 25वीं मंजिल से टूटकर गिरा। पत्थर बच्ची के सीधे सिर पर गिरा। जिससे उसे गंभीर चोट लगी। वहां मौजूद लोग उसे अस्पताल लेकर पहुंचे।

जब बच्ची अस्पताल पहुंची उसे सिर से काफी खून निकल रहा था। डॉक्टर ने बच्ची को एडमिट किया और सिर में 10 टांके लगाए। उसे इलाज के लिए कैलाश अस्पताल रेफर किया गया। बच्ची की हालत अब ठीक है। बच्ची का नाम अद्विका पाटनी उम्र महज 12 साल है। इसी सोसाइटी में परिवार के साथ रहती है। बच्ची शनिवार को ट्यूशन से घर लौट रही थी। इस दौरान कॉमन एरिया में इमारत की 25वें फ्लोर से पत्थर का एक टुकड़ा नीचे गिरा जो सीधे बच्ची के सिर में लगा। जिससे बच्ची वहीं गिर गई। आसपास के लोगों ने परि. जनों को इसकी जानकारी दी और नजदीक के अस्पताल लेकर पहुंची। बच्ची सिर में 10 टांके आए है। लोगों में इस बात को लेकर आक्रोश है। उनका कहना है कि प्रबंधन की ओर से घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। जिससे आए दिन हादसे हो रहे है। कई बार प्रबंधन से इसकी शिकायत कर चुके है। लेकिन निर्माण पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे आए दिन प्लास्टर का टुकड़ा गिरता रहता है। फिलहाल बच्ची की हाल खतरे से बाहर है। उसका इलाज अस्पताल में किया जा रहा है।

## एक नजर

### यमुना एक्सप्रेसवे पर युवक की मौत, साथी घायल

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे पर रोडवेज बस ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक आकाश की मौत हो गई। आकाश राजस्थान का रहने वाला था। उसका साथी गंभीर रूप से घायल है। आकाश के भाई प्रदीप कुमार ने पुलिस को बताया कि आकाश नोएडा की एक कंपनी में काम करता था। शुक्रवार शाम को वह अपने दोस्त के साथ राजस्थान से बाइक पर नोएडा लौट रहा था। जेवर के पास यमुना एक्सप्रेसवे पर एक रोडवेज बस ने ओवरटेक करते समय उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। शनिवार को आकाश ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। आकाश के परिजनों ने रोडवेज चालक की लापरवाही का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। जेवर कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी बस चालक की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

### 45 मिनट तक लिफ्ट में फंसी महिला, थाने पहुंचे लोग

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा की एम्स ग्रीन एवेन्यू सोसाइटी के लोग इन दिनों लिफ्ट की बार-बार खराबी से परेशान हैं। सोसाइटी के निवासियों का कहना है कि यहां रोजाना कोई न कोई लिफ्ट में फंस जाता है, लेकिन बिल्डर और मेंटेनेंस टीम इसकी गंभीरता को नजरअंदाज कर रही है। ताजा मामला डी टावर का है। यहां काम करने वाली एक मेड नीचे जा रही थी, तभी 13वें फ्लोर पर अचानक लिफ्ट रुक गई। मेड करीब 45 मिनट तक लिफ्ट में फंसी रही। बाद में निवासियों ने दूसरी सोसाइटी के लिफ्ट ऑपरेटर को बुलाकर दरवाजा खुलवाया और महिला को बाहर निकाला। गनीमत रही कि इस घटना में किसी की जान को नुकसान नहीं पहुंचा।

**पहले भी हो चुकी बड़ी घटना:** निवासियों ने बताया कि इससे पहले भी सोसाइटी में लिफ्ट फ्री फॉल होकर नीचे गिर चुकी है। हालांकि उस समय भी किसी तरह से बड़ा हादसा टल गया था। इसके बावजूद मेंटेनेंस टीम ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

**थाने में की लिखित शिकायत:** घटनाओं से परेशान होकर रात में कई निवासी थाने पहुंच गए। उन्होंने बिल्डर और मेंटेनेंस टीम के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। लेकिन उनका आरोप है कि पुलिस केवल शिकायत लेती है, मुकदमा दर्ज नहीं करती।

**निवासियों ने दी चेतावनी:** निवासियों का कहना है कि लिफ्ट की खराबी से रोजाना उनकी जान खतरे में रहती है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही समाधान नहीं हुआ तो वे बिल्डर और प्रबंधन के खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### रेस्टोरेंट के कर्मचारियों को बंधक बनाकर पीटा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-39 थाने में एक नामी रेस्टोरेंट में सहायक प्रबंधक और कैशियर का काम करने वाले दो लोगों ने सात आरो. पियों के खिलाफ सेक्टर-39 थाने में मुकदमा दर्ज कराया। उन्होंने आरो. पियों पर चोरी का झूठा आरोप लगाने और बंधक बनाकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। मूलरूप से जेवर निवासी आमिल खान ने पुलिस को बताया कि वह दिल्ली के भीम नगरी अरविंदो मार्केट हौज खास स्थित दासा प्रकाश रेस्टोरेंट में असिस्टेंट मैनेजर के रूप में काम करते हैं। गाजियाबाद निवासी दोस्त विवेक भी उसी रेस्टोरेंट में कैशियर के रूप में काम करता है।

उसका आरोप है कि 11 अगस्त को दासा प्रकाश रेस्टोरेंट के संचालक अभिषेक, अर्जुन और उनके ड्राइवर राजा ने मिलकर विवेक पर चोरी का झूठा आरोप लगाया। वह विवेक को जबरन कार में डालकर नोएडा के सेक्टर-104 स्थित दासा प्रकाश रेस्टोरेंट में लेकर आए। इन लोगों ने उसे बंधक बना लिया। पीड़ित के अनुसार 12 अगस्त को लोकेंद्र चौहान, पंकज और लक्ष्मण ने दिल्ली के हौज खास स्थित रेस्टोरेंट से शिकायतकर्ता को चोरी का आरोप लगाते हुए कार में बैठा लिया। आमिल को भी आरोपी नोएडा के सेक्टर-104 स्थित रेस्टोरेंट में लेकर आ गए। पीड़ित का आरोप है इन्होंने रेस्टोरेंट के दूसरे तल पर उसे और दोस्त विवेक को तीसरी मंजिल पर बंधक बनाकर रख लिया। गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। एक कागज पर जबरन 27 लाख रुपये चोरी की बात लिखवाई। पीड़ित के अनुसार किसी तरह से वह गुरुवार को वह उनके कब्जे से निकलकर भागे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस का कहना है कि दोनों लोगों को दिल्ली से बंधक बनाया था। केस की विवेचना दिल्ली से होगी। शून्य अपराध संख्या पर मुकदमा दर्ज करके केस को दिल्ली ट्रांसफर कर दिया है।

# किसान भूजल दोहन के विरोध में कॉलेज पर करेंगे महापंचायत

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के मकनपुर खादर गांव में शनिवार को किसान एकता महासंघ की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश कसाना की उपस्थिति में यशपाल सिंह के निवास पर आयोजित की गई। पप्पू प्रधान ने बैठक की अध्यक्षता की, जबकि संचालन जिला अध्यक्ष अरविंद सेक्रेटरी ने किया।

संगठन के जिला संरक्षक मास्टर इंद्रपाल सिंह ने क्षेत्र में हो रहे भूगर्भ जल दोहन के विरोध में महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने कहा कि जल्द ही श्रप्प्ज विद्या विहार इंजी. नियरिंग कॉलेज पर एक महापंचायत आयोजित की जाएगी। उन्होंने चेता. वनी दी कि अगर भूगर्भ जल दोहन नहीं रोका गया तो किसान एकता महासंघ श्रप्प्ज पर अनिश्चितकालीन धरना देगा।

**कई नई नियुक्तियां हुईं:** बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए कई नई नियुक्तियां की गईं। सिकंदर सिंह को जिला उपाध्यक्ष और सतीश कुमार को जिला सचिव बनाया गया। दिनेश कुमार को सदर तहसील उपाध्यक्ष और चंद्रभान को सदर तहसील सचिव नियुक्त किया गया। नरसिंह को युवा जिला सचिव का दायित्व सौंपा गया। खुशपाल सिंह, लाला सिंह और विजय सिंह को जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। जीतू सिंह को ग्राम अध्यक्ष मकनपुर खादर का पद दिया गया।

कार्यक्रम में डॉ जाफर खान, अमित नागर, राकेश चौधरी, कर्मवीर भाटी, प्रवीण पहलवान समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# बारिश और जाम ने लोगों की परेशानी बढ़ाई

**नोएडा।** जन्माष्टी के दिन दोपहर बाद शहर के कई हिस्सों में बारिश व जाम की वजह से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वाहनों के रास्तों में बदलाव की वजह से लोगों को ज्यादा दिक्कत हुई। सेक्टर-33ए स्थित इस्कॉन मंदिर में जन्माष्टमी के कार्यक्रम के चलते रास्तों में बदलाव किया गया था। सेक्टर-53 गिझौड़ चौराहे से सेक्टर-24 एनटीपीसी अंडरपास के ऊपर तक का रास्ता वाहनों के लिए पूरी तरह से बंद था। ऐसे में सभी वाहन सेक्टर-25ए मोदी मॉल चौराहे से एडोब, सेक्टर-54 पुलिस चौकी होते हुए गंतव्य की ओर जा रहे थे। ऐसे में इस रास्ते पर वाहनों का दबाव अधिक था। सेक्टर-24 ईएसआई अस्पताल से लेकर सेक्टर-25 मोदी मॉल चौराहे के पास तक दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लगी हुई थी।

# सीवर ओवरफ्लो की समस्या से परेशान व्यापारियों ने प्रदर्शन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की प्रमुख जगम फार्म बाजार में सीवर ओवरफ्लो की समस्या से परेशान व्यापारियों ने शनिवार को प्रदर्शन किया। पिछले लंबे समय से व्याप्त समस्या का समाधान न होने पर रोष है। दुकानों के सामने गंदा पानी जमा होने से व्यापारियों के साथ खरीदारी के लिए आने वाले लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जन्माष्टमी के मौके पर आम दिनों की अपेक्षा बड़ी संख्या में लोग खरीदारी करने पहुंचे थे। लोगों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। बारिश होने पर यह समस्या और अधिक बढ़ जाती है। गंदा पानी पूरी सड़क पर बहने लगता है।

जगत फार्म बाजार के साथ शहर के अल्फा, बीटा, गामा, डेल्टा आदि आवासीय सेक्टरों में भी सीवर ओवरफ्लो की समस्या पिछले लगभग छह माह से बनी हुई है। लगातार शिकायत के बाद भी प्राधिकरण द्वारा समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है है। व्यापार एसोसिएशन द्वारा कई बार लिखित शिकायत भी की जा चुकी है। जगत फार्म में दुकान चलाने वाले व्यापारी मुकुल गोयल का कहना है कि सीवर ओवरफ्लो की कई बार शिकायत की गई,लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। दुकानों के सामने गंदा पानी जमा से कारोबार प्रभावित हो रहा है।

व्यापार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनजीत सिंह का कहना है कि जगत फार्म व गामा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के सामने सीवर ओवरफ्लो की समस्या नासूर बन चुकी है। पिछले लंबे समय से यहां सीवर ओवरफ्लो हो रहा है। कई बार शिकायत के बाद भी इसका स्थायी समाधान नहीं किया गया। ऐसे में दुकानदारों के साथ- साथ बाजार में खरीदारी करने के लिए आने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बारिश होने पर परेशानी और अधिक बढ़ जाती है। वहीं एक्टिव सिटीजन के सदस्य व सेक्टर बीटा-वन निवासी हरेंद्र भाटी का कहना है कि सीवर का गंदा पानी दुकानों व घरों के सामने सड़कों पर बह रहा है। इसकी दुर्गंध से लोगों का जीना दुर्लभ हो गया है। बीमारी फैलने का खतरा है। इस समस्या को बार-बार उठाए जाने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

# देश सेवा का कोई अवसर मिले, तो उसे खोना नहीं: रवि शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** फेडरेशन आरडब्ल्यूए सेक्टर 22 द्वारा शुक्रवार को 79वें स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर फहराया राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। ध्वज फहराने के बाद राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान को सभी ने एक सुर में गाया। इसके बाद देश की आजादी में प्रमुख भूमिका निभाने वाले क्रांतिकारियों को सभी ने याद किया। इस अवसर पर सेक्टर 22 आरडब्ल्यूए संरक्षक एवं कार्यकारी अध्यक्ष पंडित रवि शर्मा ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आइए आज हम देश और समाज के प्रति अपने कर्तव्य निभाने का प्रण लें, थोड़ा-थोड़ा प्रयास करते रहें। इस आजादी के लिए बहुत बड़ी कीमत हमारे क्रांतिकारियों को चुकानी पड़ी है। देश भक्ति की मिसाल हैं वे सभी वीर जिन्होंने देश को आजाद करवाया। देश को आजाद कराने के लिए हमारे कई क्रांतिकारियों ने अपनी जान की बाजी लगाई है ताकि हम सब चौन की नींद सो सकें। श्री शर्मा ने कहा कि दे सलामी उसे तिरंगे को जिससे तेरी शान है, सर हमेशा ऊंचा रखना इसका जब तक तुझमें जान है। इस मौके पर सेक्टर 22 निवासियों एकजुट होकर सलामी दी।



# व्यावसायिक भूखंड के लिए महज तीन आवेदन आए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण की व्यावसायिक भूखंड योजना में आवेदन करने का समय समाप्त हो गया। इस योजना में 10 भूखंड के लिए सिर्फ तीन आवेदन आए। प्राधिकरण ने आवेदन करने वाले एजेंसियों के कागजातों की जांच शुरू कर दी है। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि इस योजना में 20 हजार वर्ग मीटर से छोटे और बड़े क्षेत्रफल के भूखंड शामिल किए गए थे। आवेदन करने का तय समय समाप्त होने के बाद इस योजना में तीन आवेदन आए। इसके बाद एक-एक सप्ताह के लिए दो बार योजना की अवधि बढ़ाई गई, लेकिन कोई आवेदन नहीं आया।

इसके बाद योजना में आवेदन की प्रक्रिया बंद कर दी गई। अब आवेदन करने वाली एजेंसियों के कागजातों की जांच की जा रही है। कागजात सही पाए गए तो आगे ई-नीलामी की प्रक्रिया की जाएगी।

अधिकारियों ने बताया कि तीनों आवेदन हर अलग-अलग क्षेत्रफल की भूखंड की श्रेणी में आए हैं। ऐसे में कागजात सही मिलने की स्थिति में संबंधित आवेदकों को भूखंड मिलना तय है, लेकिन उनको आरक्षित मूल्य पर भूखंड आवंटित नहीं किया जा सकता है। संबंधित आवेदकों को ई-नीलामी के दिन तय कीमत से एक प्रतिशत की अधिक की बोली लगानी होगी, तभी उनको भूखंड मिलेगा। योजना सफल नहीं हो पा रही नोएडा प्राधिकरण की व्यावसायिक भूखंड योजना सफल नहीं हो पा रही है। महंगे रेट होने की वजह से अधिक संख्या में लोग आवेदन करने नहीं आ रहे हैं। इसी वजह से इस साल बाकी संपत्ति के आवंटन रेट बढ़ाए गए थे, लेकिन व्यावसायिक भूखंड संपत्ति के रेट में कोई बदलाव नहीं किया गया था।

# छज्जे के विवाद में दो पक्ष भिड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सदरपुर गांव में छज्जे के विवाद में दो पक्ष भिड़ गए। मारपीट में कुछ लोग घायल हो गए, जिनका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस मामले में दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सदरपुर निवासी रामकुमार ने बताया कि उनका पड़ोसी हीरालाल से छज्जे को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। बीते दिनों विवाद के बाद हीरालाल पक्ष के लोगों ने शिकायतकर्ता और उसके बेटे के साथ गाली गलौज और मारपीट की।

आरोपियों ने शिकायतकर्ता के बड़े बेटे के सिर पर रॉड से दो बार हमला किया। मारपीट का आरोप हीरालाल, उसके बेटे गजेंद्र, संदीप, हीरालाल की पत्नी वीरवती और बेटी मोनिका पर है। दूसरे पक्ष के हीरालाल का कहना है कि जब वह अपने घर के बाहर बैठे हुए थे तभी समय रामकुमार, उसका भाई बनवारी लाल, बेटे गुलशन और हर्ष कुमार पहुंच गए। आरोप है कि चारों ने हीरालाल की पत्नी के साथ अभद्रता की और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर चारों ने हीरालाल और उसके घर के अन्य सदस्यों के साथ मारपीट की। सिर पर रॉड से हमला होने के कारण हीरालाल बेहोश हो गए थे।


**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**


# झमाझम बारिश से 20 सेक्टरों में गुल रही बिजली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर में शुक्रवार के बाद शनिवार को भी झमाझम और रिमझिम बारिश से सप्लाई व्यवस्था पर भी असर पड़ा है। 20 से अधिक सेक्टरों में इंसुलेटर पंक्चर होने और लोकल फॉल्ट से कई घंटे तक सप्लाई बाधित रही। इससे लोगों को काफी दिक्कतों का भी सामना करना पड़ा। निगम कर्मचारियों को बारिश के बीच लोकल फॉल्ट को दुरुस्त करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शनिवार को बारिश से सबसे ज्यादा दिक्कतें देहात क्षेत्रों में रही। फिर शनिवार सुबह से लेकर रात तक बिजली आती और जाती रही। इसी तरह से सेक्टर-37 में लोकल फॉल्ट की वजह से सप्लाई बाधित रही।

सेक्टर-37 में आए फॉल्ट को दुरुस्त करने में कर्मचारियों को काफी दिक्कतें आई। बारिश से इंसुलेटर पंक्चर होने और लोकल फॉल्ट होने से सेक्टर-39, 47, 46, 20, 11, 12, 15, 19, 22, 25, 26, 27, 28, 30, 31, 33, 34, 52, 55 व 104 आदि सेक्टरों में कई घंटे तक बिजली बाधित रही। सेक्टर-56 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष संजय मावी ने बताया कि बारिश पड़ते ही घंटों के बिजली बाधित हो जाती है। निगम सप्लाई व्यवस्था में सुधार नहीं कर रही है। सेक्टर-105 बी पॉकेट एचआईजी अपार्टमेंट के आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष ओमवीर सिंह बंसल ने बताया कि सप्लाई की उचित व्यवस्था नहीं होने से घंटों के लिए सप्लाई बाधित रहती है।

# डीपीएस जीबीएन में मनाया स्वतंत्रता दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिल्ली पब्लिक स्कूल गौतम बुध नगर में समावे. शिता सिर्फ एक मूल्य नहीं है - यह जीवन जीने का एक तरीका है। 700 से ज्यादा छात्र कंधे से कंधा मिलाकर खड़े थे।

विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर सांस्कृति कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों ने देश रंगीला-रंगीला, मेरे देश की धरती सोना उगले, उगले हीरे मोती, वंदे मातरम, भारत माता की जय के साथ राष्ट्रगान सहित अन्य देश भक्ति और भजनों की प्रस्तुति कर समां बांध दिया। इस मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल सुप्रिती चौहान एवं स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। और सांकेतिक भाषा में प्रस्तुत किया। यह एक ऐसा पल था



जिसने दर्शाया कि हम कौन है। प्रिंसिपल सुप्रिती चौहान ने बताया यह शिक्षा का मंदिर है यहां पर सभी समुदाय के लोग एक साथ भारत माता की जय करो के साथ यही सच्ची देशभक्ति कही जाती है।

# गेल गैस कंपनी के पाइपलाइन में रिसाव होने से ग्रामीणों में मचा हड़कंप

## यमुना नदी के बीचो बीच पानी के फव्वारे आसमान की तरफ लगे उठने, गेल गैस कर्मचारियों ने की लाइन आपूर्ति बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** काठा गांव में गेल गैस कंपनी के पाइपलाइन में रिसाव होने से हड़कंप मच गया। यमुना नदी के बीचो-बीच गेल गैस कंपनी की पाइपलाइन में भयंकर रिसाव हो गया, जिससे यमुना नदी के बीचो बीच पानी के फव्वारे आसमान की तरफ उठने लगे।

काठा गांव के ग्रामीणों ने जब यह माजरा देखा तो दहशत में आ गए। माजरा देखने के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस और प्रशासन को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद मौके प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे तो पता चला कि गैल गैस कंपनी की पाइपलाइन में रिसाव हुआ है। इस गैस पाइपलाइन के जरिए



दिल्ली एनसीआर में गैस सप्लाई का काम किया जाता है। घटना की



जानकारी लगते ही एसडीएम और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के अधिकारियों को मामले की जानकारी दी। अभी तक 2 घंटे से ज्यादा हो चुके हैं लेकिन राहत बचाव के लिए कंपनी के कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचे हैं। वहीं दूसरी तरफ गैस रिसाव होने का सिलसिला लगातार जारी है। यमुना के बीचो-बीच तेज दबाव के कारण गैस और पानी हवा में ऊपर की तरफ उड़ते हुए दुख रहे हैं। एसडीएम निकेत वर्मा ने बताया कि गेल गैस की पाइपलाइन में पत्थर या अन्य कोई चीज टकराने से रिसाव हुआ है। गेल गैस कर्मचारियों ने लाइन आपूर्ति बंद करदी है और अब मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। जल्द ही इसको दुरुस्त कर लिया जाएगा।

## नगर पंचायत छपरौली कार्यालय में किया ध्वजारोहण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर धर्मेन्द्र अध्यक्ष नगर पंचायत छपरौली द्वारा कार्यालय परिसर मे ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के बाद एक गोष्टी का आयोजन किया गया, जिसमे राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, निरपेक्षता, सामाजिक एकता, साम्प्रदायिक सौन्दर्य, नशा मुक्ति आदि के बारे मे विचारको ने अपने-अपने विचार रखे तथा बनायी जा रही योजनाओ के बारे मे विस्तार से जानकारी दी, तत्पश्चात् कस्बा छपरौली मे तिरंगा यात्रा निकाली गयी। सधन्यवाद कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर तहजूब, विशाल कुमार, सेवाराम, रविन्द्र खोखर, पं. घनश्याम शर्मा, गुलसन मौर्य एडवोकेट, सभासदगण रामकुमार, रूपा स्नेहलता, शकुन्तला, आकाश खोखर, संजय वर्मा, अनिल खोखर, अजीत खोखर, इलियास, अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं निकाय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शहीद यतेन्द्र खोखर बदरखा को नमन कर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के बदरखा गांव में देश के अमर शहीद यतेन्द्र खोखर बदरखा को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए माल्यार्पण किया गया। उनके शहीद स्मारक स्थल पर ध्वजारोहण करते हुए युवा हिंदू वाहिनी भारत के प्रदेश अध्यक्ष व विश्व हिंदू महासंघ शिक्षक एवं बुद्धि जीवी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव शौकेंद्र खोखर बदरखा ने कहा कि अगर आज हम खुले में सांस ले रहे हैं तो यह सब हमारे अमर शहीदों की देन है। हम इन अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं शौकेंद्र खोखर बदरखा ने आज अपने गांव में 79 वे स्वतंत्रता दिवस पर देश के अमर



शहीद यतेंद्र खोखर के शहीद स्मारक स्थल पर ध्वजारोहण किया। गांव के गणमान्य लोगों ने इंकलाब जिंदाबाद अमर शहीद यतेंद्र खोखर अमर रहे के नारे लगाते हुए शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम में आजाद खोखर पंडित मोहन शर्मा यश खोखर तेजस्वी खोकर चेतन खोखर राजीव खोखर उदयवीर खोखर डा.सुधीर विजेंद्र आर्य कंवरपाल खोखर आदि ने देश के अमर शहीद यतेंद्र खोखर की स्मृति स्थल पर ध्वजारोहण किया।

## 79वां स्वतंत्रता दिवस पर निकाली गई देशभक्ति रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की याद दिलाने वाला 79वां स्वतंत्रता दिवस में परंपरागत सादगी के साथ-साथ उल्लास एवं आकर्षक ढंग से मनाया गया।

जिलाधिकारी ने राष्ट्र वंदना चौक पर वीर शहीदों को नमन करते हुए माल्यार्पण किया तथा बच्चों द्वारा निकाली गई देशभक्ति रैली को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के.पी. मलिक, राज्य मंत्री (वन एवं पर्यावरण, जंतु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन) ने कलेक्ट्रेट प्रांगण में ध्वजारोहण किया। प्रातः 8 बजे जिला, तहसील, ब्लॉक, नगर निकाय सहित सरकारी व गैर-सरकारी भवनों पर भी राष्ट्रीय



ध्वज फहराया गया। इसके उपरांत दोनों गणमान्य व्यक्तियों ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर वीर सपूतों की स्मृति को नमन किया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों ने स्वतंत्रता प्राप्ति के इतिहास एवं स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान पर अपने विचार साझा किए। जिलाधिकारी ने कहा कि यह दिन उन सभी शहीदों को नमन करने का अवसर है, जिनके बलिदान से हमें आजादी मिली।

जिलाधिकारी ने स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को शॉल एवं मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति गीतों से जनपद का वातावरण गुंजायमान रहा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले अस्पतालों एवं चिकित्सकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही महिला अस्पताल पहुंचकर उपचाराधीन मरीजों को फल वितरित किए और सेवाभावी कार्यों के लिए कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) पंकज वर्मा, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) शिव नारायण डिप्टी कलेक्टर मनीष यादव, ज्योति शर्मा, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी भास्कर पांडे, वरिष्ठ कोषाधिकारी मनीष कुमार सिंह, जिला आबकारी अधिकारी नवीन कुमार सिंह सहित अनेक अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

### एक नजर

## नगर पंचायत अग्रवाल मंडी टटीरी में स्वतंत्रता दिवस मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नगर पंचायत अग्रवाल मंडी टटीरी में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष सपना और अंकित शर्मा लिपिक दीपक कुमार मेंबर यूनिश खान सुभाष मनोज बुलबुल राजीव कुमार सहदेव शर्मा मुर्शलिम रोहित विनोद विकास मौजूद रहे।

## समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदानित वृद्धाश्रम, संजरपुर कैड़वा का किया भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी ने 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदानित वृद्धाश्रम, संजरपुर कैड़वा का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने आश्रम में रह रहे सभी समवासी वृद्ध जनों को फल, मिठाई और हैंड टॉवल वितरित किए तथा उनका हाल-चाल जाना।

जिलाधिकारी ने वृद्ध जनों से संवाद करते हुए कहा कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या हो, तो वे बेहिचक अवगत कराएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वृद्धाश्रम में सभी मूलभूत सुविधाएं जैसे साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, मनोरंजन के साधन आदि सुचारू रूप से उपलब्ध रहें। उन्होंने एसडीएम बड़ौत व समाज कल्याण अधिकारी को समय-समय पर वृद्धाश्रम का औचक निरीक्षण करने



के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान वृद्धाश्रम में साफ-सफाई, लूडो और कैरम जैसे मनोरंजन साधन, दैनिक समाचार पत्र एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध पाई गईं। जिलाधिकारी के आगमन से सभी समवासी प्रसन्न हुए और उन्होंने जिलाधिकारी को आशीर्वाद दिया। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर सभी वृद्ध जनों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, एसडीएम बड़ौत भावना सिंह, एसडीएम बागपत अमरचंद वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## कार्यकर्ताओं ने देश के अमर शहीदों को माल्यार्पण कर किया ध्वजारोहण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में विश्व हिंदू महासंघ के तत्वाधान में स्वतंत्रता दिवस पर नगर अध्यक्ष रवि कश्यप की अगुवाई में नगर की पट्टी मेहर से तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई जो नगर के बडौली रोड से होती हुई नगर के पीएन शर्मा पार्क शहीद स्मारक पर पहुंची जहां सभी कार्यकर्ताओं ने देश के अमर शहीदों को माल्यार्पण करते हुए ध्वजारोहण के साथ नमन किया। इस अवसर पर विश्व हिंदू महासंघ नगर अध्यक्ष रवि कश्यप ने कहा कि अगर आज हम देश की आजादी में आजादी से जी रहे हैं और खुले में हवा की सांस ले रहे हैं तो यह सब दिन हमारे अमर शहीदों की है जैसे खेत में किसान कड़ी मेहनत करके अपने परिवार को चलना है। इसी तरह हमारे देश का जवान बॉर्डर पर रहकर देश की सेवा कर रहा है। तिरंगा हमारे देश की आन बान शान है हाथों में तिरंगे लेकर सभी कार्यकर्ताओं ने इंकलाब जिंदाबाद वंदे मातरम पर राष्ट्रगान किया। आज पूरा देश आजादी 79वा स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित कर रहा है। इस मौके पर सुंदर पाल सैनी सुरेंद्र मलानिया बिजेंदर कश्यप गौरव शर्मा सुनील प्रजापति पप्पू प्रजापति हरिओम कश्यप पूर्व सभासद ओमप्रकाश कश्यप उर्फ टाटु नगर अध्यक्ष विश्व हिंदू महासंघ रवि कश्यप कृष्णपाल शर्मा संदीप कश्यप आदि मौजूद रहे।

## डॉ.शकील अहमद के निवास पर वीर सपूतों की याद में स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर डा.शकील अहमद के निवास माता कॉलोनी में देश को आजाद कराने वाले वीर सपूतों की याद में स्वतंत्रता दिवस पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें श्रोताओं की भारी भीड़ व कलाकारों की प्रस्तुति ने भाईचारे की संस्कृति को चार चांद लगाए। बागपत के जाने माने चिकित्सक डा. शराफत अली, एडवोकेट आरिफ बेग, मास्टर असद खान, मास्टर मोहम्मद आलिम, बृजमोहन गौतम, विजय कौशिक अम्बर, यासीन सलमानी रालोद नेता, सुधीर गंधर्व अध्यक्ष, मांगे खां, महंदी हसन, बब्बू सिद्दीकी, डा.मेहरबान रंगरेज, आशु दीवानजी, इकबाल मलिक, हाजी बबलू मलिक, मेहरबान कुरैशी, इरफान, कलाकार फिरोज खान, अकरम राजपूत, दिलशाद, सलीमू, विजय कौशिक अम्बर, बृजमोहन गौतम, मास्टर असद आदि कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र कुमार शर्मा व संचालन मास्टर मोहम्मद आलिम का रहा। प्रोग्राम में आए सभी कलाकारों व श्रोताओं का दिल की गहराई से आभार।

## जनता वैदिक कॉलेज में वीरेंद्र पाल ने किया ध्वजारोहण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जनता वैदिक कॉलेज में राष्ट्रभक्ति एवं उल्लास से ओत-प्रोत भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ, जिसे महाविद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह ने सम्पन्न किया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान गूंज उठा, जिससे परिसर में देशभक्ति का माहौल और भी प्रबल हो गया।कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक समिति की संयोजिका डा.गीता रानी एवं डा. अनुपम तिवारी द्वारा गरिमापूर्ण ढंग से किया गया। इस अवसर पर प्रबंध समिति के उप मंत्री सोदान सिंह एवं डा.महक सिंह ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के अमूल्य बलिदान, देश की एकता-अखंडता तथा शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। समारोह में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण, शिक्षणेत्तर कर्मचारी, एन.सी.सी. एवं एन.एस.एस. इकाइयों के सदस्यगण तथा विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में कशिश, अनु तोमर, ललिता आर्या, पंकज कुमार सहित अनेक छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत भाषण एवं कविताएं प्रस्तुत कर वातावरण को भावविभोर कर दिया।



## ध्वजारोहण कर भारत माता के चित्र पर किए पुष्प अर्पित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर की पट्टी चौधरान में चौधरी चौरासी देशखाप एवं अध्यक्ष सर्वसमाज खाप चौधरी सुभाष शर्मा के आवास पर स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में ध्वजारोहण एवं भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित किए हैं। इस मौके पर 84 ब्राह्मण समाज देश खाप चौधरी सुभाष शर्मा ने कहा कि अगर आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं तो यह सब हमारे स्वतंत्रता सेनानियों एवं अमर शहीदों की देन है। हम अपने देश के अमर शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते है।

कार्यक्रम में देशखाप (शंभु परिवार) की क्रांतिकारी वंशज़ किशनदेई को याद कर नमन किया गया। अपनी छोटी सैन्य टुकड़ी के



नेतृत्व साथ बड़ौत में डाक बंगले पर देश आज़ादी के लिए अंग्रेजों से हुए संघर्ष में वीर गति को प्राप्त होने पर ऐतिहासिक प्रकाश डाला गया। ऐसी महान क्रांतिकारी वीरांगना और देश की आज़ादी में अपना योगदान देने वाले अनेको वीर शहीदों को याद किया गया। वही इस अवसर पर थंबा चौधरी ओमकार दत्त शर्मा, समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव राजपाल शर्मा, चौधरी वेद प्रकाश शर्मा, जिलाअध्यक्ष राकेश शर्मा, सभासद रमेश शर्मा, इंजी लोकेश वत्स, श्रद्धानंद शर्मा, रवींद्र भारद्वाज,राममेहर शर्मा बीडीसी, राकेश शर्मा दिल्ली पुलिस से सेवानिवृत्ति दरोगा पंडित, राधेश्याम शर्मा, श्याम बिहारी शर्मा,ऋषि पाल बीटीडब्लू, सुरेंद्र शर्मा पटवारी, कृष्णपाल मास्टर, नरेन्द्र शर्मा एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## डीएम ने विद्यालय में ध्वजारोहण कर देशभक्ति एकता और अनुशासन का दिया संदेश



**शाह टाइम्स संवददाता**

**बागपत।** क्रिस्तु ज्योति कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 79 वे स्वतंत्रता दिवस का पर्व बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी एवं उप जिलाधिकारी अमर चंद्र वर्मा सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके आगमन पर राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) एवं बैंड की मधुर धुनों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। विद्यालय परिवार ने बुके भेंट कर और तालियों की गड़गड़ाहट से उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम के तहत डीएम ने विद्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण कर सभी को देशभक्ति एकता और अनुशासन का संदेश दिया। इसके पश्चात उन्होंने विद्यालय में जूनियर कम्प्यूटर लैब का उद्घाटन कर छात्रों को तकनीकी शिक्षा और प्रयोगात्मक ज्ञान की ओर प्रोत्साहित किया। ध्वजारोहण के बाद डीएम ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान, देश के विकास में युवाओं की भूमिका और शिक्षा के महत्व पर प्रेरणादायक संबोधन दिया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भाषण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र कल्लन खान से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

फाजिल खान पुत्र कामिल निवासी ग्राम टांडा थाना छपरौली तहसील बडौत जनपद बागपत।

## आजादी की 79वीं वर्षगांठ पर किया झंडारोहण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में स्वतंत्रता दिवस के पावन शुभ अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शहर अध्यक्ष रामहरी पंवार के नेतृत्व मे कांग्रेस पदाधिकारियों व कर्मठ कार्यकर्ताओ ने शहर मे एतिहासिक स्थल गाँधी चोक पर देश की आजादी का 79 वा वर्षगांठ उत्साह पूर्वक झंडा रोहण किया। राष्ट्रीय गान के उदघोष के साथ



भारत माता की जय के गगनभेदी नारों के साथ देश की आजादी के विषय मे विस्तार से प्रकाश डाला गया। देश की आजादी मे बहुमूल्य योगदान देने वाले अमर शहीदों को याद किया। बताया कि महात्मा गाँधी अपने भ्रमण पर बौत मे इसी स्थान पर आयें थे और झंडा फैहराया और एक सप्ताह यहाँ विश्राम भी किया था तब से ही यहाँ परम्परागत रूप से झंडा फहराया जाता है। तदुपरांत पंडित जवाहर लाल नेहरू व संजय गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया मिष्ठान्न वितरण किया गया।

## जिलाधिकारी ने किया उच्च प्राथमिक विद्यालय पहुंचकर ध्वजारोहण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल द्वारा गोद लिए गए उच्च प्राथमिक विद्यालय गौरीपुर जवाहर नगर का कायाकल्प कर समग्र रूप से सुविधाओं का विकास किया गया। विद्यालय के परिसर तक पहुंचाने के लिए सड़क निर्माणाधीन है, जबकि चारदीवारी, नए टाइल्स और आधुनिक फर्नीचर का काम पूरा कराया गया है। जिसके क्रम में आज 79 वें स्वतंत्रा दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय पहुंचकर ध्वजारोहण किया और राष्ट्रगान का वादन हुआ इसके बाद जिलाधिकारी ने ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत हुए कार्यों का बहुत ही सूक्ष्म स्तर से निरीक्षण किया और विद्यार्थियों से वार्ता की। विद्यार्थी स्कूल का नया स्वरूप देखकर अत्यधिक उत्साहित और भावुक हो उठे और जिलाधिकारी का शुक्रगुजार कर रहे थे। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें। विद्यालय की मूलभूत सुविधाएं बढ़ाना हमारा कर्तव्य है।

वर्तमान में उच्च प्राथमिक विद्यालय में 215 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं जिसमें 117 बालक में 98 बालिकाएं हैं कायाकल्प के अंतर्गत 19 पैरामीटर पर विद्यालय में कार्य किया गया है। यह कार्य सीएसआर फंड के माध्यम से किया गया है। विद्यालय में शिक्षण कार्य हेतु चार अध्यापक एवं एक अनुदेशक कार्यरत हैं। यह विद्यालय बागपत जिलाधिकारी द्वारा 2022 में गोद लिया गया था जिसकी स्थिति अच्छी नहीं थी। विद्यालय का इंफ्रास्ट्रक्चर अच्छा हुआ इससे निश्चित ही विद्यार्थी इस विद्यालय की ओर अधिक आएंगे और एडमिशन भी भविष्य में बढ़ेंगे। स्टूडेंट-फ्रेंडली वातावरण बनाने के लिए कक्षा एवं दीवारों पर रंगीन बाला पेंटिंग की गई है।

साथ ही वाला पेंटिंग कार्य के ज़रिये बच्चों की रचनात्मकता को मंच मिला। शौचालयों की व्यवस्था में सामान्य पृथक शौचालय के साथ दिव्यांग व्यक्तियों के उपयोग के अनुकूल विशेष शौचालय भी बनवाए गए हैं। वाटर कूलर जैसी व्यवस्थाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं, बच्चों के लिए कॉटन कैंडी व आइसक्रीम व्यवस्था भी स्वतंत्रता के अवसर पर सुनिश्चित की गई है। बच्चों ने आज विद्यालय का परिसर भव्य होने से उत्साह के रूप में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया और बच्चों ने विद्यालय में जिलाधिकारी के साथ संयुक्त रूप से प्रति भोज किया। जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूली इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना केवल इमारती सुधार नहीं है, बल्कि बच्चों को सुरक्षा, सम्मान और पढ़ने-लिखने के लिए प्रेरक माहौल उपलब्ध कराना भी है। अधिकारियों को हर ब्लॉक के चुनिन्दा सरकारी स्कूलों को आवश्यकतानुसार गोद लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है ताकि बुनियादी सुविधाएँ और पढ़ाई-लिखाई के स्तर में समान सुधार संभव हो सके। स्कूल के प्रधानाध्यापक व शिक्षकों ने इस पहल की प्रशंसा की और बताया कि अब सुरक्षित शौचालय, पक्की सड़क और चारदीवारी से न केवल बच्चों की सुरक्षा बढ़ी है, बल्कि पढ़ाई के लिए स्कूल में उपस्थिति भी बढ़ने की उम्मीद है।




शामली। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर तिरंगा यात्रा में शामिल डीएम व अन्य।




# जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया आजादी का पर्व

## कलेक्ट्रेट, सरकारी कार्यालयों, प्रतिष्ठानों, राजनीतिक दलों व शिक्षण संस्थाओं में लहराया तिरंगा















**शाह टाइम्स टीम**

**शामली।** शहर के बीएसएम स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह व प्रधानाचार्य राहुल चौधरी ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। राष्ट्रीय गान में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इसके पश्चात सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। उप प्रधानाचार्या आशु पंडित मौजूद रही। इसके अलावा शहर के रॉक गोल्ड एकेडमी में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुई, जिसे विद्यालय के चेयरमैन सुनील गोयल, वाइस चेयरमैन शिखर गोयल, डायरेक्टर प्रियांक गोयल, प्रधानाचार्या अनीता सिवाच, उपप्रधानाचार्य मार्क्स समपायो ले किया। बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों देकर वातावरण को उत्साह और गर्व से भर दिया। शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस अत्यन्त हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रबन्धक राजीव संगल ने ध्वज फहराया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सुशील कुमार गर्ग, नन्द कुमार कंसल, अरविन्द गर्ग, शरद जैन, संजय कुमार गोयल, संजय मित्तल, राजकुमार वर्मा, विजेन्द्र कुमार शर्मा, सतीश गोयल, कृष्ण कुमार शर्मा, संजीव कुमार, प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा मौजूद रहे। शहर के जैन कन्या इंटर कालेज में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। संस्थान के अध्यक्ष दीपक जैन, प्रबंधक वीरेन्द्र जैन, प्रधानाचार्या डा। रूचिता ढाका ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्या डा. रूचिता ढाका ने छात्राओं से आपसी भाईचारे के साथ रहने और देश को सशक्त बनाने में अपना सहयोग देने की अपील की। वही सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कालेज में 79वें स्वतन्त्रता दिवस का कार्यक्रम बडे हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। अध्यक्ष चन्द्रदेव धीमान, प्रबन्धक सुमीत कुमार, कोषाध्यक्ष गौरव सिंघल, सदस्य वेदप्रकाश के द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया गया। गढी पक्की स्थित जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज में 79 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। पुरातन छात्र डा.संजीव अग्रवाल, उप प्रबंधक नरेश सैनी, नीरज जैन, पाल सैनी ने झंडारोहण किया। प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार, नीरज शर्मा, विकेंद्र मलिक, अनुज शर्मा, नवीन कुमार, शंभूनाथ आदि मौजूद रहे। शहर के बीएस जूनियर हाईस्कूल में मुख्य अतिथि कांग्रेस के सहारनपुर कोर्डिनेटर ओमप्रकाश शर्मा ने ध्वजारोहण किया। स्कूली बच्चों द्वारा भव्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में प्रतिभागी बच्चो को ओमप्रकाश शर्मा द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर हौसला बढाया। मौके पर प्रधानाचार्या ममता गुप्ता, वैभव गुप्ता, बाबूखान, ओमवीर उपाध्याय, शेखरपाल, डा. पाल सिंह मौजूद रहे। शहर के हिन्दू कन्या इंटर कालेज में स्वतन्त्रता दिवस पर प्रबंधक मुनीश संगल ने ध्वजारोहण किया। मौके पर प्रधानाचार्या अलका संगल, नसीम भूरा, डा. अशोक कुमार, आदेश संगल, डा. श्रवण कुमार, डा. दीपाली गर्ग, राजेश जैन मौजूद रहे। शहर के स्प्रिट अप स्पेशल स्कूल एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर पर स्वतंत्रता दिवस पर स्पेशल चाइल्ड्स का अद्वितीय सांस्कृतिक उत्सव मनाया गया। मीनू भगत और आशुतोष सिंघल ने तिरंगा फहराकर स्वतंत्रता दिवस का उद्घोष किया। मौके पर ईशा, शौर्य, रेयांश, वीर कालखांडे, अमान, नमन, शिवराज, विराज मौजूद रहे। शहर के हिन्दू महिला महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर सचिव ब्रजभूषण संगल ने ध्वजारोहण किया। छात्रा प्रगति, साक्षी, दि, सकिना, पायल, नेहा, शिवानी, साला. ेनी, मिनाक्षी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्राचार्य डा. मंजू गर्ग ने देश के वीर शहीदों को याद किया।

**शामली।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारती पब्लिक स्कूल में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समाज सेविका मुख्य अतिथि और इनर व्हील क्लब की अध्यक्षा वीणा अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया विशिष्ट अतिथि वन स्टोर सेंटर प्रभारी गजाला त्यागी रही स्वागत गीत के बाद सभी बच्चों ने बड़े ही मनमोहक और एक से एक बढ़कर सांस्कृतिक कार्यक्रम कार्यक्रम किए वीणा अग्रवाल द्वारा बच्चों को कॉपियां, पैन और पेंसिल वितरित की गई किसके साथी उन्होंने स्कूल के दो बच्चों की फीस भी दी इस मौके पर हरेंद्र सिंह श्वेता भारद्वाज सपना अभिषेक डोली शबनम नईमां सोनिया आदि उपस्थित रहे।

**थानाभवन।** आजादी के अमृत महोत्सव की कड़ी में इस वर्ष का स्वतंत्रता दिवस नगर व क्षेत्र के स्कूलों में बेहद जोश और उल्लास के साथ मनाया गया। नगर के प्रमुख विद्यालयों लालालाज पत राय इंटर कॉलेज, कन्या इंटर कॉलेज, किसान इंटर कॉलेज, अर्पण पब्लिक स्कूल, अल्पाइन पब्लिक स्कूल, सरस्वती पब्लिक स्कूल तथा अल्पाइन विद्यापीठ आदि स्कूलों में राष्ट्रीय ध्वज फहराते ही प्रांगण देशभक्ति के नारों और गीतों से गूंज उठा।

विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान बच्चों ने मनमो. हक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कहीं देशभक्ति गीतों की धुन बजी तो कहीं बच्चों ने आजादी पर कविताएं सुनाकर सबको भावुक कर दिया। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए देशभक्ति नृत्य और नाट्य मंचन ने उपस्थित लोगों की तालियां बटोरीं।

**शामली।** 79 वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समर्पण सेवा ट्रस्ट एवं नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट एंड एक्टिविस्ट्स के तत्वाधान में 19 वे विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन पुलवामा शहीद प्रदीप कुमार द्वार कस्बा बनत में किया गया। साथ ही 20 वे स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन कांधला में पुराने पंजाब नेशनल बैंक पर किया गया। दोनों शि. विर में 86 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। बनत में शिविर का शुभारंभ सदर विधायक माननीय प्रसन्न चौधरी जी ने फीता काटकर किया। विधायक जी ने रक्तवीरों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया, विधायक जी ने बताया कि सभी को प्रत्एक 6 माह में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इससे अनेकों बीमारियों का नाश होता है ओर शरीर में नई कोशिकाएं बनती है।

संस्था के जिला सचिव डॉ कपिल कुमार ने बताया की संस्था समाज को रक्तदान करने के लिए जागरूकता अभियान चला रही है। इसी मिशन के अंतर्गत संस्था ने ए रक्तदान शिविर आयोजित किया है, रक्तदान करने से शरीर में कोई भी कमजोरी नहीं आती, 18 से 60 वर्ष की आयु के व्यक्तियों को वर्ष में 2 बार रक्तदान अवश्य करना चाइए, इससे आप स्वयं भी स्वस्थ रहते है और 3 ओर व्यक्तियों को जीवनदान दे सकते है। रक्तदान अवश्य करें। शि. विर में उपस्थित रहे संस्था के संस्थापक अमन नामदेव, नितिन कुमार, लवली भारद्वाज, चिराग नामदेव,वासू उपाध्याय, आशुतोष पंवार, निखिल खैवाल, ब्लड बैंक से डॉक्टर अभिषेक खेरा , सुपरवाइजर अजय , टैक्नीशियन अरविंद आदि उपस्थित रहे।

**कैराना।** शुक्रवार को राष्ट्र के 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कस्बे के मुख्य मार्ग पर गोल मार्किट में स्थित पत्रकार संगठन कैराना के कार्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नपा चेयरमैन शमशाद अहमद अंसारी बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम में पत्रकार संगठन कैराना के संरक्षक सुधीर चौधरी व महराब चौधरी के द्वारा मशहूर शायर, लेखक व वरिष्ठ पत्रकार रियासत अली ताबिश को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन अध्यक्ष संदीप इन्सां ने की, जबकि कुशल संचालन वरिष्ठ पत्रकार अंसार सिद्दीकी ने किया। इससे पूर्व, चेयरमैन के कर-कमलों द्वारा संगठन के कार्यालय पर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार ताराचंद सैनी, सुनील धीमान, यूसुफ त्यागी, मेहरबान अली कैरानवी, एम। इकबाल हसन, डॉ। अजमतुल्लाह, डॉ। सलीम फारूकी, सलीम चौधरी, अब्दुल सत्तार, अहसान सैफी, महताब शानू, सालिम अंसारी, सन्नी गर्ग, आशीष सैनी, डॉ। अरशद चौधरी, अलताफ चौधरी, दीपक बालान, वाजिद अली, इरफान चौधरी, शेखर चौहान, फिरोज खान, पुनीत गोयल, नदीम चौधरी, फारूख-ए-आजम, शहनवाज अली, स्वदेश चौधरी, सुहैब खान, आरिफ अली, सलमान चौधरी, देव. राज चौहान तथा पालिका सभासद महबूब चौधरी, शादाब चौधरी, हारुण कुरैशी, एडवोकेट शगुन मित्तल, सागर गर्ग, इंतजार अंसारी, चौधरी कादिर, गुड्डू सिद्दीकी, उम्मेद राणा, चेयरमैन पुत्र उमर अंसारी, राहुल चौधरी, विनीत चौहान, अर्श चौधरी, अभय चौहान समेत भारी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**कैराना।** नगर एवं क्षेत्र में देश का 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान सरकारी व गैर-सरकारी कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थानों में देश के सम्मान का प्रतीक राष्ट्रध्वज तिरंगा शान से फहराया गया।

शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर न्यायालय परिसर में जनपद न्यायाधीश इंद्रप्रीत सिंह जोश ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने आजादी के इतिहास व महापुरूषों के बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर विभिन्न न्यायालयों में तैनात न्यायिक अधिकारी व अधिवक्तागण उपस्थित रहे। वहीं, तहसील परिसर में एसडीएम निधि भारद्वाज व तहसीलदार अर्जुन चौहान, नगरपालिका में पालिकाध्यक्ष शमशाद अहमद अंसारी व ईओ समीर कश्यप, कोतवाली में सीओ श्यामसिंह व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री, किलागेट चौकी में चौकी प्रभारी एसआई विनोद राघव द्वारा ध्वजारोहण किया गया। दूसरी ओर मदरसा इशातुल इस्लाम में मौलन बरकतउल्ला अमीनी, मदरसा जामिया तुस्सादा में मौलाना इरफान, मदरसा फतहिया नगलाराई में मौलाना सलीम कासमी व गोल्ड कीज पब्लिक स्कूल में प्रबंधक राशिद अली चौहान व प्रधानाचार्य माजिद अली चौहान रष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया।

**जलालाबाद।** नगर पंचायत अध्यक्ष जहीर मलिक व सभासद ने नगर पंचायत प्रांगण में संयुक्त रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराय राष्ट्रगान गाया। इस मौके पर सभासद, कर्मचारी और स्थानीय नागरिक शामिल रहे। जिसके बाद नगर पंचायत कार्यालय से तिरंगा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई। जिसमें जूनियर हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं व नेशनल पब्लिक इण्टर कालेज के एनसीसी के जवानों ने हर घर तिरंगा यात्रा में भाग लिया, 'भारत माता की जय','वंदे मातरम' और 'जय हिंद' के नारे से नगर की हर गली व चौराहे गुंजायमान हो गए। ।तिरंगा यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए गांधी चौक पर पहुंची, जहां पर नगर पंचायत अध्यक्ष जहीर मलिक एवं सभासद राकेश शर्मा, इसाक सैफी, संजू सैनी, धर्मवीर सैनी, रशीद मंसूरी, राशिद चौधरी, सुनहरा कोरी आदि सभासदों ने राष्ट्रीय पिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके नगर पंचायत अध्यक्ष जहीर ने नगरवा. सियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं और नगर को स्वच्छ व सुंदर रखने का संकल्प लेने की अपील की। हर घर तिरंगा तिरंगा यात्रा का समापन किया गया। स्कूल काले. जो में स्वतंत्रता दिवस पर छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रा. ेत कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति की। वशिष्ट विद्या मंदिर गांधी चौक में देवेंद्र शर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया, उर्दू मकतब में प्रधानाचार्य शबाना सावेज द्वारा ध्वजारोहण किया गया, जयंती प्रसाद प्राथमिक विद्यालय में प्रबंधक सुशील जैन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।गुरु नानक कन्या इंटर कालेज में अध्यक्ष लाला उपेंद्र गुप्ता, प्रबंधक देवेंद्र आर्य,राजू बजाज, ईशाक मलक,ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। नेशनल पब्लिक इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य अदीब अहमद खान, ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल में प्रबंधक चंद्रसेन चौधरी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। जूनियर हाई स्कूल में प्रधानाध्यापक भूप सिंह,बीआरसी कार्यालय पर खंड शिक्षा अधिकारी राहुल धामा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। पुलिस चौकी कार्यालय पर पुलिस चौकी प्रभारी पवन कुमार,पंजाब नेशनल शाखा पर बैंक प्रबंधक श्रेष्ठ,बिष्ट ने तिरंगा फहराया। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा पर के प्रबंधक राशिद अली ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।विद्युत उपकेंद्र पर और अभियंता रविंद्र उपाध्याय ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

**शामली।** शहर के दिल्ली रोड़ स्थित शहीद वीर अब्दुल हमीद स्मारक पर 79वें स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल व सभासद कालू कुरैशी ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान अमर शहीदों को याद करते हुए उनको श्रद्धांजलि दी गई। चेयरमैन अरविन्द संगल ने कहा कि वीर अब्दुल हमीद ने देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया और देश की रक्षा की। ऐसे न जाने कितने नौजवान है, जिन्होने देश के लिए कुर्बानी दी है और हमे उनके बारे में जानकारी भी नही है। ऐसे में सभी वीर शहीदों की शहादत को कभी भुलाया नही जा सकता है। इस अवसर पर भारत माता की जयकारे गुंजायमान रहे। इसके बाद शहीद स्मारक से तिरंगा यात्रा भी निकाली गई, जो विभिन्न स्थानों से होते हुए संपन्न हुई। मौके पर सभासद गुलजार मंसूरी, तोहिद रहमानी, संदीप कुमार, नौशाद राव, प्रमोद जांगिड, बोबी निर्वाल, राशिद अली, महबूब राणा आदि मौजूद रहे।

**शामली।** 79 वे स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष मे शहर के उधम सिंह स्टेडियम में जिला खंले कार्यालय शामली द्वारा क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन बालक बालिका वर्ग में भव्य रूप से आयोजित किया गया। जिसमें बालक वर्ग में 5 किलोमीटर व बालिका वर्ग में 3 किलोमीटर क्रांस कंट्री प्रतियोगिता हुई।

क्रांस कंट्री दौड के विजेता खिलाडियों को जिला युवा कल्याण विळभाग से सचिन पंवार ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विजेता खिलाडियों को मेडल, ट्राफी, ट्रेकसूट प्रदान किए गए। उन्होने बताया कि बालक वर्ग में सादिब, अर्जुन, निखिल, गौरव, रिहान, आर्यन क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम, व छठे स्थान पर रहे। वही बालिका वर्ग में श्रृष्टि, अनुराधा, गार्गी, राधिका, निधि, अलीजा क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम, व छठे स्थान पर रही। इस अवसर पर खेलो इंडिया एथेलेक्टिस प्रशिक्षक भूपेन्द्र देव, सीनियर एथेटिक्स खिलाडी रवि शर्मा, कोच संजू रानी, प्रशांत मलिक आदि मौजूद रहे।

**शामली।** जिलेभर में राजनैतिक दलों द्वारा 79वें स्वतंत्रता दिवस पर अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए गए। पार्टी कार्यालयों पर ध्वजारोहण किया गया। साथ ही देश के शहीदों को याद करते हुए उनको सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

शहर के माजरा रोड़ स्थित समा. जवादी पार्टी के एमएलसी किरणपाल कश्यप ने अपने कार्यालय पर 79वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया। इस दौरान सपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे। एमएलसी किरणपाल कश्यप ने कहा कि शामली जिले से भी शहीद चौधरी मोहर सिंह जिनको तीन दिनों तक फांसी पर लटकाए रखा। स्वतंत्रता सेनाना ज्ञानदेवी धीमान के साथ 27 महिला, 270 पुरूष जिले के शहीद हुए। उनको याद करे। इस अवसर पर विकास कश्यप, गौरव कश्यप, डा. राजकुमार कश्यप, हरबीर कश्यप, जाकिर राणा, नरेश, जगमेहर, सुरेन्द्र, राजेन्द्र आदि मौजूद रहे। इसके अलावा बसपा द्वारा स्वतंत्रा दिवस के अवसर पर बाबा साहब भीमराव अंबडेकर की मूर्ति पर ध्वजारोहण किया गया। मंडल प्रभारी जनेश्वर प्रसाद, जिलाध्यक्ष सुनील जाटव ने ध्वजारोहण किया। उन्होने देश के शहीदों को याद करते हुए उनकी कुर्बानी को भी याद किया। इस अवसर पर संदीप कुमार, हरपाल सिंह कश्यप, वीर सिंह मालैंडी, विक्रांत बर्मन, राजकुमार डाबरा, सुरेन्द्र कुमार, ब्रजपाल सिंह, महावीर सिंह आदि मौजूद रहे। रालोद कार्यालय पर जिलाध्यक्ष वाजिद अली ने ध्वजारोहण किया। देश के शहीदों को याद करते हुए विचार गोष्ठी आयोजित की गई। मौके पर विक्रांत उर्फ छोटा, जिला पंचायत सदस्य उमेश कुमार, विकास धीमान, देवानंद गौड़, डा. मुबारक अली आदि मौजूद रहे। भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक तेजेन्द्र निर्वाल द्वारा ध्वजारोहण किया गया।










## स्वतंत्रता दिवस पर छलका गांव का दर्द कीचड़ भरी सड़कों से गुजरे मासूम बच्चे




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** आजादी के 78 साल बाद भी थानाभवन क्षेत्र के कई गावों के वासी बदहाल जिंदगी जीने को मजबूर है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जहां देशभर में तिरंगे लहराए जा रहे थे, देशभक्ति के गीत गूंज रहे थे वहीं थाना भवन क्षेत्र के गांव सोंटा रसूलपुर से आई एक तस्वीर ने पूरे तंत्र की पोल खोल. कर रख दी।

मदरसे के छोटे-छोटे मासूम बच्चे, जिनके हाथों में तिरंगा और सीने पर तिरंगे की पट्टी थी, स्वतंत्रता दिवस की प्रभात फेरी निकालते हुए गांव की गलियों से गुजर रहे थे। लेकिन यह गली किसी सड़क जैसी नहीं, बल्कि दलदल और कीचड़ के ढेर जैसी नजर आ रही थी। जगह-जगह पानी भरा था, कीचड़ से लथपथ रास्तों पर बच्चे बड़ी मुश्किल से संतुलन बनाकर चल रहे थे। कुछ बच्चों ने नाक ढक रखी थी, तो कुछ अपने कपड़े बचाते हुए तिरंगे को भी थामे आगे बढ़ रहे थे।यह नजारा देखकर साफ जाहिर हो जाता है कि नेताओं के बड़े-बड़े भाषण और विकास के वादे जमीन पर पूरी तरह ध्वस्त हो चुके हैं।ग्राम प्रधान, विधायक, सांसद, जैसे जनप्रतिनिधिओ के वादे हवा-हवाई दिखाई पड़ते है हालात जस के तस बने हुए है वोट मांगते वक्त नेता बड़े-बड़े दावे करते हैं। लेकिन जैसे ही चुनाव खत्म होते हैं और कुर्सी मिलती है, सब कुछ हवा-हवाई हो जाता है। आम जनता और गांव की समस्याएं फिर से उसी अंधेरे में धकेल दी जाती हैं। गांव वासी अजीम राव का कहना है कि सड़क और नाली जैसी बुनियादी सुविधाएं यहां सालों से उपेक्षित हैं। बरसात होते ही गांव की अधिकांश सड़के कीचड़ और गंदगी से भर जाती है। बच्चों और महिलाओं को रोजाना भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। छोटे-छोटे बच्चे गंदगी से होकर स्कूल और मदरसे जाते हैं। बीमारी और मच्छरों का प्रकोप तो आम बात हो चुकी है।

लोगों ने नेताओं की जिम्मेदारी पर सवाल उठाते हुए कहा कि हर चुनाव में नेता गांव-गांव जाकर वोट मांगते हैं। सड़क, नाली, बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं के वादे किए जाते हैं। लेकिन जैसे ही चुनाव जीत जाते हैं, वही नेता गांव का रुख तक करना भूल जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव सोंटा रसूलपुर इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। यहां कीचड़ भरी सड़कों पर चलना किसी सजा से कम नहीं है। आजादी के बाद भी अधूरी आजादी है।गांववालों का कहना है कि आजादी के दशकों बाद भी अब तक मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। नेताओं के भाषणों में गांव के विकास की बड़ी-बड़ी बातें होती हैं, लेकिन जमीनी हकीकत बिल्कुल उलट है। आज भी गांव के लोग टूटी-फूटी सड़कों और गंदगी के बीच रहने को मजबूर हैं। तस्वीर ने प्रशासन को आईना दिखाया।सोंटा रसूलपुर की यह तस्वीर केवल एक गांव की नहीं, बल्कि उन हजारों गांवों की हकीकत है जो अब भी विकास से कोसों दूर हैं। ए तस्वीर बताती है कि आजादी के 78 साल बाद भी देश के कई हिस्सों में आजादी का मतलब सिर्फ वोटों की राजनीति बनकर रह गया है।












### सरूरपुर क्षेत्र के डाहर गांव में फैली सनसनी

# दो दिन पुराना शव मिलने से मचा हड़कंप

**■ घर के अंदर हुई थी घटना, मां-बाप गहरे सदमे में, क्षेत्र में दौड़ी शोक की लहर**



मृतक का फाइल फोटो।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** क्षेत्र के डाहर गांव में शनिवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब 35 वर्षीय युवक का शव घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। शव करीब दो दिन पुराना होने के कारण बुरी तरह सड़-गल चुका था। जैसे ही परिजनों ने शव देखा, चीख-पुकार मच गई और देखते ही देखते सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। मृतक की पहचान बिंदर पुत्र चंद्र किरण निवासी डाहर के रूप में हुई है। युवक का शव कमरे के अंदर पड़ा था। बदबू फैलने पर आसपास के लोगों को शक हुआ और जब परिजन कमरे में पहुंचे तो उनके होश उड़ गए।

**मां-बाप का रो-रोकर बुरा हाल**

बिंदर के शव को देखकर परिवार में कोहराम मच गया। मां-बाप अपने इकलौते बेटे के शव से लिपटकर बिलखते रहे। उनकी चीख-पुकार सुनकर गांव का हर शख्स गमगीन हो गया। पड़ोसियों और रिश्तेदारों ने किसी तरह परिजनों को संभालने की कोशिश की लेकिन घर का माहौल मातम में बदल गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अजय शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

**थाना प्रभारी ने बताया:** शव की हालत काफी खराब है, यह करीब दो दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। मौत के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ होगी। मामले की जांच हर पहलू से की जा रही है। इस घटना ने पूरे गांव को हिला कर रख दिया। एक ओर युवक की मौत से गांव में शोक की लहर है तो दूसरी ओर लोगों के बीच डर और तरह तरह की चर्चाएं हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इतनी रहस्यमयी हालात में शव का मिलना कई सवाल खड़े करता है। इस घटना ने क्षेत्र के लोगों को झंझोरकर रख दिया है। घटना के हर पहलू पर ध्यान दिया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना का जल्द खुलासा किया जाएगा।

## कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ता पहुंचे दिल्ली मुख्यालय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वतंत्रता दिवस पर मेरठ कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष विनोद सोनकर के नेतृत्व में कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ता कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन दिल्ली पहुंचे। जहां राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडके ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान राहुल गांधी सहित कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता गण व कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे। विनोद सोनकर ने बताया कि सेवादल हमेशा से गरीबों के हितों की बात करती है हमारा प्रयास है कि कोई भी परेशान न हो।

# आज ग्राम बाफर में होगा ऑल इण्डिया सांगवान खाप मिलन समारोह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ऑल इंडिया सांगवान खाप के द्वारा रविवार को चतुर्थ सांगवान परिवार मिलन समारोह का आयोजन ग्राम बाफर स्थित विवेक रिसॉर्ट में किया जा रहा है। खाप अध्यक्ष उत्तर प्रदेश चौधरी बलिस्टर सांगवान ने बताया कि उत्तर प्रदेश में यह सम्मेलन पहली बार हो रहा है। इस सम्मेलन में सांगवान परिवारों के प्रतिभाशाली छात्र एवं विभिन्न क्षेत्रों खेलो, राजपत्रित अधिकारियों, सामाजिक क्षेत्रों आदि में सांगवान परिवारों का नाम रोशन करने वालों को सम्मानित किया जाएगा।

विवेक सांगवान बाफर ने बताया कि सांगवान मिलन समारोह की पूरी तैयारी कर ली गई है। दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों से आने वाले सभी सांगवान परिवारों के ठहरने एवं खाने आदि की व्यवस्था पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम में ऑल इंडिया सांगवान परिवार के प्रधान चौधरी सोमवीर सिंह सांगवान, सचिव चौधरी नरसिंह सांगवान विधायक चरखी दादरी, सुनील सांगवान, मनीषा सांगवान, पूर्व विधायक नरपेन्द्र सांगवान, पूर्व विधायक जगजीत सांगवान, पूर्व विधायक विजय भण्डोला सांगवान के अतिरिक्त अलीगढ़ से नरेंद्र सांगवान, पंजाब से हरजीत सिंह सांगवान, मध्य प्रदेश से राकेश सांगवान डीएसपी गुड़गांव गरिमा सांगवान, सांसद राजकुमार सांगवान, पूर्व एमएलसी जगतसिंह, कर्नल अरुण कुमार, चौधरी हरेंद्र सिंह आदि कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

## आजाद समाज पार्टी ने निकाली तिरंगा बाइक रैली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आजाद समाज पार्टी के नेता सागर लिसाड़ी ने 79 वां स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर विशाल तिरंगा बाईक महारैली का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने विशाल तिरंगा बाइक रैली में देश भक्ति गानों पर झूम उठा। वहीं आजाद समाज पार्टी के नेता सागर लिसाड़ी व फहीम रंगरेज ने बताया कि हमारा देश 15 अगस्त 1947 को आजाद हुआ था जिसका हम भारतीय लोगों जश्न और खुशी मनाते हैं। विशाल तिरंगा बाइक रैली में लगभग तीन हजार से ज्यादा लोगों ने भाग लिया। रैली गांव लिसाड़ी, नूर नगर, रेलवे स्टेशन से होते हुए मेरठ कचहरी बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर जी की मूर्ति पर माल्यर्पण कर समापन किया गया। इस दौरान चरण सिंह एडवोकेट, बृज मोहन, पिंकल गुर्जर, अली शेर, अमित गुर्जर, साजेब रिजवी, मो. अनस, फाइम रंगरेज आदि मौजूद रहे।

# अज्ञात युवक का शव मिलने से फैली सनसनी

### शुक्रवार की सुबह पूर्व जिला पंचायत सदस्य सड़क के किनारे मिले थे लहूलुहान

**■ 24 घंटे में दो घटनाओं से क्षेत्र में मचा हड़कंप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** चौकी क्षेत्र में बीते 24 घंटे के अंदर दो घटनाएं हो गई जिससे सनसनी फैल गई और लोगों के बीच तरह तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है। पहली घटना शुक्रवार सवेरे की है। चौकी क्षेत्र के ग्राम देदवा गांव के बाहर सोफीपुर मार्ग पर सड़क के किनारे पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजीव निवासी ग्राम चिरोडी थाना दौराला लहूलुहान हालत में पड़े थे सूचना पर लावड़ चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को राहगीरों की मदद से मोदीपुरम एसडीएस ग्लोबल अस्पताल पहुंचाया जहां उनका इलाज चल रहा है। इस घटना के 24 घंटे के अंदर ही शनिवार की सुबह लगभग 10 बजे कस्बे में कोल्ड स्टोरेज के सामने अंदावली रोड पर समय सिंह की ट्यूबवेल पर पेड़ के नीचे एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा था खेतों में काम करने गए लोगों ने इसकी सूचना भाजपा नेता मोहन सैनी को दी।

जिसके बाद मोहन सैनी मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी इंचौली थाना प्रभारी जितेंद्र त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे उन्होंने शव की शिनाख्त कराने की काफी कोशिश की लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी शव के पास कोई आईडी या मोबाइल भी नहीं मिला केवल उसके हाथ पर मनोज लिखा हुआ था मृतक की उम्र लगभग 26 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए मेडिकल भिजवाया।

थाना प्रभारी जितेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजीव चिरोड़ी घायल अवस्था में मिले थे जिनका निजी अस्पताल ने इलाज चल रहा है उन्होंने बताया कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है जांच के बाद सच्चाई सामने आ सकेगी। वहीं अज्ञात शव मिलने पर थाना प्रभारी ने बताया कि युवक के एक हाथ पर मनोज लिखा हुआ है काफी मशक्कत के बाद भी युवक की पहचान नहीं हो सकी है शव को मोर्चरी भेज दिया गया है।

**हत्या या आत्महत्या पुलिस की जांच में आएगा सामने**

अज्ञात शव के गले में एक रस्सी बंधी हुई थी और आधी रस्सी पेड़ पर बंधी हुई थी जिससे कयास लगाए जा रहे हैं कि युवक ने पेड़ से लटककर आत्महत्या की होगी जिसके कुछ समय बाद रस्सी टूट गई होगी और शव नीचे गिर गया। हालांकि अभी कुछ भी कहना संभव नहीं है अब पीएम रिपोर्ट ओर पुलिस की जांच के बाद ही स्थिति साफ हो सकेगी कि युवक ने आत्महत्या की है या उसकी हत्या की गई है। पुलिस की कढ़ी मशक्कत के बाद भी मृतक की पहचान नहीं हो सकी युवक ने नीली जींस और चैक की शर्ट पहनी हुई है।

### एक नजर

## सेंट जेम्स के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने ए वतन तुझको मेरी कसम गीत गाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा सुभाषपुरी स्थित सेन्ट जेम्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 79वां स्वन्त्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधानाचार्य डॉ. नवीन सिंह व मुख्य अध्यापिका अर्पणा सिंह ने किया। उन्होंने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगीत गया। हेड ब्वाय चिराग लाटा ने स्वतन्त्रता दिवस पर अपना भाषण दिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति गीत ए वतन तुझको मेरी कसम गाकर सबको मंत्रमुग्ध किया। मुख्य अध्यापिका द्वारा प्रेरणादायक भाषण दिया गया जिसमें बच्चों को आजादी के लिए संघर्ष करने वाले वीरों के योगदान को स्मरण किया व तिरंगे के महत्त्व को समझाया। प्रधानाचार्य डॉ. नवीन सिंह ने अपने संदेश में आजादी के महत्व को बच्चों को समझाया तथा देश की सुरक्षा व एकता के लिए संदैव तन, मन, धन, से न्यौछावर रहने के लिए प्रेरित किया व बच्चों को राष्ट्र के प्रति उनके कर्तव्य व अधिकारों के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

## स्वतंत्रता दिवस: डीएवी के विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शास्त्री नगर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्राध्यापक सतवीर सिंह विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्राध्यापक स्नेह वीर सिंह विभागाध्यक्ष पॉलिटिकल साइंस, दिगंबर जैन डिग्री कॉलेज डॉ. अंशु अग्रवाल सह प्राध्यापिका साइकोलॉजी विभाग तथा डॉ. शर्मा क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी स्कूल, यूपी जोन-ए उपस्थित रहे। बीदेश की समृद्धि एकता और शांति का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराते हुए राष्ट्रीय गान की गूंज से पूरा प्रांगण गूंज उठा। डॉ. अल्पना शर्मा ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं व आशीर्वाद देते हुए संदेश दिया कि आज के विद्यार्थी कल के निर्माता हैं। प्रधानाचार्या अपर्णा जैन ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारे देश की आजादी का प्रतीक है, विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित करने का इससे श्रेष्ठ अवसर नहीं हो सकता। इसी उपलक्ष्य में डीएवी के विद्यार्थी, जिन्होंने अपनी प्रतिभा से विद्यालय को गौरवान्वित किया, उनकी प्रतिभा को सम्मानित करने हेतु उपलब्धि दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें सत्र 2024-25 के प्रतिभावान छात्रों को प्रोत्साहित किया गया।

# सिवालखास में निकाली तिरंगा बाइक रैली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** स्वतंत्रता दिवस पर ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा जानी क्षेत्र में बड़ी धूमधाम से निकलीं। जिसमें युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। तिरंगा यात्रा गांव कुराली से निकली। जिसका आयोजन भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज चौधरी के नेतृत्व में किया गया। यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के संयोजक व नेता राहुल ढडरा रहे। तिरंगा यात्रा में भारत माता और अमर शहीदों का गुणगान किया गया।

इंकलाब जिंदाबाद के नारों ने समा बंधा, जानी क्षेत्र तिरंगा यात्रा सबसे पहले कस्बा सिवाल खास भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर हिमालय पर हुआ। राहुल ढडरा ने कहां की बाबा भीमराव अंबेडकर जैसे महान व्यक्ति बार-बार पैदा नहीं होते उन्होंने संविधान लिखा था राहुल ढडरा ने कहा की हमें फक्र है कि हम तिरंगा झंडा लेकर अपने साथ चल रहे हैं और बड़े जोश और जज्बे के साथ इस पर्व को मना रहे है। तिरंगा यात्रा डालूहेड़ा रावा मोहम्मदपुर बहरामपुर खास नेक ढडरा अमानुल्लापुर सतवाई टिकरी और उसके बाद इसका समापन सिसोला खुर्द में किया गया। इस दौरान महामंत्री मनोज फौजी मंडल उपाध्यक्ष, अनुज जाटव, नरेंद्र सिसोला, रामधन सिसोला, हिमांशु, पवन प्रदेश कार्य सदस्य, राकेश कश्यप, मंडल मंत्री सहदेव जाटव, ब्रजवीर सैनी, मंडल के उपाध्यक्ष बंटी विश्वकर्मा दीपेश आदि मौजूद रहे।

## किड्जी एवं जेड बी स्कूल में ध्वजारोहण, नायाब तहसीलदार का हुआ सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शांति कालोनी स्थित किडजी एवं जेड बी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे नायाब तहसीलदार सचिन चौधरी ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तिरंगा फहराते ही पूरे प्रांगण में भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष गूंज उठे। ध्वजारोहण के बाद बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नन्हे-मुन्नों ने देशभक्ति गीतों, कविताओं और नृत्यों से दर्शकों का दिल जीत लिया। विद्यालय परिसर देशभक्ति के गीतों और नारों से गूंज उठा।



कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्रबंधक शोएब खान व अजमल हुसैन ने नायाब तहसीलदार सचिन चौधरी को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिथि ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें देश की आजादी के लिए दी गई कुर्बानियों को याद करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संकल्प लेने का दिन है। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## अधिवक्ता अरविंद कुलश्रेष्ठ पांच साल के लिए निलंबित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एक मुकदमे में गलत पैरवी करना एक अधिवक्ता को भारी पड़ गया बार काउंसिल उत्तर प्रदेश ने अधिवक्ता को 5 साल के लिए न्यायिक कार्य करने से निलंबित कर दिया। सूत्रों के अनुसार शरद जैन व उनकी पत्नी लक्ष्मी देवी के षड़यंत्र में शामिल वकील अरविंद कुलश्रेष्ठ के द्वारा सचिव संजय जैन ऋषभ एकेडमी स्कूल पर झूठा मुकदमा करने के लिए व पैसो की अवैध उगाई के प्रमाणपत्र को झूठा बताने के लिए कोर्ट को गुमराह किया था। जांच में साबित हुआ है कि अधिवक्ता अरविंद न्यायालय को गुमराह करने की कोशिश कर रहे थे संजय जैन की शिकायत पर बार काउंसिल ने इसमें जांच कराई और दोषी अधिवक्ता को निलंबित कर दिया।

## जानी ब्लॉक में मनाया 79 वां स्वतंत्रता दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शुक्रवार को पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ 79 स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया सभी निजी संस्थान और सरकारी कार्यालय पर तिरंगा फैराकर जन गण मन गया और देश की आन बान और शान के लिए तिरंगे को सैल्यूट किया वहीं जानी ब्लॉक के राजकीय पशुचिकित्सालय में पशु चिकित्सा अधिकारी सुनंदा पांडे ने झंडा फहराया। उन्होंने कहा कि देश के शहीद सुखदेव राजगुरु रामप्रसाद बिस्मिल चंद्रशेखर आजाद जैसे देश भक्त आजादी के लिए कुर्बान हो गए यह बड़े फक्र की बात है कि हम आज अपने तिरंगे झंडे के लिए एक साथ खड़े हैं। इस दौरान फार्मासिस्ट राज बहादुर सिंह व कार्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

# वेंक्टेश्वरा परिसर हुआ देशभक्ति से ओत-प्रोत

### भ्रष्टाचार मुक्त अखण्ड भारत के निर्माण में दें अपना योगदान: सुधीर गिरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** 79वें स्वतन्त्रता दिवस एवं आजादी के अमृत महोत्सव पर वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान में 101 फीट ऊंचे विशाल तिरंगे के ध्वजारोहण समेत देशभक्ति से ओत-प्रोत एक दर्जन से अधिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। देर शाम तक चले इस शानदार आयोजन में ध्वजारोहण तिरंगा रैली, सांस्कृतिक संध्या समेत एक दर्जन से अधिक कार्यक्रम आयोजित किये गये।

इस शानदार समारोह में विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियो एवं मेधावियो को सर्टीफिकेट एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया। स्वतन्त्रता दिवस पर आयोजित ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक समारोह का शुभारम्भ समूह चेयरमैन सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. कृष्ण कान्त दवे, डॉ. मधु चतुर्वेदी, कुलसचिव डॉ. पीयूष कुमार पाण्डेय आदि ने भारत मां की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं ध्वजारोहण करके किया। अपने सम्बोधन में समूह चेयरमैन सुधीर गिरि ने कहा कि सीमा पर जाकर देश के दुश्मनो से लड़ना तो चन्द लोगो के ही नसीब में होता है, पर केवल बार्डर पर लड़ना ही देश सेवा नहीं है।





देश के आम नागरिक, बच्चे, युवा, बुजुर्ग, मातृशक्ति भी अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में रहकर भ्रष्टाचार मुक्त अखण्ड भारत के निर्माण में अपना योगदान देते है, तो ये भी सच्ची देश सेवा की श्रेणी में आता है। कार्यक्रम को प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. कृष्ण कान्त दवे एवं कुलसचिव डॉ. पीयूष कुमार पाण्डेय ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर डॉ. राजेश सिंह, डॉ. बी.एस. त्यागी, एच.आर. हेड कुलदीप सिंह, रंजीत सिंह मुलतानी, एपीओ कृष्ण गुजर, डॉ. एस.एन. साहू, डॉ. सुमन कुमारी, प्रीतपाल सिंह एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

## सेंट थॉमस इंग्लिश मीडियम स्कूल में शानदार रहा स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** छीपी टैंक स्थित सेंट थॉमस इंग्लिश मीडियम स्कूल में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह एंव देशभक्ति की भावना से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय को फूलों तथा तिरगें झंडों से सजाया गया। समारोह का आरंभ प्रधानाचार्या अनुग्रह डीन ने राष्ट्रीय ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रगान गाया तथा अन्य देशभक्ति से पूर्ण गीत गाए गए। विद्यालय में परेड के उपरान्त सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गयी। जिस में नर्सरी कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा तक के छात्र - छात्राओं ने बड़े उत्साह से भाग लिया तथा अपनी प्रतिभाओं का परिचय दिया। इस कार्यक्रम में देशभक्ति से प्रेरित सामुहिक नृत्य, नाटक, कविताएं प्रश्नोत्तरी और भाषण आदि शामिल थे। विशेषतौर से नाटक द्वारा स्वतंत्रता प्राप्ति में देशभक्तों तथा क्रान्तिकारियों और बलिदानियों के योगदान को याद किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की समाप्ति पर प्रधानाचार्या द्वारा स्वतंत्रता दिवस के महत्व तथा देशभक्ति की भावना के विषय में प्रेरक भाषण दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वाईट हाउस एवं शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

# जूनियर नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जीता रजत पदक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गलगोटिया यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा में आयोजित हुई चौथी अंडर 15 सब- जूनियर नैशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता में कुसेन्दर पाल सिंह बॉक्सिंग अकैडमी भराला के प्रशिक्षु अनिक बाबरा ने 58 कि.ग्रा. भार वर्ग में उत्तर प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए रजत पदक जीतकर क्षेत्र व प्रदेश का नाम रौशन किया, अपने प्रीक्वार्टर मुकाबले में तेलंगाना के मुक्केबाज को हराया, सेमी फाइनल मुकाबले मं दमनदीप के मुक्केबाज को हराया, फाइनल मुकाबले में हरियाणा के मुक्केबाज से हार का सामना करना पड़ा। प्रशिक्षु वर्धमान एकेडमी स्कूल कक्षा 8 का छात्र हैं प्रशिक्षु सुबह शाम बॉक्सिंग कोच प्रवीन कुमार व अरुण कुमार की देख- रेख में अभ्यास करता है। पिता अंकित कुमार बक्सर गंगानगर में मेडिकल की दुकान चलाते हैं माता मोनिका गृहणी हैं। प्रशिक्षु के अकैडमी पहुंचने पर क्षेत्र के गणमान्य लोगो ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। खिलाड़ी की इस उपलब्धि पर दौराला भाजपा मण्डल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला, राजीव चौधरी, विशेष तोमर सचिव जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन, बॉक्सिंग कोच प्रवीन कुमार, अरुण कुमार, सत्येंद्र फौजी, सचिन सिवाच, कुलदीप सिवाच, सोनू मलिक, भूपेंद्र कुमार अर्जुन चौधरी, अमित अहलावत, धीरज अहलावत, विवेक विहान, चंद्रहास सिवाच आदि मौजूद रहे।

## अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बने जहीर अब्बासी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह व अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष दिलनवाज खान के निर्देश पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ हस्तिनापुर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष मारूफ अली ने शनिवार को जहीर अब्बासी को मेरठ अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है।

जहीर अब्बासी राष्ट्रीय लोक दल पार्टी के एक कर्मठ सिपाही हैं जो की पार्टी के लिए हमेशा सक्रिय नजर आते हैं। वहीं जहीर अब्बासी ने पार्टी का धन्यवाद कर कहा कि वह राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के हाथों को मजबूत करने का काम करेंगे। और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। इस अवसर पर पार्टी के कार्यकर्ताओं और अब्बासी बिरादरी के लोगों का उनके निवास पर ताता लग गया। इस मौके पर अतिर रिजवी, संगठन मंत्री अक्षय प्रधान, अरशद अल्वी, आबिद, इशाक, पिंटू देसवाल, परवेज अब्बासी, ताज राजपूत, वकील अब्बासी, जिया उर्रहमान, आजम अब्बासी, अरशद प्रधान, आस मोहम्मद, समीम अहमद आदि लोगों ने बधाई दी।

## दहेज के लालची वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामराज।** थाना रामराज पुलिस ने एक ऐसे दहेज लोभी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है जिसके खिलाफ कोर्ट ने गैर जमानती वारंट निकाला था, जिसने अपनी घटिया मानसिकता के चलते दहेज की मांग पूरी न करने पर उस विवाहिता को घर से मारपीट कर निकाल दिया था। रामराज थाना प्रभारी सुनील कसाना ने बताया कि न्यायालय से गैर जमानती वारंट मिलने पर रामराज थाना क्षेत्र के ग्राम देवल निवासी रमन ग्रेवाल पुत्र सुखदेव सिंह नाम के वारंटी को गिरफ्तार किया है। वहीं बताया जा रहा है कि आरोपी ने दहेज के कारण विवाहिता से मारपीट की थी साथ ही उसे घर से बाहर निकाल दिया था जिसके बाद थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी।

## सीवीपीएस में मना आजादी का पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट स्थित सिटी वोकेशनल पब्लिक स्कूल में 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। समारोह की मुख्य अतिथि विद्यालय की अध्यक्षा डॉ. सरोजिनी अग्रवाल एवं विद्यालय निदेशिका डॉ. हिमानी अग्रवाल का स्वागत प्रधानाचार्य एन. पी. सिंह एवं सीनियर कोऑर्डिनेटर मीनू कपूर ने हरित पौधा भेंट कर किया। डॉ. सरोजिनी अग्रवाल ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। छात्रों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं तिरंगा रैली ने सभी का दिल जीत लिया। विद्यार्थियों को द लेजेंड



# पाक में बाढ़ का कहर, मृतकों का आंकड़ा 300 के पार

## खैबर पख्तूनख्वा में हुई बारिश ने तबाही मचाई



■ सड़कों, पुलों, इमारतों और बिजली प्रतिष्ठानों सहित बुनियादी ढांचे को बुरी तरह नुकसान पहुंचाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में हुई बारिश ने तबाही मचा दी है। कई दिनों से हो रही मूसलधार बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं ने अब तक 300 से अधिक लोगों की जान ले ली है। प्रांतीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि अचानक आई बाढ़ में 307 लोग मारे गए, जिनमें से बुनेर में कम से कम 184 लोगों की मौत हुई।

शांगला में 36 लोगों की मौत हुई, जबकि मनसेहरा में 23, स्वात में 22, बाजौर में 21, बट्टाग्राम में 15, लोअर दीर में पांच, जबकि एबटाबाद में एक बच्चा डूब गया। शुक्रवार को आई विनाशकारी बाढ़ ने सड़कों, पुलों, इमारतों और बिजली प्रतिष्ठानों सहित बुनियादी ढांचे को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है। डान की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने कहा कि बाढ़ के दौरान लापता हुए लोगों की संख्या का पता पानी कम होने के बाद ही चल पाएगा। पीडीएमए ने नुकसान का आकलन जारी रखते हुए बताया कि सात घर नष्ट हो गए और 38 क्षतिग्रस्त हो गए, जिनमें से ज्यादातर स्वात जिले में हैं। पीडीएमए ने आगे बताया कि तीन स्कूल नष्ट हो गए और तीन अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। डान की रिपोर्ट के अनुसार, प्राधिकरण ने चेतावनी दी है कि प्रांत के विभिन्न हिस्सों में 21 अगस्त तक बारिश जारी रहेगी। खैबर पख्तूनख्वा सरकार ने शनिवार को एक दिन के शोक की घोषणा की है। इसमें बचाव अभियान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हुए एमआई-17 हेलीकाप्टर के चालक दल के पांच सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई, जो शहीद हो गए। अचानक आई बाढ़ के बाद बुनेर जिले में बचाव दल की 1122 टीमों ने 300 स्कूली बच्चों समेत 2,071 फंसे हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। उपायुक्त काशिफ कय्यूम ने बताया कि आपदा प्रभावित इलाकों में राहत कार्य जारी रहने के कारण पूरे जिले में आपातकाल घोषित कर दिया गया है। मनसेहरा में दपुलिस ने कघन घाटी के ऊपरी इलाकों में फंसे सात पर्यटकों को बचाया। वे सिमिक्सर झील घूमने आए थे, लेकिन बारिश और भूस्खलन के कारण फंस गए। पूरे दिन जिले में बारिश होती रही, जिससे सिंधु, सिरेन और कुनहर नदियां और उनकी सहायक नदियां खतरनाक रूप से उफान पर आ गईं। जिला प्रशासन ने सिरेन घाटी में पर्यटकों के आने पर प्रतिबंध लगा दिया है। सिंधु नदी में जल स्तर बढ़ने के कारण स्थानीय अधिकारियों द्वारा उचार नाला क्षेत्र में काराकोरम राजमार्ग पर आवाजाही प्रतिबंधित करने के बाद खैबर पख्तूनख्वा और गिलगित-बाल्टिस्तान के बीच यात्रा करने वाले यात्री और पर्यटक ऊपरी कोहिस्तान में फंस गए। एबटाबाद शहर बुरी तरह प्रभावित हुआ, लगभग सभी मुख्य सड़कें जलमग्न हो गईं, जिससे बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए। पीएमए काकुल रोड, मीरपुर मंडियन रोड, सप्लाई रोड, काराकोरम हाईवे, सेठी मस्जिद रोड, इकबाल रोड, बांदा दलाजक, बांदा खैर अली खान रोड, त्रकाना और सिएना लैबोरेटरी के पास लिंक रोड सहित प्रमुख सड़कें जलमग्न हो गईं। निचले दीर के कंबट और शाही इलाकों के दूसरी तरफ पानी का बहाव तेज होने के कारण शाही इलाके में 25 से ज्यादा पर्यटक और उनके वाहन फंस गए। फ्रंटियर कोर 181 विंग, रेस्क्यू 1122 और जिला प्रशासन के जवानों ने उन्हें बाहर निकाला। बाढ़ का पानी 132 किलोवाट ग्रिड स्टेशन में घुस गया, जिससे 41 फीडर ट्रिप हो गए और पूरे क्षेत्र में बिजली का प्रसारण पूरी तरह ठप हो गया। मालम जब्बा को बिजली आपूर्ति करने वाला फीडर भी जलमग्न हो गया, जिससे भारी नुकसान हुआ। अचानक आई बाढ़ में कई बिजली के खंभे और ट्रांसफार्मर भी बह गए।



अलास्का। एंकोरेज में संयुक्त बेस एल्मेंडोर्फ-रिचर्डसन में अपनी बैठक से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन।

## लेबनान के प्रधानमंत्री ने की हिज्जबुल्लाह की गृहयुद्ध की धमकी की निंदा

**बेरूत।** लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने हिज्जबुल्लाह नेता नईम क़ासिम के समूह को निरस्त्र करने के सरकार के फैसले को लेकर गृहयुद्ध की धमकी दिए जाने की निंदा की है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर अपने वीडियो पोस्ट में कहा कि कासिम के भाषण में गृहयुद्ध की छिपी हुई धमकी थी और ये धमकियां पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं। उन्होंने उन दावों को भी निराधार बताया कि लेबनानी सरकार 'एक अमेरिकी-इज़रायली परियोजना' चला रही है। उन्होंने कहा कि हमारे फ़ैसले पूरी तरह से लेबनानी हैं, जो हमारी मंत्रिपरिषद के भीतर लिए गए हैं और कोई भी इन्हें हम पर थोपता नहीं है। इससे पहले कासिम ने शुक्रवार को इजरायली हमले के जवाब में कहा था कि हिज्हजबुल्ला अपने हथियार नहीं छोड़ेगा और जरुरत पड़ने पर युद्ध के लिए तैयार है।

## संक्षिप्त समाचार

### नाइजर में भारी बारिश से 23 लोगों की मौत, 21 घायल

**नियामी।** नाइजर में मूसलाधार बारिश से इस वर्ष अब तक 23 लोगों की मौत हो गई है और अन्य 21 लोग घायल हो गए। राष्ट्रीय अग्निशमन समूह के कमांडर ने यह जानकारी दी। लेफ्टिनेंट कर्नल अली अब्दुल अजीज ने कहा कि बारिश के कारण 3615 घर ढह गए और 5855 परिवार विस्थापित हो गए जिससे कुल 42559 लोग प्रभावित हुए। उन्होंने लोगों से अपील की है कि बारिश के दौरान या उसके बाद वे जलमार्गों को पार करने, जल निकासी मार्गों को अवरुद्ध करने, संभावित खतरनाक क्षेत्रों में रहने तथा अस्थाई आश्रयों में रहने से बचें।

### विदेश सचिव विक्रम मिस्री कल दो दिन की यात्रा पर नेपाल जाएंगे

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विक्रम मिस्री रविवार को नेपाल की दो दिन की आधिकारिक यात्रा पर रवाना होंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि मिस्री की दो दिन की यह यात्रा नेपाल के विदेश सचिव अमृत बहादुर राय के निमंत्रण पर हो रही है। मंत्रालय ने कहा है कि भारत तथा नेपाल के बीच मज़बूत और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं और दोनों देशों के बीच हाल के वर्षों में सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में ठोस प्रगति हुई है।

### कनाडा में जंगल की आग बुझाते समय हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

**ओटावा।** कनाडा के दक्षिण-पूर्वी प्रांत नोवा स्कोटिया में जंगल की आग से बुझाते समय एक हेलीकॉप्टर शुक्रवार दोपहर एक झील में दुर्घटनाग्रस्त हो गया लेकिन पायलट को सुरक्षित बचा लिया गया। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी। प्रांतीय प्राकृतिक संसाधन विभाग का हवाला देते हुए सीबीसी न्यूज ने कहा कि एनापोलिस काउंटी में आग बुझाने के दौरान हेलीकॉप्टर झील में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### पश्चिमी रूस में आग लगने से 11 लोगों की मौत, 130 घायल

**मास्को।** पश्चिमी रूस के रियाजान क्षेत्र में एक औद्योगिक कारखाने में आग लगने से 11 लोगों की मौत हो गई और 130 अन्य घायल हो गए। रूस के आपातकालीन स्थिति मंत्रालय ने शनिवार को अपने टेलीग्राम चैनल पर बताया कि मलबा हटाने के दौरान दो और लोगों के शव मिले। इस मामले में ताजा सूचना मिलने तक 11 लोगों की मौत हो गई और 130 लोग घायल हो गए। मंत्रालय के अनुसार इससे पहले एक व्यक्ति को मलबे से बचाया गया था जिसका पता एयर-मोबाइल समूह ग्रुप ने लगाया था।

# रूस से तेल लेने वाले देशों पर प्रतिबंध नहीं: ट्रम्प

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा: भारत पर 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ से रूस ने एक बड़ा ग्राहक खोया



■ भारत साफ कर चुका है कि ट्रम्प की धमकियों के बाद रूसी तेल खरीदारी में कोई रोक नहीं लगी है

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वो फिलहाल रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर प्रतिबंध लगाने पर विचार नहीं कर रहें है। ट्रम्प ने कहा कि मुझे इसके (टैरिफ के) बारे में दो या तीन हफ्ते में सोचना पड़ सकता है, लेकिन हमें इसके बारे में तुरंत सोचने की जरूरत नहीं है। फॉक्स न्यूज के साथ इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा कि भारत के रूसी तेल व्यापार पर 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगने से रूस ने एक बड़ा तेल ग्राहक खो दिया है। चीन पर इसी तरह के टैरिफ रूस के लिए विनाशकारी होंगे। अगर मुझे ऐसा करना पड़ा, तो मैं करूंगा, लेकिन शायद मुझे ऐसा करने की जरूरत नहीं होगी।

दरअसल, ट्रम्प ने भारत पर रूस से तेल और हथियार खरीदने के लिए 6 अगस्त को 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया था। 27 अगस्त से लागू होगा। इसके बाद भारत पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो जाएगा। हालांकि, भारत साफ कर चुका है कि ट्रम्प की धमकियों के बाद रूसी तेल खरीदारी में कोई रोक नहीं लगी है। वही, ट्रम्प-पुतिन ने अलास्का में शुक्रवार (15 अगस्त) देर रात यूक्रेन जंग पर बातचीत की। भारत ने इस कदम का स्वागत किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा: दुनिया रूस-यूक्रेन जंग खत्म होते देखना चाहती है। ट्रम्प-पुतिन की बातचीत से पहले अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने भारत पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ब्लूमबर्ग से बात करते हुए उन्होंने कहा था-ये टैरिफ शुक्रवार को अलास्का में होने वाली अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति पुतिन की मुलाकात के नतीजे पर निर्भर करेगा।

इससे पहले ट्रम्प ने भी 13 अगस्त को चेतावनी दी थी कि अगर मॉस्को शांति समझौते पर सहमत नहीं हुआ तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। एक अलग इंटरव्यू में फॉक्स न्यूज से बात करते हुए स्कॉट बेसेंट ने कहा कि व्यापार को लेकर बातचीत में भारत का कुछ ज्यादा अड़ियल रुख रहा है। इस महीने की शुरुआत में बातचीत तब रुक गई थी, जब ट्रम्प ने भारत के रूस से व्यापार और अन्य मतभेदों पर चर्चा आगे बढ़ाने से मना कर दिया था। भारत, चीन के बाद रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। यूक्रेन युद्ध से पहले भारत रूस से सिर्फ 0.2 प्रतिशत (68 हजार बैरल प्रतिदिन) तेल इम्पोर्ट करता था। मई 2023 तक यह बढ़कर 45 प्रतिशत (20 लाख बैरल प्रतिदिन) हो गया, जबकि 2025 में जनवरी से जुलाई तक भारत हर दिन रूस से 17.8 लाख बैरल तेल खरीद रहा है। पिछले दो साल से भारत हर साल 130 अरब डॉलर (11.33 लाख करोड़ रुपये) से ज्यादा का रूसी तेल खरीद रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत पर 6 अगस्त को 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। उन्होंने इससे जुड़े एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किए। यह आदेश 27 अगस्त से लागू होगा। एग्जीक्यूटिव ऑर्डर में कहा गया है कि रूसी तेल खरीद की वजह से भारत पर यह एक्शन लिया गया है। इससे पहले उन्होंने 30 जुलाई को भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ का ऐलान किया था। अब भारत पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस कार्रवाई को गलत बताया है। एकरिपोर्ट के मुताबिक, अब इसके जवाब में भारत भी चुनिंदा अमेरिकी प्रोडक्ट्स पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने पर विचार कर रहा है।

## यूरोपीय संघ के नेताओं ने जेलेंस्की के साथ संयुक्त वक्तव्य तैयार किया: डोनाल्ड टस्क

**ब्रुसेल्स।** पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने शनिवार को कहा कि यूरोपीय संघ(ईयू) के नेताओं ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत पर विस्तृत जानकारी दिए जाने के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ संयुक्त वक्तव्य तैयार किया है। टस्क ने एक्स पर लिखा कि राष्ट्रपति ट्रम्प की ओर से दी गई जानकारी और अलास्का बैठक के परिणामों का मूल्यांकन करने वाले यूरोपीय नेताओं के बीच बातचीत समाप्त हो गई है। फांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मन चांसलर फेडरिक मर्ज़, ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के साथ हमने ज़ेलेंस्की की राय सुनी और एक संयुक्त वक्तव्य तैयार किया। पुतिन और ट्रम्प शुक्रवार को अलास्का के एंकोरेज में मिले। दोनों नेताओं के बीच बातचीत तीन-पर-तीन प्रारूप में हुई और दो घंटे 45 मिनट तक चली।

# गुटेरेस पुतिन-ट्रम्प बैठक के सकारात्मक नतीजों के प्रति आशान्वित

■ हम सदस्य देशों के बीच निरंतर रचनात्मक संवाद का स्वागत करते हैं: स्टीफन

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अमेरिका के अलास्का में हुए रूस-अमेरिका शिखर सम्मेलन का स्वागत किया है। यह जानकारी गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने दी। दुजारिक ने कहा कि हमने अलास्का में शुक्रवार को अमेरिका और रूसी संघ के राष्ट्रपतियों के बीच हुई शिखर वार्ता पर ध्यान दिया है। हम सदस्य देशों के बीच निरंतर रचनात्मक संवाद का स्वागत करते हैं।

उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र इस बात पर ज़ोर दे रहा है कि कोई भी शांति प्रयास या समझौता संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र के सिद्धांतों के अनुरूप होना चाहिए जिसमें यूक्रेन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान भी शामिल है। उन्होंने कहा कि गुटेरस ने यूक्रेन में शांति की दिशा में पहला कदम उठाते हुए तत्काल पूर्ण रूप से बिना शर्त युद्धविराम का अपना आह्वान दोहराया है। प्रवक्ता के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र इस दिशा में सभी सार्थक प्रयासों का समर्थन करता है। गौरतलब है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच शिखर बैठक अलास्का के एंकोरेज स्थित एल्मेंडॉर्फ-रिचर्डसन सैन्य अड्डे पर हुई। यह वार्ता लगभग तीन घंटे तक चली। बैठक में रूसी पक्ष की ओर से रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और रूसी राष्ट्रपति के सहायक यूरी उशाकोव तथा अमेरिका की ओर से विदेश मंत्री मार्को रुबियो और अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने भाग लिया। इस बीच दुजारिक ने कहा हम एक न्यायसंगत, स्थायी और व्यापक शांति स्थापित करने की दिशा में पहला कदम उठाते हुए तत्काल, पूर्ण और बिना शर्त युद्धविराम चाहते हैं जो यूक्रेन की संप्रभुता, उसकी क्षेत्रीय अखंडता और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सीमा के अंदर यूक्रेन की स्वतंत्रता को बरकरार रखे तथा संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र, अंतर्राष्ट्रीय कानून और सभी प्रासंगिक संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों के अनुरूप हो।

## ब्राजील के स्वास्थ्य मंत्री ने पारिवारिक वीजा रद्द करने पर अमेरिका की आलोचना की

■ इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी प्रशासन ने ब्राजील के सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया था

**साओ पाउलो।** ब्राजील के स्वास्थ्य मंत्री एलेक्जेंडर पैडिल्हा ने शुक्रवार को अमेरिकी सरकार द्वारा उनकी पत्नी और 10 वर्षीय बेटी के पर्यटक वीजा रद्द करने के निर्णय को 'कायरतापूर्ण' करार दिया और कहा कि यह उन लोगों को डराने की कोशिश है जो वाशिंगटन के सामने झुकने से इनकार करते हैं।

पैडिल्हा के अनुसार, यह कदम ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो पर ब्राजील द्वारा लगातार चलाए जा रहे मुकदमे के कारण लगाए गए अमेरिकी प्रतिबंधों का हिस्सा है जो तख्तापलट की कोशिश करने के आरोप में नजरबंद हैं। ग्लोबोन्यूज के साथ एक साक्षात्कार में पैडिल्हा ने कहा कि बोल्सोनारो का गुट इस कदम के पीछे है तथा उन्होंने इस सोच का मजाक उड़ाया कि 10 साल का बच्चा अमेरिका के लिए खतरा बन सकता है। इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी प्रशासन ने ब्राजील के सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया था और ब्राजील के सुप्रीम फेडरल कोर्ट पर बोल्सोनारो मामले को छोड़ने के लिए दबाव डाला था।

## अल्जीरिया में बस दुर्घटना में 18 की मौत

**अल्जीयर्स।** अल्जीरिया की राजधानी अल्जीयर्स के पूर्व में ईएल हर्राच क्षेत्र में शुक्रवार को एक यात्री बस पुल से नदी में गिरने से कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और अन्य नौ घायल हो गए हैं। अल्जीरिया की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने इस दुर्घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना शाम लगभग 5:45 बजे हुई। उन्होंने बताया कि घायलों में से दो की हालत गंभीर है। पीड़ितों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया है जबकि मृतकों के शवों को शवगृह में रखा गया है। एजेंसी ने दुर्घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर 25 एम्बुलेंस, 16 गोताखोर और चार नावों को भेजकर बचाव कार्य शुरू किया।

# सीएटल के स्पेस नीडल पर पहली बार तिरंगा फहराया

## वर्ष 1962 में वर्ल्ड फेयर के लिए निर्मित स्पेस नीडल अमेरिका के प्रशांत उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के तकनीकी केंद्र सीएटल का प्रतीक है

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमेरिका के सीएटल शहर में उस समय एक ऐतिहासिक पल देखने को मिला जब पहली बार प्रतिष्ठित स्पेस नीडल पर भारतीय तिरंगा फहराया गया। वर्ष 1962 में वर्ल्ड फेयर के लिए निर्मित स्पेस नीडल अमेरिका के प्रशांत उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के तकनीकी केंद्र सीएटल का प्रतीक है।

इस ऐतिहासिक क्षण में सीएटल के मेयर ब्रूस हेरेल, भारत के महावाणिज्य दूत और शहर के अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया उन्होंने अमेरिका के प्रशांत उत्तर-पश्चिम में एक तकनीकी केंद्र के रूप में सीएटल को स्थापित करने में भारतीय अमेरिकी प्रवासियों के योगदान की सराहना की। भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा अलग से एक सामुदायिक स्वागत समारोह का आयोजन सुंदर केरी पार्क में किया गया, जहां से सीएटल के क्षितिज का व्यापक दृश्य दिखाई दे रहा था तथा पृष्ठभूमि में स्पेस नीडल के शीर्ष पर भारत का तिरंगा ध्वज लहरा रहा था, जहां बड़ी संख्या में भारतीय अमेरिकी समुदाय के सदस्य इस ऐतिहासिक दृश्य देखने के लिए उपस्थित थे। केरी पार्क स्वागत समारोह में कई अमेरिकी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए जिनमें अमेरिकी कांग्रेस सदस्य एडम स्मिथ, वाशिंगटन सुप्रीम कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश माननीय डेबरा एल- स्टीफंस, सिएटल पोर्ट कमिश्नर सैम चो और सीएटल पार्क एवं मनोरंजन के अधीक्षक/निदेशक एपी डियाज़ शामिल हैं। स्मिथ ने ऐतिहासिक समारोह का स्वागत किया और कहा कि स्पेस नीडल के ऊपर फहराया गया भारतीय तिरंगा इस क्षेत्र की विविधता और भारत तथा प्रशांत उत्तर-पश्चिम के बीच मजबूत संबंधों का प्रतीक है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत, भारतीय कला रूपों को प्रदर्शित करने वाली सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुति और प्रसिद्ध कलाकार और अभिनेता पीयूष मिश्रा द्वारा काव्य पाठ शामिल रहा। सीएटल, स्पोकेन, टैकोमा और बेलेव्यू सहित किंग काउंटी ने 15 अगस्त को भारत दिवस घोषित किया। ल्यूमेन स्टेडियम, टी-मोबाइल स्टेडियम, वेस्टिन, सीएटल ग्रेट व्हील और स्पेस नीडल सहित कई प्रतिष्ठित इमारतें तिरंगे के रंगों में रोशन हुईं। टैकोमा डोम, टैकोमा सिटी हॉल और टैकोमा पुलिस व अग्निशमन विभाग के मुख्यालयों पर भी तिरंगा फहराया गया। उल्लेखनीय है कि नवंबर 2023 में सीएटल में भारत के छठे वाणिज्य दूतावास के खुलने के बाद से भारत और इस क्षेत्र के बीच संबंध और गहरे हुए हैं।

# द.कोरिया के विदेश मंत्री के साथ सार्थक बातचीत: जयशंकर

## दोनों देशों में हिन्द-प्रशांत और समकालीन वैश्विक विकास पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ



■ हमने विशेष रणनीतिक साझेदारी के 10 वर्ष पूरे होने पर बढ़ते सामंजस्य और जुड़ाव की सराहना की

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चो ह्यून के साथ अपनी वार्ता को सार्थक बताते हुए कहा है कि इससे द्विपक्षीय सहयोग मजबूत बनेंगे। दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री भारत यात्रा पर हैं और उन्होंने शनिवार को यहां डॉ. जयशंकर के साथ वार्ता की।

दोनों नेताओं के बीच बैठक के बाद डा. जयशंकर ने कहा कि कोरियाई विदेश मंत्री के साथ उनकी बातचीत सार्थक रही। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि आज सुबह दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चो ह्यून से मिलकर प्रसन्नता हुई। व्यापार, विनिर्माण, समुद्री क्षेत्र और लोगों के बीच आदान-प्रदान के साथ-साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वच्छ ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र में नए अवसरों पर हमारे द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर उपयोगी चर्चा हुई। हिन्द-प्रशांत और समकालीन वैश्विक विकास पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ। हमने विशेष रणनीतिक साझेदारी के 10 वर्ष पूरे होने पर बढ़ते सामंजस्य और जुड़ाव की सराहना की। वार्ता शुरू होने से पहले डा. जयशंकर ने अपने प्रारंभिक वक्तव्य में कहा कि दक्षिण कोरिया के साथ रणनीतिक साझेदारी की 10वीं वर्षगांठ पर भारत दोनों देशों के बीच संबंधों को प्रगाढ़ बनाने तथा इन्हें नई ऊंचाई पर ले जाने का इच्छुक है। विदेश मंत्री चो का स्वागत और उन्हें कोरिया का विदेश मंत्री चुने जाने पर बधाई देते हुए डा. जयशंकर ने कहा कि अपने पुराने मित्र का नए सहयोगी के रूप में स्वागत करते हुए उन्हें प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने कहा कि कोरिया के राष्ट्रीय दिवस और भारत के स्वतंत्रता दिवस के ठीक एक दिन बाद उनका भारत यात्रा पर आना दोनों देशों के बीच रिश्तों के महत्व को दर्शाता है। डा. जयशंकर ने कोरिया के राष्ट्रीय मुक्ति दिवस की शुभकामनाएं देते हुए का कहा कि यह यात्रा कई मायनों में बहुत ही महत्वपूर्ण समय पर हो रही है-यह हमारी विशेष रणनीतिक साझेदारी की 10वीं वर्षगांठ है, और मुझे कनाडा के कनानसकिस में आपके राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री के साथ रहने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वैसे यह एक बहुत ही अच्छी मुलाकात थी और मैं आपको बताना चाहूंगा कि उनके बीच बहुत गहरा रिश्ता था।

# दक्षिण कोरिया में सैनिकों की संख्या में छह वर्षों में आई 20 प्रतिशत की कमी

## जिसका एक बड़ा कारण युवा पुरुषों की घटती संख्या है और यदि यह जारी रहा, तो परिचालन संबंधी कठिनाई उत्पन्न हो सकती है

**सोल।** दक्षिण कोरिया में पिछले छह वर्षों में सेना में सैनिकों की संख्या में 20 प्रतिशत की कमी आने से कुल संख्या 450000 रह गई है, जिसका मुख्य कारण विश्व में सबसे कम जन्म दर वाले देश में अनिवार्य सेवा के लिए भर्ती होने की आयु वाले पुरुषों की जनसंख्या में भारी गिरावट और पुरुषों का सेना के प्रति रूझान में कमी आना है।

दक्षिण कोरिया की जन्म दर पिछले एक दशक में काफी गिरी है जिससे क्षेत्रीय खतरों और वैश्विक संघर्षों के बीच सेना के लिए परेशानी पैदा हो गई हैं। सीएनएन की एक नई रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण कोरिया में पिछले छह वर्षों में सैनिकों की संख्या में 20 प्रतिशत की गिरावट आई है जिसका एक बड़ा कारण युवा पुरुषों की घटती संख्या है और यदि यह जारी रहा तो परिचालन संबंधी कठिनाई उत्पन्न हो सकती है। इस बीच रक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट में इस गिरावट के लिए 'जटिल कारकों' को ज़िम्मेदार ठहराया गया है जिनमें जनसंख्या में गिरावट और सेना में 'सैनिकों जैसा कठोर व्यवहार' होने के कारण पुरूषों में सैन्य अधिकारी बनने की इच्छा में आई कमी भी शामिल है। हालांकि रिपोर्ट में इसके बारे में विस्तार से नहीं बताया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2019 के 563000 की तुलना में इस वर्ष जुलाई तक सैनिकों की कुल संख्या 450000 रह गई है। पिछले सप्ताह सांसद चू मी-ए द्वारा साझा की गई रिपोर्ट में चेतावनी दी है कि अगर स्थाई सेना (सदस्यों) की संख्या में गिरावट जारी रही तो उच्च-स्तरीय जनशक्ति हासिल करना और परिचालन संबंधी कठिनाई उत्पन्न हो सकती है यह खबर पश्चिमी देशों के प्रमुख सहयोगी दक्षिण कोरिया के लिए उस बुरे समय में आई है जबकि उसके यहां बड़ी संख्या में अमेरिकी सैनिक तैनात हैं और उसकी अमेरिका के साथ पारस्परिक रक्षा संधि भी है।



Silver Oak Public School
Shamli Road, Pinna Muzaffarnagar
Admission Open 2025-26
Aff. CBSE Pattran
स्वतंत्रता दिवस व श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं




सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस व श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
एम.डी.एस. विद्या मंदिर इंटर कॉलेज
खानुपुर मिल मंसूरपुर
संदीप कुमार
प्रबंधक
ADDMISSION OPEN 2025-26
अनिल शास्त्री
संचालक




सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस व
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
गीतेश चन्द्रा
जिला प्रदूषण अधिकारी
मुजफ्फरनगर




उत्तम शुगर मिल्स लि० खाईखेड़ी (पुरकाजी) मुजफ्फरनगर।
चीनी मिल परिवार की ओर से क्षेत्र के समस्त कृषक भाईयो व जनपद वासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें।
1. गन्ने की फसल को गिरने से बचाने के लिए समय-समय पर बंधाई करते रहे।
2. खेतो में अत्यधिक मात्रा में पानी भरने से बचाकर रखे।
3. चोटी बेधक कीट से बचाव के लिए फैरामोन/लाइट ट्रैप का प्रयोग करें।
4. पोक्का बोइंग नामक बिमारी के नियंत्रण हेतु कोनिका नामक फफूँदीनाशक का छिड़काव करें।
5. अगर फसल कमजोर हो तो एन.पी.के. (19:19:19) का छिड़काव करें।
विकास ठाकुर
यूनिट हैड





OFFICE SPACE FOR RENT AVAILABLE
500-5000 SQ.FT.
BENEFITS :
• Tiles • Glass Door
• 100% Power Backup
• MDA Approved Property
• Rent Rs. 50 Per Sq.Ft. Only
MDA APPROVED
ASJ GRAND PLAZA MALL
OUR CORPORATE TENANTS
Union Bank of India (REGIONAL OFFICE)
BajajCapital
RUCHI STOCK MARKET TRAINING INSTITUTE
SATYA MicroCapital Ltd
NXT DIGITAL
ROYAL INSURANCE BROKING
FOR SPACE QUERY CONTACT : Mr. Nazim : 9568656955
Mr. Sonu : 9219519600




P.R. PUBLIC SCHOOL
(10+2 Affiliated To C.B.S.E., New Delhi)
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
15th AUGUST
ASHOK KUMAR SINGHAL (MANAGER)
ANAGH SINGHAL (PRINCIPAL)




School No:- 81245
Affiliation No:- 2131042
HIMALAYAN
PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO C.B.S.E. NEW DELHI
(An English Medium Co-educational Senior Secondary School)
Roorkee Road, Muzaffarnagar-251002 (U.P.)
Phone No. 08171942344

GD GOENKA SCHOOL
Muzaffarnagar
Thrive. For Life.
HAPPY
79TH
Independence
DAY
15H AUGUST
www.gdgoenkamuzaffarnagar.com




INDIAN POTASH LIMITED
आई.पी.एल. परिवार
की तरफ से समस्त जनपदवासियों,
किसान भाइयों एवम् सभी सहकर्मियों को
स्वतंत्रता दिवस
व
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
लोकेश कुमार
इकाई प्रमुख, इंडियान पोटाश लिमिटेड,
इकाई रोहाना कलां,
मुजफ्फरनगर (यूपी)
नोट - क्षेत्र के विकास में किसानों का योगदान एवं गन्ना भुगतान में अग्रणी
किसान भाई मिल में साफ-सुथरा गन्ना आपूर्ति करें।




INDIAN POTASH LIMITED
इंडियन पोटाश लिमिटेड, इकाई तितावी
शुगर कॉम्प्लेक्स, तितावी, मुजफ्फरनगर
आई.पी.एल. परिवार की तरफ से समस्त जनपदवासियों,
किसान भाइयों एवम् सभी सहकर्मियों को
स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
मिल का प्रयास क्षेत्र का समग्र विकास:-
- स्वीकृत एवं अर्ली प्रजातियों की बुवाई कराकर गन्ना उत्पादन बढ़ाना।
- क्षेत्र के किसानों को अच्छी गुणवत्ता के उर्वरक उचित दर पर उपलब्ध कराना।
किसान भाईयों से अपील:-
- किसान भाई उन्नत किस्म का साफ सुथरा गन्ना सप्लाई करें और व्यवस्था बनाने मे सहयोग करें।
नोट - सल्फर रहित सफेद दानेदार रिफाइंड चीनी के निर्माता एवम विद्युत उत्पादक
कुलदीप सिंह
इकाई प्रमुख